ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन/257/2024-26 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 18.12.2023 वर्ष 10, अंक 343

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

जो व्यक्ति पवित्र और साहसी है, वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।

## क्विक न्यूज

### रणजी ट्रॉफी में खिलाने के नाम पर खिलाड़ियों से साढ़े 17 लाख की ठगी, गिरफ्तार

**गाजियाबाद :** नंदग्राम पुलिस ने रविवार को एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसने अंडर-19 रणजी ट्रॉफी में क्रिकेट खिलाने के नाम पर साढ़े 17 लाख रुपये की ठगी की है। उसने यह ठगी दो युवा खिलाड़ियों के परिवार से की है। उसने किराए पर क्रिकेट स्टेडियम ले रखा था। एसीपी नन्दग्राम रवि कुमार ने बताया कि एक शख्स ने पुलिस में तहरीर दी थी कि विकास डागर ने अंडर-19 में क्रिकेट खिलाने के नाम पर उससे से 12 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी की है। इस संबंध मे थाना नन्दग्राम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना स्तर पर दो टीमों का गठन किया था।रविवार को चेकिंग के दौरान पुलिस ने सूचना पर आरोपी विकास डागर को मोरटी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राम निस्तौली थाना टीलामोड का निवासी है, जिसके थाना नन्दग्राम दो और दिल्ली के एक थाने में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मैने एक क्रिकेट स्टेडियम किराये पर ले रखा था। यहां पर काफी लडके मैच खेलने के लिए आते थे, जिसमें से वादी को मैने ही अपने फ्लैट पर रखा था। मैने अंडर-19 रणजी मैच में उत्तराखंड की तरफ से खिलाने के लिए उससे 12 लाख 50 हजार ले लिए थे। उसने एक अन्य खिलाड़ी से भी पांच लाख रुपये लिए थे।

### अपनी लड़ाई जारी रखेंगे महबूबा मुफ्ती

**जम्मू कश्मीर:** आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट का फैसला खुदाई हुकुम तो नहीं है, हम उम्मीद नहीं खोएंगे और अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।महबूबा मुफ्ती ने कहा,हमें हिम्मत नहीं हारनी है। जम्मू कश्मीर के लोगों ने कई सालों से जद्दोजहद की और इसमें हमें बहुत नुकसान हुआ है। हमें उन कुर्बानियों को बेकार नहीं जाने देना है। लोग चाहते हैं कि हम हिम्मत हारें और शिकस्त को स्वीकार करके घर में बैठ जाएं लेकिन ऐसा नहीं होगा। हम आखिरी दम तक जद्दोजेहद करेंगे। हमारे खोए हुए वकार को हम सूद समेत हासिल करेंगे।

### इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होगा झामुमो

**रांची** : नई दिल्ली में 19 दिसंबर को आयोजित इंडिया गठबंधन की बैठक में झामुमो शामिल होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस बैठक में शामिल होने लेकर अभी स्पष्ट नहीं हो पायी है। अभी विधानसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री के हिस्सा लेने की संभावना कम ही है। बैठक में हेमंत सोरेन प्रतिनिधि के तौर पर किसी मंत्री या पार्टी पदाधिकारी को भेज सकते हैं लेकिन वह कौन होगा, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। सोमवार को यह स्पष्ट हो पाएगा। इस संबंध में झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झामुमो इस बैठक में शामिल होगा लेकिन कौन जाएंगे, यह 18 दिसंबर को ही तय हो पाएगा। पांच विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद इंडिया गठबंधन की यह चौथी बैठक होगी। तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है। इस बैठक में लोकसभा की चुनाव की तैयारी को लेकर कई अहम निर्णय होंगे, जिसमें संयुक्त रूप से चुनावी अभियान, सभा, कार्यक्रम और सीटों का बंटवारा अहम होगा। बैठक में स्टेट वार सभी को कुछ अहम जिम्मेवारी दी सकती है।

J.M.M.

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 17° |

भारत के सूरत में दुनिया के सबसे बड़े कार्यालय भवन का प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन

# सूरत की भव्यता में जुड़ा एक और डायमंड : पीएम मोदी

**दुनिया के सबसे बड़े कार्यालय भवन पेंटागन को भारत ने छोड़ा पीछे**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सूरत (गुजरात) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दुनिया के सबसे बड़े कार्यालय भवन- सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन किया। इसी के साथ अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन को पीछे छोड़कर भारत में अब दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय भवन शुरू हो गया। 80 वर्षों तक पेंटागन दुनिया की सबसे बड़ी कार्यालय इमारत थी। लेकिन यह उपाधि अब गुजरात के सूरत में निर्मित इमारत ने ले ली है। इस इमारत में हीरा व्यापार केंद्र होगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर कहा कि कहा कि सूरत शहर की भव्यता में आज एक और डायमंड जुड़ गया है और डायमंड भी छोटा-मोटा नहीं है बल्कि ये तो दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है. इसके आगे दुनिया की हर इमारत की चमक फीकी पड़ गई है. सूरत डायमंड बोर्स नए भारत की सामर्थ्य और संकल्प का प्रतीक है.

**देश में हो रही मोदी की गारंटी की चर्चा**

लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजकल मोदी की गांरटी की चर्चा हो रही है. पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आने के बाद, तो इसकी और भी ज्यादा चर्चा हो रही है. यहां के परिश्रमी लोगों ने मोदी की गारंटी को सच्चाई में बदलते देखा है और इस गारंटी का उदाहरण ये सूरत डायमंड बुर्स भी है. सूरत की डायमंड की अलग चमक है. इसकी पहचान पूरी दुनिया में है. उन्होंने कहा कि सूरत एयरपोर्ट अब इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन गया है.



**व्यापारियों को नहीं जाना होगा मुंबई**

कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में एक मनोरंजन क्षेत्र और पार्किंग क्षेत्र है जो 20 लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है। परियोजना के सीईओ महेश गढ़वी ने इस इमारत के निर्माण के दौरान कहा था कि नया भवन परिसर खुलने के बाद हजारों लोगों को व्यवसाय करने के लिए ट्रेन से मुंबई जाने की जरूरत नहीं होगी। जिन्हें कभी-कभी हर दिन मुंबई की यात्रा करनी पड़ती थी।

**सूरत को विश्व की रत्न राजधानी के रूप में जाना जाता है**

सूरत को विश्व की रत्न राजधानी के रूप में जाना जाता है, जहां दुनिया के 90 प्रतिशत हीरे तराशे जाते हैं। नवनिर्मित सूरत डायमंड बोर्स में 65,000 से अधिक हीरा पेशेवर एक साथ काम कर सकेंगे। 15 मंजिला यह इमारत 35 एकड़ भूमि में फैली हुई है और इसमें नौ आयताकार संरचनाएं बनी हैं। जो एक केंद्र से आपस में जुड़ी हैं। इस भव्य इमारत का निर्माण करने वाली कंपनी के अनुसार, इसमें 7.1 मिलियन वर्ग फुट से अधिक फर्श की जगह मौजूद है। इमारत का निर्माण चार साल में पूरा हुआ है।

**मॉर्फोजेनेसिस कंपनी ने बनाया था इमारत का डिजाइन**

एक अंतरराष्ट्रीय डिजाइन प्रतियोगिता के बाद भारतीय आर्किटेक्ट कंपनी मॉर्फोजेनेसिस ने इस इमारत का डिजाइन तैयार गया था। गढ़वी ने बताया कि यह परियोजना पेंटागन को पछाड़ने की प्रतिस्पर्धा का हिस्सा नहीं है, बल्कि परियोजना का आकार मांग के आधार पर तय किया गया था। उन्होंने कहा कि इमारत में बने सभी कार्यालय निर्माण से पहले हीरा कंपनियों ने खरीद लिए थे।

## नागपुर में धमाका 9 लोगों की मौत



**एजेंसी**

**नागपुर :** नागपुर के बाजारगाव स्थित सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड कंपनी में ब्लास्ट होने से 9 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है और राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया है.

पुलिस का कहना है कि विस्फोटक कंपनी में धमाका होने से 9 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हो गए है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस कर्मियों का कहना है कि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। बता दें कि सोलर इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड यह कंपनी देश के रक्षा विभाग के लिए एक्स्पोसिव्ह और अन्य रक्षा उपकरण सप्लाई करती है. महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर दुख जताया है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा,यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नागपुर में सौर कंपनी में हुए धमाके में छह महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हो गई। यह एक कंपनी है,जो रक्षा बलों के लिए ड्रोन और विस्फोटक बनाती है।

### हाइवा-ऑटो की टक्कर में 5 की मौत

**राउरकेला :** ओडिशा के राउरकेला में रविवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हाइवा और ऑटो की जोरदार टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रविवार दोपहर सुंदरगढ़ सदर थाना इलाके में हुआ।

सभी पिकनिक मना कर घर लौट रहे थे। मृतक दो परिवारों के थे। इनमें एक परिवार की मुनसन खातून (48) और उनकी पोती इनायत (4), दूसरे परिवार की इशरत खातून (42) व उसकी बेटी मुस्कान (19) और ऑटो चालक मोहम्मद सज्जाद शामिल है। वहीं, इशरत की दूसरी बेटी सोनी (14) समेत एक महिला गंभीर रूप से घायल है।

## कानून के बारे में जागरूकता जरूरी : डीवाई चंद्रचूड़



**कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सार्वजनिक और निजी दोनों स्थानों पर लोगों की सुरक्षा के लिए कानून के उद्देश्य के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए.**

**एजेंसी**

**बेंगलुरु :** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आखिर क्यों घरों के भीतर मौजूद लैंगिक असमानता को बाहर लाने के लिए कानून की आवश्यकता है. सीजेआई ने कहा कि प्राइवेसी अधिकारों के उल्लंघन के लिए आड़ नहीं हो सकती है. मुख्य न्यायाधीश भारत के 19वें मुख्य न्यायाधीश ईएस वेंकटरमैया की स्मृति में नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु में एक व्याख्यान में बोल रहे थे. जस्टिस वेंकटरमैया की बेटी, जस्टिस बीवी नागरत्ना, सुप्रीम कोर्ट की जज हैं और भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में हैं. कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सार्वजनिक और निजी दोनों स्थानों पर लोगों की सुरक्षा के लिए कानून के उद्देश्य के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए. साथ ही सीजेआई ने कहा कि उन्होंने लैंगिक भेदभाव को सार्वजनिक और निजी स्थानों पर देखा है. उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता में प्रावधान है कि जब दो या दो से अधिक व्यक्ति झगड़े में पड़कर सार्वजनिक शांति भंग करते हैं, तो उन्हें अपराध माना जाता है. हालांकि, यह केवल तभी दंडनीय है, जब यह सार्वजनिक स्थान हो, अन्यथा नहीं. मुख्य न्यायाधीश ने कहा,एक समग्र, संवैधानिक रूप से शासित समाज को इसके लिए तैयार रहना चाहिए.

## जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित होंगे महेंद्र सिंह धोनी

**इसके अलावा खिलाड़ियों के हुनर को तराशने वाले कोच और संस्थाओं को भी सम्मानित किया जायेगा।**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी तीन जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन होगा।फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने बताया कि इस वर्ष महेंद्र सिंह धोनी सहित झारखंड के कई दिग्गज खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। विभिन्न क्षेत्रों में अपने खेल के माध्यम से झारखंड का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अलावा खिलाड़ियों के हुनर को तराशने वाले कोच और संस्थाओं को भी सम्मानित किया जायेगा। जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार-2023 से महेंद्र सिंह धोनी, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, निक्की प्रधान, गोल्डी मिश्रा, दीप्ति कुमारी, विजय हांसदा, अंकित टोप्पो, सपना कुमारी, फ्लोरेंस बारला, आशा किरण बारला, श्रीकांत साहू, छोटी कुमारी, सुनील बहादुर, कृष्णा खलको, दिनेश कुमार, मोहम्मद वसीम, कोमलिका बारी, विकास बारा, शिवानी टोप्पो, अश्वनी कुमारी, अमिशा केरकेट्टा, नारायण महतो, चंचला कुमारी व अमिशा उरांव नवाजे जाएंगे। जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार-2023 रूपा रानी तिर्की, गुरु चरण बेसरा, निशांत तिर्की, शशांक महतो, आकाश उरांव, गीता कुमारी, विशाल बहादुर, विशाज कुमार, लवली चौबे, अनु सेठ, निशिमा कुमारी, आदित्य कुमार, अंकिता भगत, दिव्यम मंडल, नोवल टोप्पनो, जोसफ टोप्पनो, रानी मुन्नी, लवली कुमारी, दीप्ति कुल्लु, अलबेला रानी, ममता कुमारी, सिमरन कुमारी, सुशांत उरांव, विकास उरांव, ललिता बोपयी व अंजु टुडु को दिया जाएगा।

## उपराष्ट्रपति ने किया अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का उद्घाटन

**एजेंसी**

**चंडीगढ़ :** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उन्हें गीता का सच्चा अनुयायी बताया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गीता के संदेश को जमीनी स्तर पर सार्थक बनाया है, जब गांव के बच्चे को बिना पैसे के नौकरी का पत्र दिया है। उपराष्ट्रपति अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। जगदीप धनखड़ ने अपनी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, मुख्यमंत्री मनोहर लाल व अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ संगोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। धनखड़ ने कहा कि जब-जब मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुझे हरियाणा आने का निमंत्रण देते हैं, तो यहां आकर मुझे हर बार नया अनुभव व ऊर्जा मिलती है। इस बार तो कुरुक्षेत्र की धरा पर आने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि जब वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी कुरुक्षेत्र में गीता जयंती कार्यक्रम में आये थे, तो उन्होंने मुख्यमंत्री को गीता के संदेश को देश-विदेश में पहुंचाने का विज़न दिया था और मनोहर लाल वर्ष 2016 से लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गीता महोत्सव मना रहे हैं। इस बार के अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पार्टनर स्टेट असम है, जिससे उत्तरी-पूर्वी राज्यों में गीता का संदेश पहुंचेगा।धनखड़ ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार को गीता गर्वेनेंस कहना कोई



अतिशयोक्ति नहीं होगी। प्रधानमंत्री गीता में दिए गए संदेश को अपनाते हुए कभी पथ भ्रष्ट नहीं होते और सदैव कर्तव्य करते रहते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियों के माध्यम से गीता का संदेश देश दुनिया में जाएगा। उन्होंने कहा कि गीता केवल एक पुस्तक या ग्रंथ मात्र नहीं है, बल्कि जीवन का सार है। गीता सार्वभौमिक व सार्वकालिक और आज भी गीता की सार्थकता उतनी ही है, जितनी उस समय थी।

**जगदीप धनखड़ ने अपनी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, मुख्यमंत्री मनोहर लाल व अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ संगोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।**

### मालगाड़ी बेपटरी, एनटीपीसी को लाखों का नुकसान

**साहिबगंज (प्रभात मंत्र संवाददात):** राज्य के साहिबगंज जिले के बोरियो प्रखंड के तेलो बथान टोला में मालगाड़ी का वैक्यूम काटने के कारण ट्रेन बेपटरी हो गयी। गनीमत रही कि इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटनास्थल पर ट्रैक को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। अनुमान है कि ट्रैक को दुरुस्त करने में तीन दिन का समय लग सकता है। फरक्का से क्रेन और कई तरह की मशीनें मंगाई जा रही हैं।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## संक्षिप्त खबरें

### भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने किया अनुमंडल स्तरीय बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भाकपा माले कार्यकर्ताओं की अनुमंडल स्तरीय बैठक अनिकेत पैलेस में रविवार को रामचन्द्र उरांव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न जन समस्याओं पर गम्भीरता से विचार विमर्श किया। बैठक में सर्वसम्मति से जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया। बैठक में उपस्थित वरुण बिहारी यादव ने कहा कि आंदोलन को सशक्त बनाने के लिये मजबूत संगठन का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दिसम्बर माह में संगठन का विस्तार का कार्य किया जायेगा। इसके बाद जनवरी माह में सभी प्रखंड मुख्यालयों में जन समस्याओं को लेकर आंदोलन किया जायेगा। बैठक में वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर चर्चा किया गया तथा ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर पूरे अनुमंडल में हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**हुसैनाबाद :** हैदरनगर के सिंघना गांव निवासी रांची के हॉपवेल हॉस्पिटल के मुख्य सर्जन डाक्टर शाहबाज आलम ने रविवार को प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय, हुसैनाबाद परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, नगर पंचायत हुसैनाबाद के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार, डाक्टर नादिर रिजवी, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, आरजेडी नेता राज अली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सकड़ों मरीजों की निशुल्क जांच कर दवा दी दी गई। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कार्यक्रम में कहा कि हुसैनाबाद के लिए गर्व की बात है की यहां के डाक्टर रांची में सेवा दे रहे हैं।

## हरिहरगंज में श्याम सुंदर वैद्य के शव यात्रा में उमड़ी लोगों की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज मेन बाजार दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित श्याम सुंदर वैद्य के शव यात्रा में हजारों लोग शामिल होकर नम आंखों से उनको विदाई दिया। शव यात्रा रविवार की सुबह हरिहरगंज उनके आवास से निकला जो पूरे बाजार भ्रमण करते हुए बटाने नदी शमशान घाट पर गया। शव यात्रा में हरे रामा, हरे कृष्णा के उद्घोष से पूरा शहर गूंज उठा। शहर वासियों ने उनके पार्थिव शरीर पर फूलों की वर्षा भी किया एवं उनकी एक झलक पाने के लिए बेसब्री से इंतजार करते देखे गए। शव यात्रा में शामिल होने के लिए व्यवसायियों ने अपनी दुकानें भी बंद रखी। वैद्य पचास वर्षों से अधिक समय से दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना करते आ रहे थे, एवं दुर्गा पूजा नवरात्र के समय दुर्गा मंदिर प्रांगण में दुर्गा पाठ करते थे जिनकी वाणी सुनकर लोग मंत्र मुग्ध हो जाते थे। चंदन के लकड़ी से पंच तत्व में विलिन हुए, शव यात्रा में प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद थी। हुसैनाबाद के विधायक सह राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने वैध के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से हरिहरगंज को अपूर्णीय क्षति हुई है भगवान उनको अपने चरणों में शरण दे यही उनकी भगवान से प्रार्थना है। शव यात्रा में हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, भाजपा नेता राजीव रंजन, अजय सिंह, जानू चौधरी, बल्लु बलराम, ओमप्रकाश शौडिक, रौबट गुप्ता, बीनू जायसवाल, निवर्तमान मुखिया उमेश साव, भोला गुप्ता, संतोष प्रजापति, निरंजन प्रसाद, शनि गुप्ता, सुनिल स्वर्णकार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### बूथ सशक्तिकरण हेतु भाजयुमो की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी ग्राम पंचायत मुख्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो के प्रखंड अध्यक्ष अनुज चौधरी और संचालन महामंत्री संजय मेहता ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने श्री चंद्रवंशी, प्रभारी पंकज तिवारी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी व मीडिया प्रभारी उपेंद्र तिवारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर चर्चा हुई। इसके अलावा बूथ जीतो चुनाव जीतो की रणनीति भी बनी। डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि सभी मंच मोर्चा के नेता- कार्यकर्ता लोस चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। आगामी चुनाव में झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट जितना है। बैठक में प्रदीप चौधरी, मनोज बैठा, जोगिंदर पासवान, राहुल गुप्ता, विक्रांत कुमार, असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## हाईवा टेलर के मालिक की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र स्थित जोरकट बाबा होटल के पास हाईवा टेलर के मालिक ईश्वर सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। ईश्वर सिंह का का शव हाईवा टेलर में ही मिला है। मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले ईश्वर सिंह की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है, यह जांच का विषय है। सूचना पाकर सदर थाना के एएसआई अभिमन्यु कुमार मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गये। रात में खाना खाने के बाद गाड़ी में सोने चले गये थे। जानकारी के अनुसार, जोरकट बाबा होटल के पास देर रात करीब आठ बजे हाईवा टेलर लेकर ईश्वर सिंह अपने ड्राइवर के साथ पहुंचे थे। रात में होटल में भोजन करने के बाद गाड़ी में सोने चला गया। वहीं अहले सुबह ईश्वर सिंह का शव संदिग्ध परिस्थिति में गाड़ी में पड़ा मिला. सदर थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने बताया कि हाईवा मलिक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही कारणों का पता चल पायेगा।

## विधायक ने निकाह भवन का किया ऑनलाइन शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हैदरनगर के बंशी पुर बभंडी में निकाह भवन निर्माण कार्य व संतोषडीह में मुख्य पथ से मंदिर तक पीसीसी पथ का ऑनलाइन शिलान्यास किया। शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह की उपस्थिति में किया गया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के एक एक गांव का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सबका काम और सबका सम्मान की नीति रखती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी लोग उनके परिवार के समान हैं। जात पात और धर्म की राजनीति से विकास नहीं हो सकता। सभी को साथ लेकर चलने में वह विश्वाश रखते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक कोटा की योजनाएं गांव के लोगों की सहमति से लेने का काम होता है। जनता द्वारा पारित योजनाएं ही धरातल पर उतारी जाती है। उन्होंने कहा कि उनके पहले विधायक कोटा कहां खर्च होता था, जनता जानती है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि विधायक कोटा की राशि जनता द्वारा पारित योजनाओ पर खर्च होती है। यह गांव गांव के लोग जानते हैं। मौके पर गुड्डु सिंह, समाजसेवी सेराज अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कर्नल कप फुटबॉलः लपेया ने दमवा को 3-0 से हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 में रविवार का मैच हैदरनगर प्रखंड के लपेया बनाम पीपरा प्रखंड के दमवा के बीच खेला गया। पहले हाफ से ही दमवा की टीम संघर्ष करती हुई नज़र आई दूसरी तरफ लपेया ने आक्रामक खेल जारी रखा और एक बाद एक लगातार तीन गोल कर मैच को 3-0 से अपने नाम कर लिया और टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत किया। इस मैच के दौरान अनुमंडल मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। इसके पूर्व मुख्य अतिथि किसान ब्रिगेड हैदर नगर प्रखंड अध्यक्ष भोला पासवान मशहूर फुटबॉलर जयकुश सिंह डबल सिंह विनय कुमार सिंह समाजसेवी प्रेमचंद चौधरी गणेश प्रजापति तथा जय प्रकाश जी ने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला अफजाई किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। मैच के दौरान निर्णायक के रूप में सुदय सिंह सगीर अहमद व नेहाल मिर्जा और तकि रिज़्वी ने अपना योगदान दिया। मौके पर शुभम सिंह पियुष पाठक बीर बहादुर सिंह सुदेश प्रजापति प्रवीण कुमार सिंह सहित सैकड़ों संख्या में फुटबॉल प्रेमी दर्शक गण उपस्थित थे। प्रतियोगिता में सोमवार का मैच काजीनगर बनाम पतरा कला के बीच अपराह्न 2:00 बजे से खेला जाएगा।

## जमीनी विवाद में मारपीट, दोनो तरफ से प्राथमिकी दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** पड़वा थाना क्षेत्र के बटसारा में गुरुवार की रात करीब आठ बजे जमीनी विवाद में मारपीट हो गया. इस संबंध दोनो पक्षों ने पड़वा थाना में आवेदन दिया जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज हुआ है. थाना प्रभारी नकुल शाह ने बताया की प्रवीण प्रसाद गुप्ता के आवेदन पर धर्मवीर सिंह सहित 11 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी संख्या 96/2023 वहीं उप प्रमुख धर्मवीर सिंह के आवेदन पर प्रवीण प्रसाद गुप्ता उर्फ पप्पू गुप्ता सहित 4 नामजद व 20 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी 97/2023 दर्ज हुआ है.मौजा बटसारा के खाता 3 प्लॉट 1616, 1618, 1619 व 1620 समिलात खाता की जमीन है. भानु प्रताप सिंह, उर्फ पन्ना सिंह अजय कुमार सिंह ने उक्त समिलात भूमि में हिस्से से ज्यादा रकबा दिलरंजन सिंह के नाम 73 डिसमिल जमीन बिक्री कर दिया है. इधर अन्य हिस्सेदार धर्मवीर प्रसाद सिंह उर्फ मंटू सिंह, मुकेश सिंह, ओमप्रकाश, विनय सिंह व अन्य का कहना है की भानु प्रताप सिंह उर्फ पन्ना सिंह व दोनो अजय सिंह अपने हिस्से की जमीन से ज्यादा रकबा बिक्री कर दिया है. इधर दिलरंजन सिंह, भानुप्रताप सिंह, नवीन कुमार सिंह, पप्पू गुप्ता दिनांक 14 अक्टूबर गुरुवार की रात उपरोक्त प्लॉट पर 20-25 अज्ञात लोगों के साथ टेंट जनरेटर लाइट लगाकर भूमि पर कब्जा जमाने की नियत से पिलर गिराए थे. इसकी भनक धर्मवीर सिंह व अन्य हिस्सेदारों को लगी. धर्मवीर सिंह ने इसकी जानकारी पड़वा थाना प्रभारी नकुल शाह को दी। दोनो तरफ से लोग जुट गए जब दूसरे पक्ष के धर्मवीर सिंह ने पूछा की बिना जानकारी के आप लोग टेंट लाइट क्यों लगाया है. इतने में प्रवीण प्रसाद गुप्ता, दिलरंजन सिंह सहित अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया जिसके बाद दोनो तरफ से मारपीट हो गई. मालूम हो की उक्त प्लॉट खरीद बिक्री के विरुद्ध मेदिनीनगर न्यायालय में टाइटल सूट 207/2023 चल रहा है। इसकी जानकारी अंचल अधिकारी पंडवा, थाना प्रभारी पंडवा को लिखित सूचना प्राप्त है. बावजूद सीमांकन कर दखल कब्जा कराने को ले अंचल अधिकारी पंडवा ने आदेश निर्गत किया है।

## समाजसेवी ने गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हैदरनगर के बंशी पुर गांव के समाजसेवी सह शिक्षक अख्तर हुसैन अंसारी ने गरीब व असहाय लोगों के बीच कम्बन का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस कड़के की ठंड में गरीब कैसे रात गुजारते हैं, यह देख कर उनसे रहा नहीं गया। उन्होंने उनके बीच कंबल का वितरण कर उन्हें थोड़ी राहत देने की योजना बनाई। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा कभी बेकार नहीं जाती। गरीबों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं होता। संपन्न लोगों को असहाय व गरीबों का खयाल रखना चाहिए। मौके पर उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान, पंचायत के मुखिया जितेंद्र सिंह, समाजसेवी सेराज अहमद, लल्लू सिंह, रेयाजुद्दीन अंसारी, हाजी रऊफ अली, मोबिन अंसारी, प्रेम कुमार इद्रीस अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## हरिहरगंज नयन होटल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज शहर के न्यू सब्जी बाजार स्थित नयन होटल में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एक सौ मरीजों का जांच किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से पटना के मशहूर चिकित्सक डा जेपी कुमार अकेला ने मरीजों का जांच किया एवं दवा दिया। आयोजक समाजसेवी राजीव रंजन ने बताया कि शहर के सियरभुक्का, बेलौदर, भगत तेंदुआ, बंजारी सहित दुर दराज गांव के भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर में लाभ लेने का काम किया है, उन्होंने कहा कि आगे भी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जरूरतमंदों को मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम होता है। मौके पर भाजपा नेता टंटू मिश्र, मृत्युंजय सिंह, कृष्णा साव, दिनेश पासवान, विनोद पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## उप प्रमुख के प्रयास से बभंडी टू में मिला ट्रांसफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हैदरनगर के प्रखंड उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान के प्रयास से बभंडी 2 में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर मिल गया है। बभंडी टू ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ताओं ने गत दिनों प्रखंड उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान से ट्रांसफार्मर खराब होने से उत्पन्न स्थिति से अवगत कराया था। प्रखंड उप प्रमुख पप्पू ने स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह से बभंडी में ट्रांसफार्मर के लिए आग्रह किया था। विधायक ने विभागीय अभियंताओं से संपर्क कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का काम किया है। ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो जाने पर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक व उप प्रमुख का आभार जताया है। मौके पर नसीम अंसारी, जुमराती मियां, पिंटू चन्द्रवंशी, अशरफ अंसारी, समसुद्दीन अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## देश के विकास के लिए सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी : डीडीएमएस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इसका उदघाटन डीजीएमएस टीम द्वारा गठित टीम के कन्वेनर सह राजहरा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी जेपी रावत, कठौतिया माइंस के यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती, आइएसओ सुनील कुमार, अमोल अरूण सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर डीडीएमएस रविन्द्र बोंथा ने कहा कि किसी भी माइंस के लिए वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह वार्षिक परीक्षा के समान होता है। उन्होंने कहा कि परिवार, संस्थान व देश के विकास के लिए सुरक्षित काम करना जरूरी है। कार्यक्रम के बाद डीडीएमएस रविन्द्र बोंथा एवं कन्वेनर जेपी रावत के नेतृत्व में टीम ने माइंस का निरीक्षण किया। समारोह की अध्यक्षता माइंस हेड मैनक चक्रवर्ती ने किया। संचालन अदिति व अनुज ने किया। धन्यवाद ज्ञापन खान सुरक्षा प्रबंधक केसी मोदक ने किया।

## विश्रामपुर में लगा श्री सर्वेश्वरी समूह का मेगा स्वास्थ्य शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा विश्रामपुर के जनता उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया.जिसमे 25 से ज्यादा विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने एलोपैथ और होमियो पैथ पद्धति से लगभग चार हजार मरीजों का जांचोपरांत उपचार किया। मरीजों को दवा भी निशुल्क दिया गया। शिविर में पैथलोजी सेंटर भी लगाया गया था। जिसमे जांच के बाद चिकित्सकों द्वारा मरीजों को मुफ्त परामर्श भी दिया गया.इससे पहले शिविर का उद्घाटन गुरुपद संभव राम जी ने परमपूज्य अवधूत भगवान राम जी की पूजा अर्चना कर के किया। इसके बाद गुरूपद संभव राम जी शिविर में लगाये गये सभी स्टाल का भ्रमण किया.इस दौरान गुरुपद संभव राम जी के दर्शन और आशीर्वाद हेतु कई नामचीन हस्ती भी शिविर में पहुंचे। जिसमे विधानसभा मे भाजपा के राजमहल विधायक अनंत ओझा व पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी आदि का नाम शामिल हैं। **शिविर की सफलता पर सबका किया आभार व्यक्त :** मेघा चिकित्सा शिविर का आयोजन सर्वेश्वरी समूह के प्रयागराज शाखा और प्रमंडलीय समूह शाखाओं ने मिलकर किया था। समूह के डाल्टनगंज शाखा उपाध्यक्ष रागनी राय ने शिविर की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## मृत सहायक अध्यापक को प्रखंड के संगठन ने दिया सहयोग राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** शनिवार को मध्य विद्यालय नवादा, प्रखंड पाटन,के सहायक अध्यापक स्वर्गीय संजय कुमार जी के परिवार को संघ की ओर से 53 हजार 800 रूपए सहयोग राशि दिया गया। सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सहायक अध्यापकों को सेवा देते हुए 20 वर्ष से अधिक हो गया। लेकिन सरकार सहायक अध्यापकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। इस कारण से सहायक अध्यापकों का माली हालत ठीक नहीं है। सरकार के द्वारा सहायक अध्यापकों का इस्तेमाल सिर्फ राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है। हेमंत सोरेन ने चुनाव की सभा में कहा था कि अगर हमारी सरकार बनी तो 3 माह के अंदर पारा शिक्षकों को स्थाई एवं वेतनमान देंगे, समान काम के लिए समान वेतन देंगे परंतु अभी तक सरकार के द्वारा पारा शिक्षकों के लिए कोई भी काम नहीं किया गया है।

## एफटीओ शेयर सर्टिफिकेट का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विष्णुबल्लभ ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के प्रथम स्थापना दिवस पर पुराने प्रखंड भवन के सभागार में रविवार को सभी शेयर धारकों के बीच सर्टिफिकेट वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीडीएम (नाबार्ड) लक्ष्मण कुमार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम,कुमार कनिष्क, एफटीओ अध्यक्ष बाबू लाल दुबे ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर डीडीएम नावार्ड ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुये कहा कि एफटीओ किसानों का एक संगठन है जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। जो नावार्ड के निर्देशानुसार संचालित किया जाता है। उन्होंने सरकार द्वारा किसानों के लिए संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए बनाये गये इस समूह को विभिन्न प्रकार की सुविधा सरकार दे रही है। इसमें मुख्य रुप से केसीसी है। जिसके अंतर्गत खाता धारकों को पैसा ससमय वापस करते रहने पर बहुत ही कम ब्याज चुकाना होता है। उन्होंने कहा कि प्रति एकड़ 28000 रुपये बैंक किसानों को उपलब्ध कराती है। जिससे किसान उन पैसो का उपयोग करके अपने खेतों में बीज, खाद की पूर्ति कर सकते है। उन्होंने एफटीओ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एफटीओ किसानों को कम से कम मूल्यों पर बीज और खाद उपलब्ध कराता है।इतना ही नही एफटीओ के कुल सदस्यों की संख्या 300 से अधिक होने पर भारत सरकार के निर्देशानुसार उतना ही सहयोग बैंको द्वारा मदद के तौर पर एफटीओ को उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि किसान अगर छोटे कार्य करना चाहते है तो उसके लिए भी बैंक उन्हें 10 लाख रुपये तक का लोन बहुत ही कम ब्याज दर पर 35प्रतिशत सब्सिडी के साथ उपलब्ध कराती है, बशर्ते पैसे की वापसी भी निर्देशानुसार होता रहे।अंत मे सभी किसानों को शेयर सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। मौके पर केतार एफटीओ अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, किसान सुदेश्वर विश्वकर्मा, अनिल पासवान, श्रीराम पासवान, धीरेन्द्र चौबे, नीलू चौबे, सोनू गुप्ता, धनंजय प्रसाद, राजेश्वर चौधरी, रामकेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## वार्ड सदस्यो के दूसरे बैच का प्रशिक्षण प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत चुनाव 2022 के संपन्न होने के पश्चात वार्ड सदस्यों के दूसरे बैच का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण रविवार को प्रारंभ हो गया। दूसरे बैच में नरही, कुशदण्ड, चितविश्राम व हुलहुला खुर्द पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल हुये। प्रशिक्षण में सभी वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम के तहत त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के गठन एवं उसके कार्य प्रणाली, ग्राम सभा, स्थायी समितियां आदि की जानकारी विस्तृत रूप से दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि प्रशासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम पंचायत होता है। ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा में वार्ड सदस्य की भूमिका सबसे बड़ी होती है। सभी वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत के कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी होना चाहिये। इसके साथ ही वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में वार्ड सदस्यों की भूमिका से संबंधित जानकारी दिया गया। संविधान के 73 वें संशोधन के तहत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का गठन की जानकारी भी दिया गया। सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षक दिलीप तिवारी तथा दुर्गेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में शारदा पासवान, किशोर कुमार, सलीम अंसारी, फुलझरी देवी, मंजू देवी, लालती देवी, बसंत प्रसाद, मुन्ना मेहता, कविता देवी, छाया सिंह, तेतरी देवी, लालजी राम, शीला देवी, शर्मा राम, मो0इस्लाम, मीना देवी, प्रेमा देवी, सोनी देवी, सरिता देवी, जुरेदा प्रवीण सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने टाइगर 11 और कर भला तो हो भला टी शर्ट का किया विमोचन

**रांची** : वेटरन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 का आयोजन आज 17 दिसंबर से डोरंडा उर्स मैदान में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के हाथों हुआ। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कल 42 टीमों ने हिस्सा लिया है. जिसमें कर भला तो हो भला की तरफ से दो टीम मैदान में उतारे गए हैं जिसमे टाइगर 11 और कर भला तो हो भला का नाम शामिल है। इन दो टीमों का टी शर्ट विमोचन अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष जनाब शमशेर आलम ने किया।

### जॉच शिविर में कुल 496 मरीजों ने इलाज करवाया

**रांची** । रविवार को माँ ललिता लेजर - लेप्रोस्कोपी सर्जरी सेंटर, धुर्वा में डॉक्टर अजीत कुमार के माता जी के पुण्यतिथि की पूर्व संध्या के उपलक्ष्य में डॉ अजीत कुमार (शल्य चिकित्सक, सदर अस्पताल राँची) के नेतृत्व एवं उनके सहयोगी डॉ0 धनंजय कार्डियोलॉजी (मेडिका), डॉ0 कुणाल कुमार (यूरोलॉजी, दिल्ली गंगाराम हॉस्पिटल)डॉ0 रीना (नेत्र विशेषज्ञ, कटहल मोड़ रांची ), डॉ स्वाति चेतन्या (सुयोग हॉस्पिटल बरगायीं) एवं डॉ आशुतोष कुमार (मधुमेह रोग विशेषज्ञ, डायबिटीज एवं थायराइड क्लिनिक करमटोली) के तत्वाधान में संयुक्त रूप से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन डॉ अजीत कुमार के निवास स्थान शर्मा रोड धुर्वा, राँची में किया गया। शिविर में झारखण्ड के उच्च न्यायालय के न्यायधीश राजेश कुमार को समस्त चिकित्सक एवं परिवार के सदस्यों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा न्यायधीश राजेश जी के द्वारा शिविर का आयोजन फीता काटकर उद्घाटन किया गया । तथा न्यायधीश ने कहा कि, इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र में रोगों को नियंत्रण किया जा सकता है अतः नर सेवा ही नारायण सेवा है ।

# यातायात पुलिस और निगम शहर में हो रहे जाम के हैं जिम्मेदार

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** शनिवार को मेन रोड, कचहरी चौक, शहीद अल्बर्ट एक्का चौक सहित शहर के कई चौक चौराहों पर जाम की स्थिति बन गई थी। प्रभात मंत्र ने प्रमुखता से छापा जिसको लेकर यातायात एसपी कुमार गौरव ने रविवार को पूरे मेन रोड और इसके आसपास में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। यातायात पुलिस और निगम के सहयोग से यह अभियान मेन रोड में चलाया गया। जहां पर फुटपाथ में लगा रहे दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया और जुर्माना भी वसूला गया। अवैध पार्किंग कर वाहन लगाने वालों का वहान भी जब्त की गई और उससे भी जुर्माना वसूल गया।

### एसपी ने कहा

एसपी कुमार गौरव ने कहा कि हम लोग अभियान चलाते हैं लेकिन निगम को भी साथ देना होगा , तभी मेन रोड और इसके आसपास में जाम से मुक्ति मिलेगी । लोहे की रेलिंग हटाया जाए, अल्बर्ट एक्का चौक के पास अभी तक मिट्टी पड़ी हुई है। फुटपाथ पर ही कपड़ा,ठेला सब्जी बेच रहे हैं जो ग़लत है।



### नगर प्रशासक ने कहा

नगर प्रशासक अमित कुमार ने कहा कि हमसे जो हो सकेगा ,हम करेंगे। लेकिन यातायात पुलिस को भी देखना होगा हम एक बार अगर अवैध दुकान हटा देते तो उसे पर निगरानी रखना पुलिस का काम है ना कि निगम का। पुलिस वहां 24 घंटे मौजूद रहती है तो फिर अवैध दुकान, फुटपाथ, ठेला, खोमचा कैसे लग जाता है यह जांच का विषय है।

### नहीं हो रहा है सुधार :

बता दे कि झारखंड बनने के बाद से ही रांची में यातायात व्यवस्था की जो समस्याएं हैं वह लगातार बनी हुई है? कई बार अभियान चलाने के बाद भी इसमें सुधार होता नहीं दिख रहा है। एसपी यातायात और नगर निगम प्रशासक के बीच असमंजस की स्थिति देखने को मिलती है। जिस कारण से आमजन को इसमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । घंटों जाम में फंसे रहते हैं। एंबुलेंस से लेकर कोई अपने निजी वाहन में भी अगर कोई बीमार व्यक्ति जा रहा है वह भी जाम में फंस जाते हैं। प्लेन तक छूट जाते है ऐसी कई घटना है सामने आ चुकी है।इस स्थिति के लिए यातायात पुलिस और निगम दोनों जिम्मेदार हैं।

### कभी भी अल्बर्ट एक्का चौक पर हो सकती है बड़ी घटनाः

बता दे कि शहिद अल्बर्ट एक्का चौक पर ठेला खोमचा लगाकर भोजन,छोला बटुरा वगैरह बनाने का काम होता है जिस सिलेंडर गैस से काम होता है वह भी जांच के दायरे में आना चाहिए , यदि एक्सपायरी डेट के सिलेंडर गैस से वहां पर काम हो रहा है तो कभी भी अनहोनी होने का अंदेशा है यदि किसी तरह का घटना घटती है तो इसका जिम्मेदार है कौन होगा यह अपने आप में एक सवाल है।

### वेंडर मार्केट में है जगहः

मेन रोड में फुटपाथ दुकानदार वाले लोहे के बने रेलिंग पर कपड़े रखते हैं। और फिर धीरे-धीरे हुए सफेद लाइन जो खींची गई उसके बाहर आ जाते हैं। ठेला खोमचा लगा देते हैं और भीड़ की स्थिति बन जाती। स्कूल बस जब दोपहर में आती है तो जाम की स्थिति और बदतर हो जाती है। कई ऐसे दुकानदार हैं जिसे अटल वेंडर मार्केट में दुकान मिली है लेकिन वे अपने परिचित से मेन रोड पर फुटपाथ पर दुकान लगवाते हैं।

### निगम और पुलिस के कारण लग रहा है जामः

लोगों का कहना है कि यातायात सिपाही और निगम के कर्मचारियों की मिली भगत से रांची की बदतर स्थिति हो गई है। पहले निगम के इंफोर्समेंट टीम के लोग पुलिस की वर्दी में रहते थे लेकिन पैसे लेकर दुकान लगवाते थे। वहीं निगम सख्ती करती तो यातायात सिपाही पैसे लेकर छूट देते थे ऐसी शिकायतें कई बार सामने आ चुकी है। वहीं बिना परमिट ऑटो और ई रिक्शा को लेकर भी पुलिस आ सफल है।

### कहां कहां लगता है जामः

रांची शहर में मुख्य रूप से शहीद अल्बर्ट का चौक, सर्जना चौक ,शहीद चौक, कांटा टोली चौक ,डोरंडा चौक, रातू रोड किशोरी यादव चौक हालांकि इन तीनों जगहों पर फ्लाईओवर निर्माण कार्य हो रहा है इस कारण से थोड़ा जाम लगते हैं , लेकिन पहले भी जाम लगती थी और अब भी स्थिति वही है । कांटाटोली खादगढ़ा बस स्टैंड से निकलने वाली बसें भी जाम का कारण है, कांटाटोली चौक से सटे ऑटो स्टैंड भी जिम का कारण है।
इसके अलावा लालपुर चौक,कोकर में भी जाम देखने को मिलती है। इन सभी जगह पर पहले भी खबर लिखी गई और मेरे ही लिखी खबर पर तत्कालीन ट्रैफिक एसपी अजीत पिटर डुंगडुंग ने मुख्यमंत्री को स्थिति से अवगत कराया और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद उनके रिपोर्ट पर रांची शहर का भ्रमण किए थे । जहां पर उन्होंने भी कांटा टोली चौक ,लालपुर, कोकर, बूटी मोड़ में जाम की स्थिति को सही बताया। बता दें कि जाम की स्थिति ऐसी है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी हरमू बाईपास पास जाने के क्रम में दो बार जाम में फंस चुके हैं।

## कायस्थ क्रान्तिकारी विचार मंच का सम्मान समारोह संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । बिहार क्लब,राँची में कायस्थ क्रान्तिकारी विचार मंच, झारखंड,रांची के द्वारा विशिष्ट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पांडे रवीन्द्र नाथ राय ने की और मुख्य अतिथि डा अजीत सहाय थे। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में गो सेवा आयोग, झारखंड के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद,बालमुकुन्द सहाय, प्रवीण प्रभाकर राष्ट्रीय महासचिव ई.दिलीप श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सचिव प्रमोद श्रीवास्तव राष्ट्रीय सचिव ई.शशि कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय अध्यक्ष आस्था किरण , मंच के कार्यकारी अध्यक्ष ए.के.श्रीवास्तव मंचासीन थे। समारोह में सभी पुजा कमिटियों के सदस्य को तलवार, पगड़ी से सम्मानित किया गया।
विशिष्ट क्षेत्र में कायस्थ गौरव डा.प्रवीण श्रीवास्तव, मि.झारखंड (बॉडी बिल्डर विवेक राज,एवं भारतीय सेना में लेफ्टिनेन्ट के पद पर चयनित हर्षित राज को भी मोमेन्टो,तलवार,सम्मान पत्र,माला एवं पगड़ी से सम्मानित किया गया। मंच का संचालन कुमार सुशील क्रान्तिकारी एवं आनंद गोपाल वर्मा ने किया। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष आलोक पीताम्बर ने किया।

## साले ने अपने बहनोई का सुपारी देकर करवा दी हत्या, महिला सहित आठ गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । बीते एक दिसंबर को समाजसेवी संजय पाहन की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने महिला सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि घटना का एंगल जमीन संबंधित लग रहा था , लेकिन पुलिस इस पर कड़ी मेहनत की और बहुत जल्द ही पुलिस को इस पर सफलता मिली है और मामला जमीन से नहीं बल्कि महिला से संबंधित निकला। महिला सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता, सदर पुलिस उपाधीक्षक प्रभात बरवार शामिल थे।

**घटना में शामिल आरोपीः** घटना में शामिल आशीष नेपाली, मानवेल खालखो, कमरू नाग, सूरज कुमार ठाकुर, सालो देवी, अजहर अंसारी, धनेश्वर भगत और दौउद शामिल है सभी को पुलिस ने रांची जिला के चुट्टू, डोरंडा, बुढ़मू आदि से गिरफ्तार किया है।

**क्या है घटना :** एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि संजय पाहन शादी सुदा होते हुए भी उसका संबंध एक बच्चे की दूसरी महिला के साथ था । संजय जब घर लौटता तो वह अपने घर में अपनी पत्नी और बच्चों से किसी भी बात को लेकर झगड़ता , मारपीट,डांट फटकार भी करता था । पत्नी को लगता था कि संजय कहीं दूसरी औरत के चक्कर में सारा जायदाद वगैराह दूसरी महिला के नाम ना कर दें। इस कारण से वह काफी परेशान रहती थी । पत्नी सालों देवी पूरे घटना से परेशान हो चुकी थी और अपने भाई कमरू और चाचा



मानवेल को पूरी घटना बताई और संजय को अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की खातिर पति को ही रास्ता से हटाने के लिए दबाव बनाने लगी। भाई कमरू और चाचा मानवेल ने ही डोरंडा के रहने वाले आशीष नेपाली से संपर्क किया और फिर हत्या के लिए सुपारी दी ।
आशीष नेपाली अपने सहयोगी सूरज कुमार ,धनेश्वर भगत जो पीएलएफआई का सदस्य रहा है उस संपर्क किया ।

**आशीष पुलिस का भाई और धनेश्वर पीएलएफआई का सदस्य निकलाः** पुलिस सूत्रों की माने तो आशीष नेपाली अंग्रेजी में बात करता और कई बड़े अधिकारियों से अपने संपर्क होने का धौंस पुलिस को दिखा रहा था। बताया गया कि आशीष एक समय पुलिस का गुप्तचर हुआ करता था और उसका भाई जैप वन में पुलिस और एक भाई सीआरपीएफ में भी तैनात बताया गया। वहीं धनेश्वर पीएलएफआई सदस्य रहा है दोनों की मुलाकात जेल में हुई थी और घटना को अंजाम देने के लिए साढ़े चार लाख में सौदा हुआ था, एडवांस में ढ़ाई लाख मिला था।

**पुलिस ने बरामद किया सामग्रीः** पुलिस में इन आरोपियों के पास से घटना में उपयोग करने वाले एक देशी पिस्तौल ,दो जिंदा गोली ,मोबाइल, सिम और एक हथौड़ी बरामद किया है।

**छापेमारी दल में :** सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार, कमल किशोर पांडे, विनोद पासवान , गौतम वर्मा ,रितेश लकड़ा , प्रकाश कुमार सिंह , संगीता कुमारी, सत्येंद्र सिंह , प्रभुवन कुमार सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में भ्रमण सत्र का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : नेहरु युवा केंद्र संगठन झारखण्ड, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 6 दिवसीय कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के चौथा दिन भ्रमण सत्र का शुभारंभ हुआ। आज भ्रमण सत्र में सुबह सर्वप्रथम मोराबादी फुटबॉल स्टेडियम का भ्रमण कराया गया, उसके बाद गवर्नर हाउस में महामहिम राज्यपाल महोदय से शिष्टाचार मुलाकात एवम लंच का आयोजन किया गया। उसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ



महतो से उनके आवास पर मुलाकात की गई। उसके बाद खेल मंत्री हफीजूल हसन से मुलाकात हुई। तत्पश्चात रांची विश्वविद्यालय में झारखंड के कल्चरल नृत्य का आयोजन, सांस्कृतिक प्रदर्शन और केंद्रीय पुस्तकालय ( आरयू) में रांची विश्वविद्यालय के वीसी के साथ बातचीत और रात्रिभोज के साथ कशीमरी युवाओं की मेहमान नवाजी की गई।
बताते चले कि कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत कश्मीर के 122 युवक झारखंड पहुंचे है . इस दौरान उन्हें झारखंड की संस्कृति और परंपरा के बारे में जानकारी दी गई। युवाओं ने झारखंड आने पर काफी खुशी जताई है।

## मारवाड़ी महाविद्यालय गर्ल्स में भ्रष्टाचार पर भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची के गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी. के द्वारा भ्रष्टाचार पर भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता÷ का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. मनोज कुमार और आमंत्रित अतिथियों में 3-झारखंड बटालियन एन.सी.सी. के सुबेदार मनोज कुमार एवं मारवाड़ी महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक सह एन.सी.सी. के केयर टेकर ऑफिसर डॉ. अवध बिहारी महतो उपस्थित हुए । इस प्रतियोगिता की शुरुआत डॉ. बहालेन होरो के द्वारा स्वागत भाषण के द्वारा किया गया । प्राचार्य की उपस्थिति में 3-झारखंड बटालियन एन.सी.सी. के केयर टेकर ऑफिसर के प्रभार का हस्तांतरण किया गया । वर्तमान केयर टेकर ऑफिसर डॉ. बहालेन होरो के द्वारा नए केयर टेकर ऑफिसर सहायक प्राध्यापिका सुमंति तिर्की को एन.सी.सी. का बैनर सुपुर्द किया गया । मुख्य अतिथि प्राचार्य, डॉ. मनोज कुमार के द्वारा अपने संबोधन में बतलाया गया कि एन.सी.सी. के कैडेट हर क्षेत्र में आगे रहते हैं इसलिए भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए आपलोगो को ही आगे आना है । आप जिस क्षेत्र में अपनी कैरियर बनाएं उस क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त करने का प्रयास करें । अब आपके नए केयर टेकर ऑफिसर आई हैं जो काफी ऊर्जावान हैं, उनका सहयोग करते हुए आप एन.सी.सी. के पाठ्यक्रम को पूरा करें । सुबेदार मनोज कुमार ने वर्तमान और नए केयर टेकर ऑफिसर दोनों को बधाई देते हुए शुभकामना व्यक्त की गई । डॉ. अवध बिहारी महतो द्वारा भ्रष्टाचार को दूर करने के उपाय पर प्रकाश डाला गया । सहायक प्राध्यापिका सुमंती तिर्की ने सभी को इस मुहिम में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने की बात बतलाई ताकि भ्रष्टाचार को दूर किया जा सके । अंत में डॉ. बहालेन होरो के द्वारा सभी को धन्यवाद दिया ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉरपोरल नेहा कुमारी, कॉरपोरल शोभा कुमारी, लेंस कॉरपोरल स्नेहा सिंह, लेंस कॉरपोरल नीरा कुमारी एवं कैडेट अंजली वर्मा का सराहनीय योगदान रहा ।

## कश्मीर के 122 युवा एवं युवतियां ने रबीन्द्रनाथ महतो से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम 2023 वतन को जानो के तहत काश्मीर के छह ज़िलों का कुल 122 युवा एवं युवतियाँ अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्रनाथ महतो से कांके रोड उनके आवासीय कार्यालय में उनसे भेंटवार्ता किया ।कार्यक्रम में भाग ले रहे युवक युवतियों से अध्यक्ष का झारखंड के संबंध विशेषकर यहाँ के राजनीतिक पृष्ठभूमि एवं स्वतंत्रता आंदोलन में झारखंड के योगदान, भगवान बिरसा मुंडा एवं संथाल विद्रोह आदि विभिन्न विषयों पर चर्चाएँ हुई। अध्यक्ष ने उन्हें झारखंड की पृष्ठभूमि तथा यहाँ के जल जंगल ज़मीन से लेकर झारखंड की आर्थिक सुदृढ़ता एवं देश के विकास में झारखंड का योगदान से सम्बंधित विभिन्न विषयों को विस्तारपूर्वक बताया ।इस क्रम में अध्यक्ष ने उन्हें रामगढ़ के कांग्रेस अधिवेशन एवं गांधी यात्रा के संबंध में भी बातें की तथा काश्मीर से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर चर्चाओं के माध्यम से समझने का प्रयास भी किया।झारखंड के वर्तमान परिदृश्य के संबंध में अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान झारखंड ,युवा नेतृत्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन में काफ़ी कुछ बदल रहा है।कश्मीर से आए यह प्रतिनिधिमंडल 14 दिसंबर से 19 दिसंबर तक झारखंड यात्रा पर रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल माननीय अध्यक्ष से मिलने के उपरांत काफ़ी ख़ुश दिखे और अपनी झारखंड यात्रा को सफल बताया।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**रांची** : शहर का पारा गिरते ही ठंड कंपकंपा रही है. ऐसे में अपर बाजार के महावीर चौक स्थित श्री शिव साई मंदिर के प्रांगण में इस साल भी बढ़ते ठंड को देखते हुए 101 जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया गया. समाजसेवी ज्योति शर्मा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम पूरे ठंड चलेगा. उन्होंने कहा कि रात में घूमकर भी जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराया जाएगा. इस काम में उन्होंने शहर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि कम से कम एक कंबल जरूरतमंदों को दें. इससे कंपकंपाती ठंड में लोगों को बड़ी राहत मिलेगी. साथ ही उन्होंने कहा कि लोग अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहण करें तो कोई भी ठंड में नहीं रहेगा.

## शिव गुरू महोत्सव कार्यक्रम का रातू में हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के द्वारा रातु राजागड़, राँची में शिव गुरू महोत्सव आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन महेश्वर शिव के गुरू स्वरूप से एक-एक व्यक्ति का शिष्य के रूप में जुड़ाव हो सके इसी बात को सुनाने और समझाने के निमित्त किया गया। शिव शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी के संदेश को लेकर आयी कार्यक्रम की मुख्य वक्ता दीदी बरखा आनन्द ने कहा कि शिव केवल नाम के नहीं अपितु काम के गुरू हैं। शिव के औढरदानी स्वरूप से धन, धान्य, संतान, सम्पदा आदि प्राप्त करने का व्यापक प्रचलन है तो उनके गुरू स्वरूप से ज्ञान भी क्यों नहीं प्राप्त



किया जाय? किसी संपत्ति या संपदा का उपयोग ज्ञान के अभाव में घातक हो सकता है। दीदी बरखा आनन्द ने कहा कि शिव जगतगुरू हैं अतएव जगत का एक-एक व्यक्ति चाहे वह किसी धर्म, जाति, संप्रदाय, लिंग का हो शिव को अपना गुरू बना सकता है। शिव का शिष्य होने के लिए किसी पारम्परिक औपचारिकता अथवा दीक्षा की आवश्यकता नहीं है। केवल यह विचारकि ''शिव मेरे गुरू हैं'' शिव की शिष्यता की स्वमेव शुरूआत करता है। इसी विचार का स्थायी होना हमको आपको शिव का शिष्य बनाता है। आप सभी को ज्ञात है कि शिव शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने सन् 1974 में शिव को अपना गुरु माना।1980 के दशक तक आते-आते शिव की शिष्यता की अवधारणा भारत भूखण्ड के विभिन्न स्थानों पर व्यापक तौर पर फैलती चली गई। शिव शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानन्दजी और उनकी धर्मपत्नी दीदी नीलम आनंद जी के द्वारा जाति, घर्म, लिंग, वर्ण, सम्प्रदाय आदि से परे मानव मात्र को भगवान शिव के गुरु स्वरूप से जुड़न का आह्वान किया गया। श्री शिवकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि यह अवधारणा पूर्णतः आध्यात्मिक है, जो भगवान शिव के गुरु स्वरूप से एक एक व्यक्ति के जुड़ाव से संबंधित है। इस कार्यक्रम में शिवकुमार विश्वकर्मा, इन्द्रभूषण सिंह, कामलेश सिंह, रामाकान्त सिंह, रमेश मल्लिक, सवित्री देवी समेत अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार दिए।

## पिकनिक स्पॉट पर पुलिस रखें पैनी नजर : मनीष टोप्पो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने प्रत्येक महीने के होने वाले अपराध अनुसंधान समीक्षा की बैठक की। इस पूरे बैठक में उन्होंने रांची जिला के सभी ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों ,टीओपी प्रभारी ,ओसी प्रभारी मौजूद थे । ग्रामीण एसपी ने बताया कि पूरे महीने में किस तरह से अपराध में कंट्रोल हुआ है इसकी समीक्षा की गई । साथ ही साथ जो मामले थाने में पेंडिंग है इसका निष्पादन करने के लिए निर्देश दिया गया है। कुर्की और वारंट संबंधित जो मामले लंबित है या नहीं हो पा रहे ऐसे मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने का कहा गया है। इन सबके अलावे दिसंबर जनवरी का महीने में पर्व और पिकनिक का है। पिकनिक स्पॉट स्थलों का निरीक्षण करने, सभी जगहों पर जहां पर खतरा अधिक है, वहां पर पुलिस की तैनाती करना, तालाब, झरने वाले जगहों पर गोताखोर के साथ पुलिस का संपर्क रहना किसी भी घटना के तुरंत पुलिस वहां पहुंच सके। वैसे खतरा वाले जगहों पर सुरक्षा संबंधित नोटिस बोर्ड लगाना ताकि खतरे वाले जगह पर पर्यटक ना जाए। किसी तरह से पर्यटकों के साथ दुर्व्यवहार न हो इसका ध्यान रहे। साथ ही साथ



चुनाव आने वाले हैं तो निर्वाचन पदाधिकारी का जो गाइडलाइन पुलिस कर्मियों को दिया गया है। इस पर होमवर्क करने को कहा गया है। जितने भी पोलिंग बूथ है इसका निरीक्षण करना , संवेदनशील पूथो की जानकारी देना एवं बॉर्डर क्षेत्र में पुलिस की तैनाती और किस तरह से अपराध को रोका जा सके। इन सभी पर भी चर्चा की गई ।
मुख्य रूप से इस बैठक में ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, खिलारी डीएसपी अंकिता राय सहित विभिन्न थानों के थानेदार एवं टीओ पी प्रभारी उपस्थित थे।

**एसएसपी ने की बैठकः** ग्रामीण एसपी के बैठक के तुरंत बाद एसएसपी चंदन सिन्हा ने भी सभी पुलिस कर्मियों के साथ बैठक की और उन्हें अपराध पर कंट्रोल करने, अपराधियों पर नकेल कसने और जो मामले का निष्पादन नहीं हुआ उसका त्वरित निष्पादन करने का सख्त निर्देश दिया है । इस बैठक में एसएसपी चंदन सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो उपस्थित थे।

## हथियार के साथ पांच गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** धुर्वा थाना अंतर्गत रिंगरोड में स्थित जग्गू ढाबा में हथियार के साथ पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देसी कट्टा और कारतूस पुलिस ने जब्त किया है। जिनके पास से हथियार मिला है उनमें लालू महतो और मो.शाहिद शामिल है। रिंग रोड में होटल में बैठकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। पकड़े गए लालू महतो और मो. शाहिद होटल में ही हथियार लहरा रहे थे। इसकी सूचना हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा को मिली। इसके



बाद धुर्वा थाना,तुपुदाना थाना और पुंदाग थाना प्रभारी के नेतृत्व में उक्त होटल की घेराबंदी की गई। पूछताछ में यह भी जानकारी मिली है कि उनमें से दो जमीन दलाली का काम करते है।वहीं पुलिस पूछताछ में तीन लोगों ने बताया कि वो ढाबे में खाना खाने पहुंचे थे।फिलहाल पुलिस पांचों से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों में जुनैद ,आजाद, लालू महतो, शाहिद,सलीम अंसारी शामिल हैं।

## आज के बच्चे ही आने वाले कल के कर्णधार है : परमेश्वर भगत

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड अंतर्गत फिरदौस नगर कंदरी मोड़ मांडर में जामिया इस्लामिया एकेडमी में एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पूर्व आईएएस अधिकारी सह समाजसेवी डॉक्टर परमेश्वर भगत। इस दौरान श्री भगत ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे ही आने वाले कल के कर्णधार है। साथ ही पढ़ाई के प्रति हमेशा तत्पर रहते हुए अनुशासित/ संयमित रहने एवं अच्छा संगति के साथ खूब मेहनत करने का मार्गदर्शन दिया। श्री भगत ने एकेडमी का गुणवतापूर्ण पढाई को देखते हुए यहां के निदेशक के लगन और मेहनत से काफी प्रभावित हुए और एकेडमी को और आगे बढ़ाने के लिए यथा संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर एकेडमी का निदेशक मौलाना रफीक प्रिंसिपल अबु सूफियान नदवी साहब, प्रो नाफर अली, सोमा महतो, हाजी शाकिर इस्लाही, तौफीक अंसारी, कौशल ठाकुर, हाफिज चांद, हाफिज फैय्याज, माज अंसारी सहित कई लोग उपस्थित हुए।

## सिल्ली सामुदायिक अस्पताल के द्वारा विभिन्न स्कूलों में स्वस्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली सामुदायिक अस्पताल के द्वारा रांची उपायुक्त आदेश के अनुसार राष्ट्रीय विक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के सभी स्कूलों में छात्रों का फाइलेरिया जांच किया गया ! वहीं सिल्ली डीएभी पब्लिक स्कूल में रविवार को डॉक्टरों द्वारा 81 छात्रों का जांच किया गया! जांच के दौरान छात्रों को नेगेटिव पाया गया! इस जांच टीम में सिल्ली समुदायक अस्पताल से सुरेंद्रनाथ महतो, डीएभी के प्रिंसिपल बुबूनशरण, ब्रजकिशोर महतो, पूनम कुमारी, सरिता कुमारी, खुशबू, दीपक कुमार समेत अस्पताल के कर्मचारी मौजूद थे!

## वैश्विक स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने वाली एक स्वास्थ्य सेवा नीति

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने वैश्विक स्वास्थ्य सेवा को भारतीयों के लिए सुलभ बनाने के लिए डिज़ाइन की गई एक स्वास्थ्य सेवा नीति ÷रिलायंस हेल्थ ग्लोबल÷ का अनावरण किया। यह नीति न केवल भारत के भीतर बल्कि दुनिया भर में अपने सुरक्षात्मक आलिंगन का विस्तार करती है, जो वैश्विक जीवनशैली के आदी व्यक्तियों और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे तक पहुंच की इच्छा रखने वाले व्यक्तियों के लिए परेशानी मुक्त अनुभव सुनिश्चित करती है।रिलायंस हेल्थ ग्लोबल विदेशी उपचार के लिए व्यापक कवरेज प्रदान करता है, जिसमें कैंसर और बाईपास सर्जरी जैसी गंभीर बीमारियों के साथ-साथ भारत के भीतर असीमित बीमा राशि के साथ असाधारण घरेलू कवरेज भी शामिल है। पॉलिसी में यात्रा, आवास और एंड-टू-एंड वीज़ा और सहायता सेवाएं भी शामिल हैं, जो खोए हुए पासपोर्ट या आपातकालीन नकदी जैसी आपात स्थितियों को संबोधित करती हैं।

## कोयलांचल के राय मे हुई जामिया गौसिया रिजविया की बैठक

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के मदरसा जामिया गौसिया रिजविया राय की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता राय अंजुमन के सदर जुल्फिकार अली और संचालन सफीक अंसारी ने किया।बैठक मे राय मदरसा के बेहतर संचालन को लेकर कई बातो पर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे सर्वसम्मति से आगामी 02 मार्च 2024 को राय मे जमाल ऐ तैयबा कान्फ्रेश व जश्ने दस्तारबन्दी कार्यक्रम जलशा का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया।बैठक मे इसकी तैयारी सहित जलशा से जुड़ी कई बातो पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जलशा मे मदरसा जामिया गौसिया रिजविया राय मे कुरान मुक्कमल करने वालो को हाफिज की उपाधि दी जाएगी।जलशा मे देश और विदेश के विभिन्न राज्यो के उलेमा एंव मौलाना सहित नातखां शामिल होगे।बैठक मे सर्वसम्मति से अंजुमन की अगली बैठक मे जलशा को सफल बनाने के लिए समिति गठन करने का निर्णय लिया गया।बैठक मे कारी गुलजार मिस्बाही,हाफिज आलमगीर आलम,जुल्फिकार अली, नासिर अंसारी,सादिक अंसारी,नसीम आलम,शोएब आलम,पप्पू खान,राजु खान, शहनवाज़ आलम,इरफान आलम,गुडडु हुसैन,साबिर अंसारी,रजा अख्तर,मुर्तजा अंसारी,अनवर मंसूरी, मोहम्मद नन्हे,इमतियाज अंसारी,बसीर अंसारी,अमीन अंसारी,नसीम आलम, मोहम्मद युनुस,मोहम्मद जावेद,अब्दुल,शाहीद, दिलशाद,सद्दाम हुसैन,मेराज अंसारी,जिशान,गुलाम, असरफ,बबलु सहित राय अंजुमन के कई लोग मौजूद थे।

## पिपरवार और एनके एरिया के विस्थापित रैयतो ने सीसीएल सीएमडी से की मुलाकात



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार और एनके एरिया के विस्थापित ग्रामीण रैयतो ने सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बी. वीरा रेड्डी और निदेशक तकनीकी बी. साईराम से मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया।ह्यूमन एंड हेरिटेज केयर फाउंडेशन के चेयरमैन और अध्यक्ष अमरदीप कौशल के नेतृत्व मे विस्थापित रैयतो ने सीएमडी से मुलाकात किया।इस दौरान विस्थापित रैयतो ने सीएमडी से सीसीएल द्वारा अधिगृहित भूमि के बदले नौकरी और मुआवजा देने,दोनो एरिया मे रोड सेल के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार देने, करकटा एरिया के तुमांग पंचायत के खिलानधौड़ा बस्ती के समीप बंद पड़े कोयला खानदान से जहरीली गैस,धुआं और आगलगी के रोकथाम एवं वहां के ग्रामीणों को मुआवजा देकर वहां से हटाने,पिपरवार के अशोका खदान से सटे जाराटोंगरी और बेंती के ग्रामीणो को नौकरी और मुआवजा देने एवं सीएसआर के तहत पानी,बिजली, स्वास्थ्य,स्कूल इत्यादि बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने,पिपरवार एरिया अस्पताल मे दवाई और पारा मेडिकल स्टाफ सहित मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग करते हुए इस पर चर्चा की।

# दिउड़ी से दलभंगा व पुंडीदीरी से बघई सड़क सृदृढ़ीकरण का विधायक ने शिलान्यास किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के सूदूरवर्ती इलाके में स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने तमाड़ के ग्रामीण क्षेत्रों में चिरपरिचित मांगों को पुरा करते हुए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दो उच्च स्तरीय सड़क के सृदृढ़ीकरण का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया।पहली सड़क दिउ़ड़ी मंदिर से भाया जाहिरटिकर दलभंगा तक (15.90 किलोमीटर) वहीं दूसरी सड़क पुंडीदीरी से भाया ऐदेलपीड़ी बघई तक (3.80 किलोमीटर) शामिल है। शिलान्यास के उपरांत ऐदेलपीड़ी में सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मेरे पिताजी की हत्या के बाद मैंने कसम खाया था कि पुंडीदीरी नदी के पार जो नहीं जाने की बातें हुई थी वहां मैं जाऊंगा और लुंगटू एवं मानकीडीह पंचायत में सड़कों का जाल बिछाऊंगा जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोग आसानी से प्रखंड मुख्यालय और तमाड़ बाजार आ जा सकें।इससे पूर्व भी मैंने ऊंची पहाड़ियों के ऊपर बघई से गुमटी तक पक्की सड़क का निर्माण कराया है और मेरे इसी कार्यकाल में तमाड़ में छूटे हुए सभी सड़कों का निर्माण मैं कराऊंगा।सभा से पुर्व ग्रामीणों ने विधायक का गाजे बाजे एवं पारंपरिक रीति रिवाज के साथ जोरदार स्वागत किया।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो,मुखिया कमलेश मुंडा,मुन्ना महतो,अरविंद कुमार,मालिन महतो,मुरली सेठ,उमेश महतो सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विभागीय अधिकारी कर्मचारी, संवेदक एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## हिंडाल्को में गुरु नानक जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** हिंडालको दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में गुरु नानक जयंती सह प्रकाश उत्सव का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। हिंडालको परिसर में यह त्यौहार लगभग 75 वर्षों से मनाया जा रहा है। इस तीन दिवसीय त्यौहार में 15 दिसंबर से श्री अखंड पाठ का आयोजन किया गया जिसका समापन 17 दिसंबर को हुआ। टाटानगर से आए हुए मंडली में रणजीत सिंह, दिलदार सिंह, नरेंद्र सिंह, तरसेन सिंह ने श्री अखंड पाठ किया। वहीं पिस्का मोड से आए बक्खी सिंह (रागी जत्था) ने कीर्तन भजन किया जिससे आसपास के ग्रामीण भक्ति में लीन हो गए। इसके उपरांत आज रविवार को लंगर प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों ने लंगर का लुफ्त उठाया। पूरे कार्यक्रम में यूनिट हेड रवि नारायण मिश्रा, एचआर हेड अरुण राय, सुगंध सिंह, करमजीत सिंह, गुरदीप सिंह, राजेश सिंह, अमनचंद, चरणजीत सिंह, चरण सिंह और रोहित कुमार चौरसिया, केसी राजू गौरी शंकर का सराहनीय योगदान रहा।

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति खलारी ने चुरी मध्य व चुरी दक्षिणी में कमेटी का किया गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति खलारी का विस्तार को लेकर दो अलग-अलग पंचायतों में बैठक किया गया.कमेटी का विस्तार चुरी मध्य पंचायत एवं दक्षिणी चुरी पंचायत में हुआ.बैठक में जिला एवं प्रखंड के सदस्यगण उपस्थित थे.चुरी मध्य पंचायत का गठन में अध्यक्ष कामेश्वर गंझू, सचिव आनंद गंझू, उपाध्यक्ष विजय तुरी, उपसचिव सोनू यादव, कोषाध्यक्ष करण कुमार, उपकोषाध्यक्ष मनोज गंझू को बनाया गया.वहीं चुरी दक्षिणी पंचायत में अध्यक्ष कामेश्वर महतो, सचिव उमेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष कुलदीप कुमार महतो, उपाध्यक्ष जयवीर यादव, उप सचिव उमेश कुमार मुंडा एवं उपाध्यक्ष अर्जुन मुंडा को बनाया गया.इस दौरान सभी ने समर्पण भाव से झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति संगठन एवं जयराम महतो (टाइगर) के विचारों को मजबूती से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े रहने का संकल्प लिया.साथ ही अपनी भाषा, संस्कृति व अधिकार कैसे मिले इस पर विचार किया गया.पार्टी के विचार धारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए संकल्प लिया साथही शोषित, वंचित एवं पीड़ितों तक टाइगर के विचारों को पहुंचाने का निर्णय लिया. इस मौके पर रतिया गंझु, प्रमोद महाजन, बिरबल कुमार (विक्की), कृष्णा महतो (बड़का), कृष्ण कुमार, राजेंद्र महतो एवं नरेंद्र कुमार , अजय तुरी, सोनू यादव, संजय गंझू,अमर भोक्ता, उमर गंझू, सतीश गंझू, जानकी गंझू, नवीन तुरी, रोहित तुरी, रविंद्र महतो, उपेंद्र महतो, नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे.

## राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन जानकी मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम करने का लिया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** जय माता दी ग्रुप खलारी की एक बैठक रविवार को श्रीजानकी रमण मंदिर परिसर में सूरज प्रधान मुंडा की अध्यक्षता में हुई. बैठक में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन श्रीजानकी रमण मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया. जिसमें संध्या 6:00 बजे 1100 दीप का प्रज्जवलन, संध्या 7:00 बजे भगवान श्रीराम जी की आरती, एवं खीर महाभोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा. बैठक का संचालन रोशन लाल ने किया. बैठक में मुख्य रूप से सिन्नी समड, मुन्ना देवी 'मारुति', वर्षा रानी, अजीत सिंह, रोशन लाल, राजेन्द्र प्रसाद, दीपक प्रसाद, संजय सिंह, रामलखन गंझू, अमरदीप रॉय, दीपक पात्रा, राजशेखर सिंह, शिवकुमार बारा, दिलीप साहू, दीपक तिवारी, बलविंदर सिंह बेदी, प्रदीप उरांव, धरदेव मुंडा, तुषार कुमार, अजय वर्मा, बजरंगी साव, ओमप्रकाश गुप्ता उपस्थित थे.

# भगवान श्री राम माँ जानकी का विवाह उत्सव मनाया जा रहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** भगवान श्री राम मां जानकी का विवाह उत्सव राम शिव मंदिर टाटीसिलवे में धूमधाम से मनाया जा रहा है । इस अवसर पर मंदिर को सजाया गया । विभिन्न झांकियां एवं पंडित राम प्रसाद पांडे, अरुण कुमार मिश्रा एवं मधुसूदन पांडे के द्वारा वैदिक मंत्रो द्वारा पूजन एवं अखंड हरी कीर्तन तथा रामचरितमानस पाठ, तत्त्व प्रांत संध्या 5-00 बजे से, धनुष यज्ञ ,महिलाओं के द्वारा झांकी, वैवाहिक गीत, मंगल गीत, नृत्य एवं महा आरती होगी ।

यह 24 घंटे का प्रोग्राम सुबह पूजन हवन एवं महाभोग प्रसाद के द्वारा संपन्न होगा । इस कार्यक्रम को संपन्न करने में टाटी सिल्वे एवं आसपास के क्षेत्र का बहुत ही बड़ा योगदान रहा । कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक कुमार पांडे ,संदीप पांडे ,संध्या कुमारी पांडे ,विमला देवी ,अरुण कुमार मिश्रा ,सिद्धि देवी ,दशरथ श्रीवास्तव ,रिंकू श्रीवास्तव, अंशिका पांडे ,प्रियंका पांडे ,किरण देवी ,किरण पाठक इत्यादि लोगों का बहुत ही बड़ा योगदान रहा ।

## बरतू मुंडा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** अनगड़ा प्रखण्ड कांग्रेस की एक खास बैठक मण्डल अध्यक्ष बरतू मुंडा की अध्यक्षता में डाक बंगला अनगड़ा में रखा गया जिसमे मुख्य अतिथि बेलस तिर्की सामिल हुए जिन्होंने लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा ली और आगे की रणनीति तैयार की प्रखंड के 21पंचायत को चार जोन में बांट कर 18 से 30 दिसम्बर के बीच सभी पंचायत में कार्यकर्ताओं के बीच बैठक करना है हर जोन में 4ठ्ठ5 कार्यकर्ताओं को जिमेदारी सौंपी गई है बेलस तिर्की ने कहा सरकार आपकी द्वार की भांति कांग्रेस आपकी द्वार कार्यकम चला कर पंचायत स्तरीय संगठन का निर्माण करना है।

सभी कार्यकर्ताओं को अभी से ही लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है उन्होंने सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं पंचायत अध्यक्ष महिला अध्यक्ष युवा अध्यक्ष सभी को कार्य के प्रति दिसा निर्देश दिए आज की इस बैठक में मुख्य रूप से सामिल जिला महासचिव सरवन मुंडा, जिला सचिव विश्राम महतो ,मुमताज खान,मिनहाज आलम किस्टो कुजूर ,प्रखण्ड महिला अध्यक्ष सरिता देवी,युवा अध्यक्ष विशाल स्वासी, मुन्ना मुंडा,यूनुस अंसारी, सिद्धिक अंसारी,निर्मल करमाली,बाली महली,सफीक अंसारी ,नईम अंसारी,इरफान अंसारी सुरेस,अब्बास,कृष्ण के अलावा सैकड़ों कार्य कर्ता शामिल हुवे ।

# सभी का बेहतर स्वास्थ्य और सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा हमारा लक्ष्य : शिल्पी नेहा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** आज मांडर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मांडर प्रखंड के ग्राम बजरा के राजकीयकृत मध्य विद्यालय के मैदान में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पीटल द्वारा इस मेगा हेल्थ कैम्प को आयोजित किया गया। पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की और मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के सौजन्य से आयोजित इस हेल्थ कैम्प में अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त 10 अनुभवी चिकित्सकों ने सैकड़ों ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और चिकित्सकीय सलाह देने के साथ ही निःशुल्क दवाईयाँ भी दी गयी। विशेष रूप से डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, नेत्र रोग आदि के मरीज़ आज बड़ी संख्या में आये। श्रीमती तिर्की ने कहा कि सभी को बेहतर स्वास्थ्य का उनका यह अभियान निरंतर जारी रहेगा. उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा की और कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि सभी लोग अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति सचेत और जागरूक रहें इस दौरान मेगा हेल्थ कैम्प में डॉ. एलविना, डॉ.पियुष कुमार, डॉ. शीतल, डॉ. नेहा सीतल, डॉ. विवेक डेविड, डॉ. बिनय कुमार, डॉ. सुहागिनी मुर्मु, डॉ. एन. एम. सोरेन, डॉ. अनामिका, डॉ. श्वेता, डॉ. शशांक, डॉ. वसीम के साथ ही पूरी मेडिकल टीम के अलावा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, अंचल अधिकारी विजय हेमराज खलखो, विधायक प्रतिनिधि जमील मालिक, प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष मांगा उरांव, मुखिया शुक्रा उरांव, रंथेश्वर साही, शमीम अख्तर, तबारक खान, बबलू, रसीद अन्सारी, फुलवा अंसारी, पेयारी केरकेट्टा, माधुरी केरकेट्टा, नसीमा खातून, अफसाना खातुन, तस्लीम अंसारी, विश्वास उरांव, अनुप राम, बलदेव भगत एवं पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## सेवा हीं लक्ष्य है : प्रकाश लकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के बधुवा पंचायत अन्तर्गत बुंडूबेड़ा में पंचायत प्रभरी सलैन्द सिंह विजिया एवं महिला पंचायत प्रभरी शांति देवी जी के अगुवाई में चार टोली के बृध्द महिला एवं पुरूष को ठण्ड से बचने के लिए आजसू पार्टी की सौजन्य से कंबल का भी वितरण किया गया। साथ हीं हाहाप पंचायत के पंचायत प्रभरी एतवा पहान से बैठक कर 20 दिसम्बर को प्रकाश लकड़ा जी के आवास में होने वाली नामकुम प्रखण्ड स्तरीय पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारीयों के प्रशिक्षण कराने के संदर्भ में विचार विमर्श करते हुए, मौके पर केन्द्रीय सचिव श्रीमती फुलकुमारी देवी,राँची जिला वरिय उपाध्यक्ष श्री प्रकाश लकड़ा,जितेन्द्र सिंह,छेदी सिंह विजिया,चमर सिंह विजिया,जुवेल पहान,विनोद होरो कोईरीबेडा ग्राम प्रभारी रोशन हंस एवं सैकड़ों ग्रमीण उपस्थित थे।

## प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्य मंत्री की उपस्थित मे भाजपा का सदस्यता ग्रहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड अंतर्गत खिजरी पंचायत के नया टोली गांव में 17 दिसंबर 2023 दिन रविवार को दोपहर 12 = 30 बजे भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी जी एवं रांची के लोकप्रिय सांसद माननीय श्री संजय सेठ जी सहित झारखंड प्रदेश भाजपा के महामंत्री प्रदीप वर्मा, खिजरी विधान सभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन,ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी सह वरिष्ठ पदाधिकारी गण की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में खिजरी पंचायत पूर्व मुखिया वर्तमान जिला परिषद सदस्य श्री राम अवतार केरकेट्टा जी और खिजरी पंचायत के वर्तमान मुखिया श्रीमती कार्मेला कच्छप जी को भाजपा में सदस्यता ग्रहण माला पहनकर कराई । साथ ही साथ अन्य पंचायत के मुखिया एवं पूर्व मुखिया गण एवं अन्य गणमान्य कार्यकर्ता गण सामूहिक रूप से भाजपा के सदस्यता ग्रहण की । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, अशोक मुंडा , महामंत्री अमित मिश्रा, अशोक नायक, आरती सिंह, बिरसा उराव, पिंटू सिंह,रिंकू, सिंह, गोरखनाथ सिंह, कृष्णा लोहरा वरिष्ठ पदाधिकारी गण के साथ सैक्डो ग्रामीण उपस्थित थे ।

## न्युमंगरदाहा गांव मे केजीएन क्लब द्वारा क्रिकेट टुर्नामेन्ट का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यूमंगरदाहा गांव में केजीएन क्लब के तत्वाधान में रविवार से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के चतरा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद ताज उपस्थित थे।टुर्नामेन्ट का उदघाटन अतिथियो ने फीता काटकर एंव खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया।टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पगार बनाम भूतनगर डकरा के बीच खेला गया।जिसमे टॉस जीतकर भूतनगर डकरा की टीम ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।जिसमे पगार की टीम ने निर्धारित दस ओवर में 53 रन बनाया।वही जवाबी पारी खेलने उतरी भूतनगर डकरा की टीम ने छः ओवर में ही मैच जीत लिया।इस मैच मे मैन ऑफ दा मैच का पुरुस्कार आनंद मुंडा को दिया गया।वही दूसरा मैच मेजबान न्यूमंगरदाहा बनाम केरेडारी के बीच खेला गया,जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूमंगरदाहा की टीम ने दस ओवर में 72 रन बनाया।वही जवाबी पारी में केरेडारी की पुरी टीम ने 62 रन ही बना सकी और न्यू मंगरदाहा की टीम दस रनों से मैच जीत लिया।इस मैच मे मैन ऑफ दा मैच का पुरुस्कार आसिफ रजा को दिया गया।इस मौके पर मो. ताज,सकील अंसारी, एजाजुल हक,मो. सनाउल्लाह,उस्मान अंसारी, रफीक अंसारी,आफताब सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बिष्टुपुर में खुला होंडा का बिग विंग आउटलेट




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश भर में प्रीमियम मोटर साइकिल उपभोक्ताओं को विशिष्ट अनुभव प्रदान करते हुए होण्डा मोटर साइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने बिष्टुपुर राम मंदिर के पास नए प्रीमियम बिग बाईक सेल्स एण्ड सर्विस आउट लेट-होण्डा बिग विंग का उद्घाटन किया। इस नये आउटलेट का उद्देश्य नए और संभावित ग्राहकों के बीच आपसी भावना को बढ़ाना है। आकांक्षी ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अंतिम छोर तक अपनी उपस्थिति का विस्तार करते हुए, विशिष्ट बिगविंग को अब पूरे भारत में 130 से अधिक परिचालन टचप्वाइंट पर अनुभव किया जा सकता है। एचएमएसआई सीबी350 को मैटेलिक और मैट शेड्स के विकल्प के साथ पांच आकर्षक रंगों में पेश कर रहा है। ये कलर क्रमशः रेड मेटैलिक, पर्ल इग्नियस ब्लैक, मैट क्रस्ट मेटैलिक, मैट मार्शल ग्रीन मेटैलिक और मैट ड्यून ब्राउन हैं।

## भायली महिला मण्डल ने नेत्रहीन बच्चों के बीच बांटे कंबल




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को कदमा दिव्य ज्योति निवास में रहने वाले सभी नेत्रहीन बच्चों के बीच सामाजिक एवं धार्मिक संस्था भायली महिला मण्डल, सोनारी जमशेदपुर द्वारा कंबल, शर्ट, पैंट, गर्म ऊनी कपड़े, भोजन पैकेट, बिस्कुट और वहां कार्यरत महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर दिव्य ज्योति नेत्रहीन विद्यालय की संचालिका रीमा भट्टाचार्जी ने भायली महिला मण्डल से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। भायली मण्डल अध्यक्ष कविता अग्रवाल के नेतृत्व में सचिव मंजू अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य मैना अग्रवाल, विमला वर्मा, लक्ष्मी अग्रवाल, रीमा अग्रवाल, शारदा अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## आप के जिला उपाध्यक्ष ने किया श्राद्धकर्म में मदद

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ ने रविवार को बोड़ाम प्रखंड के पोखोरिया गांव में श्राद्धकर्म हेतु सूखा राशन व आर्थिक सहायता देकर मदद किया। गणपति ने बताया कि पोखोरिया गांव के रहने वाले बिभूति सिंह की पिछले दिनों निधन हो गया था। दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और श्राद्धकर्म हेतु मदद किया। इस अवसर पर सुभाष सहिस ,फुलचांद सिंह, दिलीप सिंह, दोलगोविन्द सिंह,अनिल मांझी ,भीम सिंह, कानेन गणेशन आदि उपस्थित थे।



## राकेश सिंह ने अपने माता-पिता की पुण्यतिथि ओल्ड एज होम में बुजुर्गो संग मनाई

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कदमा निवासी राकेश कुमार सिंह ने अपने पिता की 12वीं पुण्यतिथि और माता की चौथी पुण्यतिथि पर उनके चरणों में सादर नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि पुरे परिवार के साथ दी। इस अवसर पर पहले घर पर शांति पूजा कराई गई और उसके बाद ओल्ड एज होम बाराद्वारी में जाकर सुबह का नाश्ता बड़े बुजुर्ग को कराया गया। और दोपहर का खाना बाबा भूतनाथ मंदिर सर्किट हाउस पर गरीबों के बीच उनकी आत्मा को शांति के लिए दोपहर में खाना खिलाया गया। मौके पर राकेश सिंह, बेटा संजय सिंह ,राकेश सिंह, रितेश सिंह उनकी बेटी उषा सिंह एवं बहु रिमझिम सिंह ,लक्ष्मी सिंह ,शिल्पा सिंह और पोता हर्षवर्धन सिंह, आदित्य राज ,रणवीर सिंह पोती अन्विता सिंह ,रिद्धि सिंह, नथनी उजाला परमार ,ऊर्जा परमार और उनके दामाद उत्तम सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।



## राणी सती सत्संग समिति के शिविर में 83 यूनिट रक्त संग्रह

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की धार्मिक संस्था श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई के संस्थापक स्व निर्मल भारद्वाज की पुण्यतिथि पर रविवार को 21वां रक्तदान शिविर का आयोजन जुगसलाई श्री राणी सती दादी मंदिर के प्रथम तल्ले पर किया गया। शिविर में 83 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इससे पहले सुबह समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार रिंगसिया एवं स्व निर्मल भारद्वाज के परिवार से उनके बड़े भाई ओम प्रकाश, किशन, गोविंद, अदिति एवं खुशी भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कमल अग्रवाल, समिति अध्यक्ष अनिल कुमार रिंगसिया, समिति सदस्य राजेश अग्रवाल, अजय कुमार अग्रवाल आदि ने कहा कि स्व. निर्मल भारद्वाज एक मिलानसार व्यक्ति थे। इसे सफल बनाने में जमशेदपुर ब्लड बैंक की टीम क्रमशः डॉ निर्जला झा, धनंजय प्रसाद, सपन राणा, तापस कुण्ड, समीरन संतरा, रत्नेश कुमार सिंह तथा भीबीडीए के तरूण कान्ति घोष का योगदान रहा।



# वन विभाग की कार्यवाही के बावजूद सारंडा के अंकुआ कम्पार्टमेंट के जंगलों की हो रही कटाई

## आनंदपुर प्रखंड के कांडी गांव से चल रहा है जंगल कटाई का नेटवर्क

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जगन्नाथपुर :** सारंडा वन प्रमंडल के अंकुवा कम्पार्टमेंट संख्या-48 में कोलभंगा गांव से लगभग 3 किलोमीटर पूर्व दिशा के जंगलों को काटकर मैदान, खेत व घर बनाकर बाहरी लोगों को कब्जा दिलाने का मास्टरमाइंट आनंदपुर प्रखंड के हरता पंचायत अन्तर्गत कांडी गांव निवासी एक वृद्ध है. कांडी गांव से ही इस अवैध जंगल कटाई का पूरा नेटवर्क चल रहा है. इसी वृद्ध के संरक्षण व आदेशानुसार सारंडा के हरे-भरे जंगलों को काटकर न सिर्फ मैदान बनाकर पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है, बल्कि वन भूमि पर अवैध कब्जा जमाने का कार्य किया जा रहा है. हालांकि वन विभाग, पुलिस व सीआरपीएफ की संयुक्त कार्यवाही के बाद इस कार्य पर तो तात्कालिक विराम लगा है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि यह स्थायी विराम नहीं है. कांडी गांव निवासी उक्त वृद्ध के ऊपर एक बड़े व प्रभावशाली राजनीतिक नेता का संरक्षण प्राप्त है.



जिस वजह से उसे ऐसा कृत्य करने के प्रति कानून का थोड़ा भी भय नहीं है. उल्लेखनीय है कि सरकार ने वर्ष 2005 से जंगलों में जंगल काटकर बसे लोगों को वनाधिकार कानून के तहत वन भूमि का पट्टा जीविकोपार्जन हेतु देने का प्रावधान किया है. वर्ष 2005 के बाद अगर कोई जंगल काट व वन भूमि पर कब्जा करता है तो उसे इसका लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि वन विभाग के कड़े कानूनों के तहत ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने का प्रावधान है.

# जुगसलाई में आजाद समाज पार्टी से जुड़े सैकड़ों नौजवान

## युवाओं के बीच तेज़ी से बढ़ रही है आजाद समाज पार्टी की लोकप्रियता : काशिफ रजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रविवार को जुगसलाई में पार्टी की सदस्यता ग्रहण समारोह में सैकड़ों नौजवानों ने आज़ाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। काशिफ़ रज़ा ने कहा कि आज़ाद समाज पार्टी यहाँ के आदिवासी, दलित, पिछड़े, मुसलमान, ईसाई, सिख और शोषित वंचितों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने के लिए जनता के बीच जा रही है। आज के सदस्यता ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश संगठन सचिव नईम, ज़िला उपाद्यक्ष मुहम्मद शमीम, ज़िला कोषाध्यक्ष मुहम्मद दिलशाद ने पार्टी की विचारधारा को युवाओं को बताया। पार्टी की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से मुहम्मद यूसुफ, तौसीफ अहमद, मुहम्मद शाहिद, अल्तमश, शाहरुख खान, मुहम्मद अनस, जुनैद, शहजाद और कई युवा उपस्थित थे।

# नेताजी जयंती कमेटी के चित्रांकन व खेलकूद प्रतियोगिता में 1200 बच्चों ने लिया भाग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**घाटशिला :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जन्म जयंती समिति ने रविवार को घाटशिला के जगदीश चंद्र उच्च विद्यालय के आशा ऑडिटोरियम में चित्राकंन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 1200 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह उमंग के साथ भाग लिया। चित्राकंन प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से आयोजित हुई। चित्राकंन प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर घाटशिला रेलवे स्टैंड में आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा। चित्राकंन के बाद विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच जेसी स्कूल के मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जन्म जयंती समिति



के अध्यक्ष तापस चटर्जी ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभाओं को पहचान दिलाने वाले इस कार्यक्रम का हर वर्ष बड़े पैमानों पर आयोजन किया जाता है। इस मौके पर सुनील सरकार, डीपी हाटुई, मिठू विश्वास, मनोरंजन बख्शी, सुमोना गुप्ता, शिल्पी सरकार, सौंपा सरकार, शिवाजी चटर्जी, नीलू दत्ता, उत्तम सिन्हा, एस के करण समेत कई अन्य लोगो ने भूमिका निभाई।

# बहरागोड़ा से शुरू हुआ फार्मासिस्ट एसोसिएशन का अधिकार रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रविवार को सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन का अधिकार रैली बहरागोड़ा से शुभारंभ किया गया जिसमें काफी संख्या में फार्मासिस्ट सम्मिलित हुए। इस दौरान सभी को उनके अधिकार के बारे में जानकारी प्रदान किया गया और आने वाले कार्यक्रम का रणनीति बनाया गया। इस परिचर्चा में मुख्य अतिथि फार्मेसी काउंसिल इंडिया के एग्जीक्यूटिव मेंबर धर्मेंद्र सिंह ने अपने विचारों को रखा।



सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जितेंद्र शर्मा ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन मीडिया प्रभारी मनी मोहंती ने सभी फार्मेसिस्ट को सदस्यता ग्रहण कराई, वहीं वरिय फार्मासिस्ट विपिन बिहारी, राजेश कुमार सभी को शुभकामनाएं दिए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन घनश्याम बारीक ने दिया।

# कुकडु के ग्रामीण हाथियों से परेशान रोजाना कर रहें है फसल बर्बाद

## विभाग के रवैये से किसान लाचार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरूलडीह :** पिछले कुछ दिनों से लगातार कुकडु प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में हाथियों द्वारा ग्रामीणों के फसल को बर्बाद किया जा रहा है। वहीं कुछ दिन पूर्व ही प्रखण्ड के बकारकुड़ी गांव के एक युवक का हाथियों द्वारा कुचलकर दर्दनाक तरीका से मौत के घाट उतार दिया गया। पूरे प्रखंड में अभी धान काटनी और धन झाड़ाई का काम चल रहा है, किसान के कड़ी मेहनत के बाद फसल तैयार हुआ है,जिसमे भी कुछ दिन पूर्व अचानक आए बारिश ने किसान का आधा फसल खेत में ही खराब हो गया है। बाकी बचे हुए फसल किसान किसी तरह से अपने घर तक लाया है, उसमे भी हाथियों द्वारा घर गांव तक पहुंच कर क्षति किया जा रहा है। वहीं किसान खेती से पूर्व ऋष्ठा लेकर रोपाई करते है और खेती से होने वाले फसल को बेचकर उस ऋष्ठा का भुगतान करते है। इस प्रकार से हो रही हाथी के द्वारा किसानों के क्षति से किसान बहुत ही दुखी और असहाय महसूस कर रहे है। बीती रात पारगामा गांव



के ताड़ाई माझी का घर का दरवाजा तोड़ दिया, साथ में खलिहान में रखे हुए धन का कुछ हिस्सा खा कर हाथी चल दिए। साथ में मोटो माझी के घर का अगला हिस्सा को तोड़ दिया और उनका भी खलिहान में झाड़ाई के बाद रखा गया धान को खा के खत्म कर दिया। किसान का इस तरह से हो रही हाथी द्वारा नुकसान से पूरा प्रखंड के सभी किसान दुखी है। शाम होते ही पूरा क्षेत्र में भय का माहौल बना रहता है। वर्तमान में हाथी सामने के वेस्ट बंगाल के जंगल में जाकर रहते है और शाम होते ना होते ही पारगामा पंचायत के बिभन्न गांव चुनचुरिया, पारगामा, काडरगामा, काड़का आदि गांवों के खलिहान, खेत में रखे हुए धान सब्जी आदि को खा रहे है । वही विभाग को जंगल से सटे हुए गांवो में टॉर्च पटाखा आदि देकर हाथी द्वारा हो रही नुकसान से निजात पाने हेतु विशेष ध्यान देना चाहिए।

# माई किड्स प्री स्कूल का 11वां वार्षिक उत्सव सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** डॉ मनोहर लाल गोयल- श्रीनिवास केड़िया ट्रस्ट के तत्वाधान में माई किड्स प्री स्कूल सोनारी, माई किड्स प्रीस्कूल परसुडीह तथा अद्वितीय इन्नोवेटिव इंटरनेशनल स्कूल परसुडीह द्वारा संयुक्त रूप से 17 दिसंबर को स्थानीय मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के प्रेक्षागृह में 11वां वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनीष कुमार, डीडीसी ईस्ट सिंहभूम ,सम्मानित अतिथि डॉक्टर डी पी शुक्ला एवं विशेष अतिथि डॉ निधि श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया। माई किड्स प्री स्कूल एवम् अद्वितीय इन्नोवेटिव इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य ईशा गोयल ने अंत में अभिभावकों, कर्मचारियों अतिथियों एवं शिक्षिकाओं का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# असमर्थ बंदियों को मिलेगा नि:शुल्क वकील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सरायकेला द्वारा रविवार को मंडल कारा में दिसम्बर माह का मासिक जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में कई बंदियों द्वारा दिए गए आवेदनों में से चार मामलों पर विचार किया गया। जिसमें अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय के एक वाद का निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कवितांजली टोप्पो, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी सुशील कुमार



पिंगुआ, पब्लिक प्रोसिक्यूटर, चांडिल व्यवहार न्ययालय से अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी अमित आकाश सिन्हा वीसी के माध्यम से,स्थानीय कारागार के कर्मी , न्यायालय के कर्मी और सुधारगृह के बंदी उपस्थित थे। जागरूकता शिविर कार्यक्रम में उपस्थित बंदियों को बताया गया कि जो भी बंदी अपना केस लड़ने में असमर्थ हैं अथवा महिला, अनुसूचित जनजाति के हों वे अपने मुकदमे को लड़ने के लिए नि:शुल्क वकील और अन्य विधिक सहायता जिला विधिक सेवा प्राधिकार से आवेदन दे कर प्राप्त कर सकते हैं।

# स्वास्थ्य व फिटनेस के लिए सैकड़ो लोगों ने वॉकथॉन में लिया हिस्सा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** राष्ट्रव्यापी अभियान-मोटापा मुक्त राष्ट (ओबेसिटी फ्री नेशन) के तहत आज स्वास्थ्य एवं फिटनेस क्लब एफएबीएनएफआईटीआर द्वारा आयोजित जमशेदपुर वॉकथॉन को धालभूम एसडीओ पीयूष सिन्हा ने फ़ीता काट कर रवाना किया। इसमें 100 से अधिक स्वास्थ्य और फिटनेस उत्साही लोगों ने 5 किमी वॉकथॉन में भाग लिया। वॉकथॉन बिस्टुपुर के कॉन्ट्रैक्टर एरिया से जुबली पार्क तक हुआ। फिटनेस क्लब के वरिष्ठ अधिकारी अनुज



सिंह ने कहा, जमशेदपुर में पहली बार फिटनेस क्लब द्वारा आयोजित वॉकथॉन कार्यक्रम एक शानदार सफलता थी। बता दे कि पिछले दो वर्षों से एफएबीएनएफआईटीआर क्लब दैनिक फिटनेस सत्र आयोजित करता है और लोग प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 8.15 बजे तक ऑनलाइन सत्र में शामिल होते हैं। सत्र के दौरान विशेषज्ञों द्वारा पोषण पर आवश्यक सुझाव भी दिए जाते हैं।

# चांडिल को 1 गोल से हराकर मेजबान तुंगबुरू की टीम बनी चैम्पियन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के नक्सल प्रभावित तुंगबुरू गांव में अगहन संक्रांति के मौके पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। रविवार को रोहित एफसी चांडिल व तुंगबुरू फुटबॉल टीम के बीच फाइनल मैच का आयोजन हुआ। रोमांचक मुकाबले में तुंगबुरू ने चांडिल को 1 गोल से हरा दिया। आदिवासी युवा शक्ति क्लब तुंगबुरू की ओर से बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू के हाथों विजेता टीम को 70 हजार रुपए की नकद राशि व कप देकर पुरस्कृत किया गया। उपविजेता टीम को पटमदा दक्षिणी के जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा के हाथों 50 हजार रुपए एवं कप दिया गया। जबकि सेमीफाइनल में पराजित दलों झुंझका व शंकर स्पोर्टिंग क्लब, बामनगोड़ा को 30-30 हजार रुपए का पुरस्कार



दिया गया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में प्रो. पंचानन दास, दिवाकर टुडू, कानूराम बेसरा, केदारनाथ माझी व ठाकुर दास मंडल मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से आदिवासी युवा शक्ति क्लब के अध्यक्ष धीरेंद्र नाथ टुडू, उपाध्यक्ष छुटुलाल माझी, सचिव जागरण पाल, सहसचिव महेश्वर मुर्मू, कोषाध्यक्ष पंचानन मुर्मू, सह कोषाध्यक्ष राधानाथ सिंह, लंबोदर मांडी, साहेब हांसदा, सोमाय किस्कू, शोभान टुडू, विक्रम सिंह, कमल मुर्मू, आनन्द महतो आदि का सक्रिय योगदान रहा। फाइनल मैच में शानदार गोल करने वाले तुंगबुरू के खिलाड़ी किशन मांडी को जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा ने 500 रुपए देकर सम्मानित किया।

## बड़ा सिज़ुलता में गौड़ सेवा संघ का महा सम्मेलन संपन्न

# चतुर्भुज बारीक तीसरी बार बने अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजनगर :** राजनगर प्रखंड के बड़ा सिजुलता पंचायत भवन परिसर में रविवार को गौड़ सेवा संघ का एकदिवसीय महा सम्मेलन स्ट्रीइंग कमेटी के चेयरमैन मारकोंडो महाकुड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सम्मेलन में गौड़ सेवा संघ की केंद्रीय कमेटी का पुनर्गठन भी किया गया। जहाँ गौड़ समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। महासम्मेलन में केंद्रीय कमेटी का पुनर्गठन किया गया जिसमें चतुर्भुज



बारीक लगातार तीसरी बार अध्यक्ष मनोनित हुए। वहीं पितोवास प्रधान भी लगातार पांचवी बार केन्द्रीय महासचिव मनोनित हुए, वहीं सचिव-हरेकृष्णा प्रधान, कोषाध्यक्ष-चीनीवास प्रधान,उपाध्यक्ष नेबु प्रधान, अभिमन्यु प्रधान, नीलशेन प्रधान, शिशिर बेहरा, कमलदेव प्रधान मनोनित किए गए।वहीं पत्रकार उमाकांत प्रधान को गौड़ सेवा संघ का केन्द्रीय मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं जिला कमेटी में तीन नए सदस्यों को सरायकेला जिला केमटी में पदभार दिया गया। जिसमें चतुर्भुज प्रधान को जिला कोषाध्यक्ष एवं दिनेश प्रधान को जिला उपाध्यक्ष एवं हेमसागर प्रधान को जिला मीडिया प्रभारी का पदभार माला पहनाकर पदभार सोंपा गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में अशोक प्रधान, पवित्र महाकुड़, बालक महाकुड़, सोनू महाकुड़, देवाशीष महाकुड़, विष्णु महाकुड़ समेत समाज के सभी गणमान्यों सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## एमपी में कमलनाथ के माथे फूटा हार का ठीकरा

एमपी विधानसभा चुनाव में आशा के विपरीत परिणाम आने पर कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष पद से कमलनाथ को हटा दिया। इनके जगह पर पूर्व मंत्री और राहुल गांधी के नजदीकी माने जाने वाले जीतू पटवारी को मध्यप्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं सदन में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका अब आदिवासी नेता और विधायक उमंग सिंघार संभालेंगे। जीतू पटवारी को आलाकमान और दिग्विजय सिंह के करीब होने का फायदा मिला। बता दें कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की करारी हार के बाद से ही प्रदेश अध्यक्ष के बदलाव की बात कही जा रही थी। कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए जीतू पटवारी विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। उनका नाम काफी समय से चर्चा में था। उन्हें जिम्मेदारी देकर कांग्रेस ने आदिवासियों को भी साधा है। वहीं हेमंत कटारे को उप नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। इन नियुक्तियों से पता चलता है कि कांग्रेस का अब भी मालवा निमाड़ पर फोकस है। जीतू पटवारी और उमंग सिंघार दोनों यहीं से आते हैं। गौरतलब है कि भाजपा ने भी मालवा के उज्जैन से मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया है। उसके जवाब में कांग्रेस ने भी मालवा से ही युवा नेता जीतू पटवारी को कमान सौंपी। वहीं उमंग सिंघार और हेमंत कटारे के जरिए आदिवासियों को साधा है। जीतू पटवारी को मध्य प्रदेश की राउ विधानसभा सीट से हार का सामना करना पड़ा है। उन्हें बीजेपी के मधु वर्मा ने 35 हजार से अधिक वोटों से मात दी है। इस सीट से 2013 और 2018 के विधानसभा चुनाव में पटवारी ने जीत दर्ज की थी। मध्य प्रदेश की 230 सीटों में से बीजेपी को 163 सीटों पर जीत मिली और पार्टी ने मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया। इस चुनाव में कांग्रेस मात्र 66 सीटों पर जीत दर्ज कर सकी। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। यहां पांच साल तक सत्ता में रही पार्टी को 90 सीटों में से 35 सीटें मिली। बीजेपी ने 54 सीटों पर जीत दर्ज की। पार्टी ने विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाया है। दोनों ही राज्यों में हार के बाद दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने समीक्षा बैठक बुलाई थी। इस बैठक के बाद से ही संगठन में बदलाव की अटकलें लगाई जा रही थी। संभावना है कि राजस्थान में भी पार्टी इसी तरह का बदलाव कर सकती है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी के भीतर यह बदलाव अहम माना जा रहा है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारी में कांग्रेस नए वर्ष से जुटेगी। छिंदवाड़ा के बाद अब पार्टी बाकी सभी जिलों का दौरा करेगी। पार्टी इसके लिए कार्ययोजना बना रही है। जिला प्रभारियों से कहा गया है कि वे भी विधानसभावार बूथ लेवल एजेंट की सक्रियता को लेकर रिपोर्ट दें। कहीं परिवर्तन करना है तो उसे अगले माह ही कर लिया जाए। दरअसल, अगले साल मार्च में लोकसभा चुनाव की घोषणा की संभावना के मद्देनजर कम समय बचा है। मार्च में चुनाव की घोषणा हो सकती है। संगठन ने तय किया है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सभी जिलों का दौरा करेंगे। अन्य सभी नेताओं को भी सक्रिय किया जाएगा। प्रदेश और जिला संगठन में जो परिवर्तन किए जाने हैं, वे भी जनवरी में ही कर दिए जाएंगे, ताकि नई टीम पूरी ताकत से चुनाव की तैयारी में जुट जाए। उधर, जिला प्रभारियों से बूथ लेवल एजेंट की सक्रियता को लेकर भी रिपोर्ट मांगी गई है। दरअसल, विधानसभा चुनाव के बाद हुई समीक्षा बैठक में यह बात सामने आई थी कि बूथ लेवल एजेंटों का सहयोग प्राप्त नहीं हुआ। जबकि, पहली बार पार्टी ने 62 हजार से अधिक बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए थे। प्रदेश संगठन ने यह भी तय किया है कि विधानसभावार चुनाव परिणाम को लेकर जो रिपोर्ट तैयार की जा रही है, उसमें बूथ, सेक्टर और मंडलम समितियों की रिपोर्ट को भी सम्मिलित किया जाएगा। बूथ, सेक्टर और मंडलम समितियों का गठन कर बूथ प्रबंधन की कमान सौंपी गई थी, इससे परिणाम क्यों नहीं मिले, इस पर भी समीक्षा होगी। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 163 सीटें जीतते हुए बंपर जीत हासिल की। कांग्रेस की करारी हार हुई। इसके बाद ही प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की अध्यक्षता पर सवाल उठने लगे थे।विधानसभा चुनाव के दौरान कमलनाथ ने सीट बंटवारे के लिए इंडिया गठबंधन के सपा प्रमुख अखिलेश यादव, जेडीयू के नीतीश कुमार सहित कई नेताओं के खिलाफ कमेंट भी किए थे। इंडिया गठबंधन में जुड़ी अखिलेश यादव की पार्टी सपा और नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू एमपी चुनाव में अपने कैंडिडेट उतारना चाहती थी। यहां पर सपा चार सीटों पर तो जेडीयू ने एक सीट पर प्रत्याशी उतारने की बात कही थी। लेकिन कमलनाथ इसके लिए नहीं माने। इतना ही नहीं जब उनसे अखिलेश यादव द्वारा टिकट मांगने का पूछा गया तो उन्होंने कहा था छोड़िए अखिलेश वखिलेश को। उनके इस बयान के बाद से ही इंडिया गठबंधन के नेता नाराज हो गए थे। यही सब कारण है कि मध्यप्रदेश में हार का ठीकरा कमलनाथ के माथे फूटा।

### अनुच्छेद 370 को रद्द करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले को बरकरार रखा

## पाकिस्तान को 370 पर क्यों लगी सबसे ज्यादा मिर्ची?

मुकुंद

बात भारत की है। भारत के आंतरिक मामले की है। मगर सबसे ज्यादा मिर्ची पाकिस्तान को लगी है। साफ है अच्छे पड़ोसी का धर्म पाकिस्तान कभी निभा नहीं सकता। अनुच्छेद 370 पर भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आतंकवाद को पालने-पोसने वाले पाकिस्तान ने जहर उगला है। उसकी बौखलाहट से साबित होता है कि उसकी नजर जम्मू-कश्मीर पर लगी हुई है। मगर उसे अब यह ध्यान रखना होगा यह नेहरू, इंदिरा, राजीव और मनमोहन सिंह वाला भारत नहीं है। यह नया भारत है। यह नया भारत राष्ट्रवादी नेता नरेन्द्र मोदी का है। यह भारत आंख तरेरने वाले के शरीर को मरोड़ने की ताकत रखता है। आखिर कौन होता है पाकिस्तान, जो यह कहे कि भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कोई कानूनी महत्व नहीं है। उसे यह कहने का कतई हक नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय कानून भारत की 5 अगस्त, 2019 की एकतरफा और अवैध कार्रवाइयों को मान्यता नहीं देता है। बोलने की सबको आजादी है। सो पाकिस्तान को जो बोलना हो बोले। उसे दुनिया गंभीरता से नहीं लेती है। डंके की चोट पर भारत के सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को रद्द करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले को बरकरार रखा है, जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था। यह फैसला आते ही पाकिस्तान का कार्यवाहक विदेशमंत्री जलील अब्बास जिलानी प्रेस कॉन्फ्रेंस करता है। वह कहता है, 'कश्मीरियों को संयुक्त राष्ट्र के प्रासंगिक प्रस्तावों के अनुसार आत्मनिर्णय का अधिकार है। भारत को कश्मीरी लोगों और पाकिस्तान की इच्छा के खिलाफ इस विवादित क्षेत्र की स्थिति पर एकतरफा निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है।' जिलानी ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर को लेकर विवाद सात दशकों से अधिक समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एजेंडे में बना हुआ है। पाकिस्तान की इस टिप्पणी का कोई मायने नहीं है। वह जम्मू-कश्मीर का राग अलापता ही रहता है। जिलानी


अनुच्छेद 370 पर भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आतंकवाद को पालने-पोसने वाले पाकिस्तान ने जहर उगला है। उसकी बौखलाहट से साबित होता है कि उसकी नजर जम्मू-कश्मीर पर लगी हुई है। मगर उसे अब यह ध्यान रखना होगा यह नेहरू, इंदिरा, राजीव और मनमोहन सिंह वाला भारत नहीं है। यह नया भारत है। यह नया भारत राष्ट्रवादी नेता नरेन्द्र मोदी का है। यह भारत आंख तरेरने वाले के शरीर को मरोड़ने की ताकत रखता है। आखिर कौन होता है पाकिस्तान, जो यह कहे कि भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कोई कानूनी महत्व नहीं है। उसे यह कहने का कतई हक नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय कानून भारत की 5 अगस्त, 2019 की एकतरफा और अवैध कार्रवाइयों को मान्यता नहीं देता है।





कान खोल कर सुन लो, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। वह भारत का है। भारत का रहेगा। तुम देखते जाओ, आगे होता है और क्या-क्या। जिलानी ने इस संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर कहा कि पाकिस्तान इस फैसले के बाद भी नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर शांति कायम रखना चाहेगा। जिलानी याद रखो, तुम्हारी इस बात पर कोई भरोसा नहीं कर सकता। न ही किया जाना चाहिए। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने अपनी शराफत दिखा दी है। कहा है कि भारत की शीर्ष अदालत ने पक्षपातपूर्ण निर्णय सुनाया है। इन टिप्पणियों से लगता कि इस फैसले से समूचा पाकिस्तान बिलबिला गया है। पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि एक बार फिर यह साबित हो गया है कि भारत अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का पालन नहीं करता है। भारत के आंतरिक मामलों पर बेसिरपैर की बात करना पाकिस्तान के नेताओं के लिए नई बात नहीं है। मुल्क को आतंकवाद और आर्थिक संकट की भट्ठी पर झोंकने वाले यह नेता भूल रहे हैं कि झूठी तकरीरों से जनता का पेट नहीं भरता। उसके लिए ईमानदार शासन चाहिए होता है। यह दुनिया जानती है कि पाकिस्तान में सच्चा लोकतंत्र कभी नहीं रहा। वह फौजी हुकूमत का आदी है। बकवास कर रहे पाकिस्तान के हुक्मरानों अब हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दहाड़ सुन लो। उन्होंने कहा है कि भारत के सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है। यह सिर्फ कानूनी फैसला नहीं है। यह उम्मीद की किरण और एक मजबूत एवं अधिक एकजुट भारत के निर्माण के सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। यह फैसला जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए आशा, प्रगति और एकता की शानदार घोषणा का प्रतीक है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने और जस्टिस बीआर गवई एवं जस्टिस सूर्यकांत की ओर से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। राष्ट्रपति के पास इसे रद्द करने की शक्ति है। शीर्ष अदालत ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को अलग करने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखा है। केंद्र सरकार ने इसी दिन अनुच्छेद 370 को निरस्त किया था। इस फैसले पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सही कहा है कि सरकार के 5 अगस्त, 2019 के फैसले को बरकरार रखने का उच्चतम न्यायालय का फैसला देश के इतिहास में दर्ज किया जाएगा। मेहता ने कहा कि 5 अगस्त, 2019 से पहले अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने की प्रक्रिया में इकलौते वकील के रूप में शामिल और उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के समक्ष दलीलें रखने के कारण यह उनके लिए भी ऐतिहासिक पल है। पाकिस्तान के नेताओं यह भी सुन लो उन्होंने यह भी कहा है कि यह केवल हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और हमारे गृहमंत्री अमित शाह का दृढ़ संकल्प और शानदार रणनीति है जिसने इस ऐतिहासिक फैसले को संभव बनाया। देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। तुषार मेहता ने कहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि सरदार वल्लभभाई पटेल की आत्मा को आज संतुष्टि मिली होगी, क्योंकि जिस प्रावधान को वह भारत के संविधान में शामिल किए जाने से रोक नहीं सके थे, वह आखिरकार हटा दिया गया है। वह नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को आशीर्वाद दे रहे होंगे। पाकिस्तान की सत्ता के सौदागरों बार-बार पढ़ लो भारत के प्रधानमंत्री मोदी और तुषार मेहता की टिप्पणी को। मेहता ने जिन सरदार वल्लभभाई पटेल का जिक्र किया है, उनके बारे में न जानते हो तो, जान लो। एक वाकया से समझ लो। वह है-3 जनवरी, 1948 का। भारत का विभाजन हुए छह महीने होने को थे। कश्मीर में कबायली आक्रमण जारी था। पाकिस्तान की शह पर जारी हमले से सरदार पटेल क्षुब्ध थे। इस बंटवारे से बंगाल भी क्षुब्ध था। तब कलकत्ता में इसी रोज लोगों ने एक सभा रखी। सरदार पटेल इस सभा में खुलकर बोले। इतना बोले कि उसकी तासीर देर तक देश को महसूस हुई। भारत में तब भी एक तबका ऐसा था, जिसे लगता था कि भारत और पाकिस्तान का बंटवारा बनावटी है। एक दिन ऐसा जरूर आएगा, जब दोनों देश एक हो जाएंगे। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने तो भारत-पाकिस्तान महासंघ तक का सुझाव दिया था। मगर सरदार पटेल ने भारत-पाकिस्तान एकता के प्रस्ताव को दो-टूक शब्दों में खारिज कर दिया था। पटेल ने कहा था, 'आपने पाकिस्तान बनाया, बहुत ठीक है। आपको मुबारक हो, लेकिन भारत-पाकिस्तान एक नहीं हो सकते।' सरदार पटेल ने कहा था कि पाकिस्तान खुली यानी आमने-सामने की लड़ाई नहीं कर रहा। वह अपने आदमी, हथियार और रास्ता कश्मीर पर हमले के लिए दे रहा है।

**दृष्टि कोण**

## पराली जलाना गंभीर पर्यावरण समस्या

सर्दियों में पूरे उत्तर भारत में विभिन्न कारणों के चलते वायु प्रदूषण का स्तर उच्च हो गया है। धान की फसल की कटाई के बाद खेतों को रबी की फसल की बुवाई हेतु जल्दी खाली करने के लिए उत्तर भारत के कुछ किसान फसल के अवशेष अर्थात पराली को जलाते हैं। इससे पूरे क्षेत्र में वायु प्रदूषण का स्तर उच्च हो जाता है। यह स्थिति दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में काफी गंभीर रूप धारण कर लेती है। सर्दियों में होने वाले इस प्रदूषण से बचने हेतु सरकारें (केन्द्र एवं संबंधित राज्य) हर साल कई कदम उठाते हैं। देवभूमि जैसे पहाड़ी राज्य भी इसके शिकार हो रहे हैं। सर्दियों में उत्तर भारत में प्रदूषित वायु के बादल (स्मॉग या धुएं) छा जाने के अनेक कारण हैं। आइए, इनको समझें। सबसे पहले, खरीफ सीजन की फसलों (मुख्यतः धान) को यदि किसान हाथों से काटेगा और फसल अवशेष को पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित तरीके से निपटान करेगा तो उसे इस कार्य में न सिर्फ ज्यादा वक्त लगेगा, बल्कि श्रम लागत भी अधिक हो जाती है। इससे



कृषि का लागत मूल्य काफी उच्च हो जाता है और किसान को घाटा होता है। अतः इस स्थिति से बचने के लिए और रबी की फसल की सही समय पर बुवाई हेतु किसान अपनी फसल के अवशेष (पराली) को जलाना उचित समझता है। कुछ ऐसा भ्रम भी फैला हुआ है कि फसल के अवशेष को जलाने के बाद व्युत्पन्न हुई राख मृदा की उर्वरता को बढ़ाती है। उत्तर भारत के कुछ राज्यों में फसल प्रतिरूप वहां की जलवायु के मुताबिक नहीं है। विद्युत पर किसानों को सब्सिडी देने पर बोरवेल (नलकूप) के माध्यम से जमकर भूमिगत जल का दोहन होता है। पराली जलाने वाले राज्यों में एक तो मजदूरी महंगी है और दूसरी तरफ धान की कटाई के वक्त पर्याप्त संख्या में मजदूर भी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों से पंजाब, हरियाणा आदि में बड़ी संख्या में मजदूर आते थे, परंतु अब स्थानीय स्तर पर अपने राज्यों में ही मनरेगा के माध्यम से मजदूरी मिलने के चलते कम संख्या में मजदूर पलायन करते हैं। सर्दियों में दिल्ली एनसीआर की तरफ उत्तरी राज्यों से हवाएं आती हैं। ये हवाएं अनेक प्रकार से पराली आदि से उत्पन्न हुए प्रदूषण को लाती हैं, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से प्रदूषण के साथ-साथ नमी भी लाती हैं। अतः प्रदूषण और नमी मिलकर एक भयंकर स्मॉग के बादल का निर्माण करते हैं। पराली या अन्य फसल अवशेषों को जलाने से मिट्टी की उपजाऊ क्षमता नष्ट होती है। उसमें नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटैशियम एवं अन्य सूक्ष्म पोषक तत्त्वों की कमी हो जाती है। इस कारण अगली फसल में उच्च उत्पादकता हेतु किसान और ज्यादा मात्रा में रासायनिक खादों का प्रयोग करता है। इससे देश पर खाद सब्सिडी का बोझ बढने के साथ-साथ किसानों की कृषि लागत भी बढ़ जाती है। चूंकि रासायनिक खाद का भारत बड़ी मात्रा में आयात करता है तो इससे भारत का व्यापार घाटा बढ़ता है और देश के विदेशी भण्डार में कमी आती है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसान इसी तरह पराली को जलाते रहे और उसकी भरपायी हेतु अधिक रासायनिक खाद का प्रयोग करते रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब समूचे क्षेत्र की भूमि बंजर हो जाएगी। इस प्रक्रिया में अनियंत्रित रूप से भूमिगत जल का दोहन भी भूमिका निभाएगा। इस प्रकार स्पष्ट है कि पराली को जलाना एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या को उत्पन्न करने की ओर अग्रसर है। पराली में आग लगाने से जैव विविधता को भी नुकसान पहुंचता है। पौधों के अवशेषों में कई प्रकार के जीव उपस्थित होते हैं जिनकी आग के कारण असामयिक मृत्यु हो जाती है, जो पर्यावरण को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

**कुछ अलग**

## अप्रत्यक्ष भ्रष्टाचारी होने के खतरे

उनको जब भी मौका मिलता है, वे सारे घर के काम छोड़ कुछ न कुछ समाज विरोधी बना अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करने में मग्न से लेकर निमग्न तक हो जाते हैं। कोरोना काल में भी उन्होंने समाज विरोधी अंधविश्वास का टीका बनाने की कुचेष्टा की थी। पर उस वक्त अंधविश्वास वालों के आगे उनका टीका दो मिनट भी नहीं टिक पाया था और वे एक समाज विरोधी घृणित कार्य करने से अंधविश्वासियों द्वारा बचा लिए गए थे। जिनको डूबना ही हो वे रेत में भी डूब जाया करते हैं। कुएं या तालाब के पास जाने की उनको कतई जरूरत नहीं होती। अबके उन्होंने फिर समाज की लोक लाज की परवाह किए बिना समाज से चोरी छिपे भ्रष्टाचार की वैक्सीन बना समाज विरोधी घृणित कार्य कर डाला। जब उनकी वैक्सीन बनकर तैयार हो गई तो उनका अपनी वैक्सीन पर अंधविश्वास देखने लायक था। अपने अंधविश्वास पर अति का विश्वास करते उन्होंने पागलपन के दौरे में मुझे अपनी इस वैक्सीन के बारे में बताया तो मेरे पैरों तले से जमीन सरक गई। तय था, बंधु को अबके फिर जूते खाने से कोई नहीं रोक सकता। वैसे इस वैक्सीन को जनहित में अपनी प्रजा को लगाने का सरकार रिस्क तो लेगी नहीं, पर जो गलती से अगर ये वैक्सीन कुछ देकर समाज में लग गई या भ्रष्टाचार प्रियों ने इसे विरोधी खेमें के भ्रष्टाचार प्रियों को लगाने की परमिशन दे दी तो भ्रष्टाचार के बूते स्वर्ग की बुकिंग करवाने वालों का क्या होगा? यह सोचकर ही मेरा दम घुटने लगा। लगा, मेरी ही नहीं, ज्यों सारे ब्रह्मांड की ऑक्सीजन खत्म गई हो। अपनी भ्रष्टाचार की वैक्सीन का ट्रायल करने के लिए उन्होंने स्वस्थ भ्रष्टाचारियों पर अब तक हुए सारे सर्वे टटोल डाले, पर उनको देश में एक भी स्वस्थ भ्रष्टाचारी जीव उसके ट्रायल के लिए न मिल पाया। अब समस्या ये कि भ्रष्टाचारी युग के महान आविष्कारक होने के लिए वे इस वैक्सीन का प्रयोग करें तो किस पर करें? मित्रो! शरीफ दोस्त और काठ की हांडी बार बार शातिर दोस्तों और चूल्हे की भेंट चढ़ती रही है। शरीफ दोस्त आड़े वक्त दिल खोलकर यूज किए जाते रहे हैं, और शरीफ दोस्त मजे से मन मसोस मौन यूज भी होते रहे हैं। सो थक-हार कर पूरे आत्मविश्वास के साथ उन्होंने मुझे फोन लगाया। उनकी नजरों में मैं सिर से पांव तक ईमानदार भ्रष्टाचार कैटेगिरी का जीव हूं। भ्रष्टाचार के नाम पर मैंने पूरी ईमानदारी, सत्य निष्ठा से भ्रष्टता का अचार खाना तो दूर, उसे छुआ भी नहीं है। 'और बंधु क्या कर रहे हो?' 'कुछ नहीं। बस, यों ही...।' 'ट्रायल के घोर आपातकाल में तुम्हारी जरूरत आन पड़ी है। और तुम तो जानते ही हो कि आड़े वक्त में शरीफ मित्र ही यूज किए जा सकते हैं।' वैसे मैं शरीफ तो हूं, पर इतना भी शरीफ नहीं! क्योंकि मैं रोटी को रोटी बोल लेता हूं। इसलिए उन जैसे दोस्तों के मुंह अपनी ओर खुलते ही बहुधा उनके स्वार्थी इरादे भांप जाता हूं। पर जब उन्होंने हाथ पांव जोड़ निवेदन नहीं, आत्म निवेदन किया तो मेरे पैरों तले से बची जमीन सरकने लगी। ले बच्चे, आज फंसा बड़े अंतराल बाद अकाल दोस्त के चक्कर में। वैसे वह दोस्त ही क्या जो वक्त आने पर बेझिझके अपने दोस्त को नींबू की तरह निचोड़ कर न रख दे। 'कहो मित्र! दोस्तों से बदतमीजी के इस संक्रमण काल में क्या जरूरत आन पड़ी है मेरी।' 'मैंने भ्रष्टाचार की वैक्सीन ईजाद की है।' 'बधाई हो! लाख रोकने के बाद भी आखिर तुम एक बार फिर समाज विरोधी कुकृत्य कर ही गए। डियर! मैंने तुम्हें कितनी बार कहा कि समाज में कुछ भी ईजाद किया करो, पर समाज विरोधी कुछ भी ईजाद मत किया करो। पता है तुम्हारे इस आविष्कार से समाज का कितना नुकसान होगा।' 'देखो! अब जो बन गया, सो बन गया।

**देश दुनीया से**

## साहसिक पर्यटन से समावेशी विकास




प्रधानमंत्री ने अगले 25 वर्षों के लिए एक रणनीतिक रोडमैप के साथ अमृत काल के दौरान पर्यटन को विकसित करने के लिए एक मिशन मोड दृष्टिकोण की कल्पना की है। इसका उद्देश्य 2047 में भारत/100 मनाते समय तक भारत को विश्व स्तर पर सबसे अग्रणी यात्रा गंतव्य के रूप में स्थापित करना है जिससे दुनिया भर के आगंतुकों के लिए अद्वितीय अपील पैदा होगी। पर्यटन उद्योग न केवल विकास को चलाता है, बल्कि व्यापक पैमाने पर विभिन्न प्रकार की उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों का उत्पादन करके लोगों के जीवन को भी बढ़ाता है।


भारत की जी-20 अध्यक्षता और आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के प्रकाश में, पर्यटन मंत्रालय ने इनबाउंड यात्रा को बढ़ावा देने के लिए 2023 को विजिट इंडिया वर्ष के रूप में नामित किया है। प्रधानमंत्री ने अगले 25 वर्षों के लिए एक रणनीतिक रोडमैप के साथ अमृत काल के दौरान पर्यटन को विकसित करने के लिए एक मिशन मोड दृष्टिकोण की कल्पना की है। इसका उद्देश्य 2047 में भारत/100 मनाते समय तक भारत को विश्व स्तर पर सबसे अग्रणी यात्रा गंतव्य के रूप में स्थापित करना है जिससे दुनिया भर के आगंतुकों के लिए अद्वितीय अपील पैदा होगी। पर्यटन उद्योग न केवल विकास को चलाता है, बल्कि व्यापक पैमाने पर विभिन्न प्रकार की उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों का उत्पादन करके लोगों के जीवन को भी बढ़ाता है। यह पर्यावरण संरक्षण, विविध सांस्कृतिक विरासत और अंतरराष्ट्रीय शांति को बढ़ावा देता है। भारतीय पर्यटन उद्योग ने 2020 में 39 मिलियन लोगों को रोजगार दिया, जो देश में कुल रोजगार का 8 फीसदी है। भारतीय पर्यटन उद्योग 2047 तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार करने की राह पर है, जिसमें डेटा-संचालित पर्यटन विकास का एक महत्वपूर्ण चालक बनने के लिए तैयार है। 2016 और 2019 के बीच विदेशी मुद्रा लाभ 7 फीसदी की सीएजीआर/चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा, लेकिन कोविड-2019 महामारी के कारण 2020 में गिर गया। कोविड-19 महामारी के कम होने के साथ, भारत का पर्यटन क्षेत्र पुनरुत्थान के संकेत दे रहा है। भारत का पर्यटन उद्योग अपनी समृद्ध विरासत, सांस्कृतिक और मनोरम स्थलों के साथ असीम संभावनाओं के एक प्रकाश स्तंभ के रूप में खड़ा है। भारत को स्थानीय और विदेशी दोनों आगंतुकों के लिए एक आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता दी गई है। 2030 तक, भारत सरकार क्रूज पर्यटन, इकोटूरिज्म और साहसिक पर्यटन पर विशेष जोर देने के साथ समावेशी विकास के माध्यम से विदेशी मुद्रा में 56 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 140 मिलियन नए पर्यटक संबंधित रोजगार उत्पन्न करने का इरादा रखती है। साहसिक पर्यटन दूरस्थ स्थानों की खोज या यात्रा साहसिक पर्यटन का हिस्सा है। साहसिक पर्यटन मांग में सबसे तेजी से विस्तार करने वालों में से एक है। पर्यटन मंत्रालय ने भारत को दुनिया भर में साहसिक पर्यटन के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए साहसिक पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति विकसित की है। 2032 तक, साहसिक और खेल पर्यटन में 6 मिलियन नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। वैश्विक साहसिक पर्यटन बाजार का आकार 2023 में लगभग 336.03 बिलियन अमरीकी डालर तक पहुंच गया। बाजार 2024 और 2032 के बीच 19.9 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढने का अनुमान है और 2032 तक लगभग 1998.37 बिलियन अमरीकी डालर का मूल्य प्राप्त करेगा। लोकप्रिय साहसिक पर्यटन गतिविधियों में पर्वतारोहण, पैराग्लाइडिंग, स्कीइंग, ट्रैकिंग, बंजी जंपिंग, माउंटेन बाइकिंग, कैनोइंग, रिवर राफ्टिंग, कयाकिंग, स्कूबा डाइविंग, लंबी पैदल यात्रा, नौकायन और रॉक क्लाइम्बिंग गतिविधियों के रूप में शामिल हो सकते हैं। साहसिक पर्यटन व्यक्तियों के तनाव के स्तर को कम कर सकता है, उनकी शारीरिक फिटनेस और आत्मविश्वास को बढ़ा सकता है और दूसरों के बीच उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है। पर्यटन और आतिथ्य, भारत के सबसे बड़े सेवा उद्योगों में से एक के रूप में, राष्ट्र के विकास और समृद्धि को चलाने में एक असाधारण भूमिका निभाता है। पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र मेक इन इंडिया पहल का एक अभिन्न अंग है, जो एक महत्वपूर्ण आर्थिक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है जो रोजगार सृजन और तेजी से विकास को बढ़ावा देता है। 2023 में घोषित केंद्रीय बजट ने पर्यटन को सुर्खियों में एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में मजबूती से रखा है। विविधता और लिंग सशक्तिकरण के महत्व को पहचानते हुए, पर्यटन उद्योग महिलाओं के एक प्रमुख नियोक्ता के रूप में खड़ा है। सरकार एक अनुकूल कार्य वातावरण बनाने के लिए उद्योग के हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करती है जो समान अवसरों को बढ़ावा देती है और महिला कर्मचारियों के योगदान का जश्न मनाती है। प्रगतिशील दृष्टिकोण को अपनाते हुए, भारत स्वचालित मार्ग के तहत पर्यटन उद्योग में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का स्वागत करता है। वैश्विक साहसिक पर्यटन बाजार इंटरनेट की उच्च पहुंच, विकसित मोबाइल एप्लिकेशन, बिग डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पर्यटन उद्योग को बढ़ाने के लिए अद्वितीय अनुभवों की बढ़ती खोज जैसे कारकों से प्रेरित है। भारत में कई ऐसे हिल स्टेशन हैं जहां आप अक्सर घूमने के लिए गए होंगे और वहां की हरी-भरी वादियों और बर्फीली घाटियों को देखकर आनंदित भी हुए होंगे। लेकिन बहुत से लोग ऐसे भी होते हैं जो हिल स्टेशन की यात्रा तो करना चाहते हैं जिससे उनकी इस यात्रा में कोई एडवेंचर भी हो।

**आप का नजरीया**

## नए साल के दो नए मंत्री

एक साल की सरकार ने अपनी हैसियत और राजनीति की हसरत में दो नए चेहरे चुन लिए और अब मंत्रिमंडल की सूई में सिर्फ एक सुराख रह गया। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में अब एक और मंत्री राजेश धर्माणी के रूप में तथा कांगड़ा-चंबा संसदीय परिपाटी में यादविंदर गोमा को स्थान मिल रहा है। इस तरह मर्ज का इलाज फिर दर्द की सूली पर सुधीर शर्मा तथा राजेंद्र राणा को चढ़ा गया। इस खोज में पूरा एक साल लगा है, जबकि अगले साल की पैमाइश में सत्ता को लोकसभा चुनाव की रणनीति तथा रणभूमि पर अपना जौहर दिखाना है। मंत्रिमंडल विस्तार की भुजाओं में नवजोश और युवा ऊर्जा का शृंगार हुआ है, फिर भी यह अप्रत्याशित या असंगत नहीं। यह दीगर है कि एक साल की कसौटियों में कई विभाग और विभागों के मंत्री अपनी छाप नहीं जमा पाए हैं। यह भी साबित होता रहा कि मंत्रिमंडल से कहीं अधिक प्रभावशाली मंडे बैठकें होने लगी हैं। कांग्रेस सरकार के बीच क्षेत्रीय संतुलन की खासी कमी कांगड़ा को लेकर रही है और एक साल घुटनों के बल चल कर जिला को मात्र एक और मंत्री पद मिला, जबकि जिला के वरिष्ठ तथा चार बार के विधायक सुधीर शर्मा को हाशिए से बाहर करने की एक और मशक्कत हुक्मरानों ने कर दी। कांग्रेस आदतन जिस रोग से पीड़ित है, उसके लक्षण हिमाचल में अभी मिटे नहीं। अब देखना यह होगा कि आगामी लोकसभा चुनावों में प्रदेश की चार सीटों पर सरकार का कितना करिश्मा और संगठन का कितना रुतबा असर करता है। पहले ही सोलन नगर निगम मेयर के चुनाव ने सिद्ध कर दिया है कि आंतरिक कलह मिटाने में पार्टी भाजपा की तरह सक्षम नहीं। सरकार के गले में गारंटियों की घंटियां बंधी हैं और ये बजट का सारा शहद चूस कर भी अतृप्त व असंतुष्ट हैं। पिछले एक साल में तीन गारंटियों में तीन और जमा करके कांग्रेस को अपनी वचनबद्धता तथा सरकार को अपनी विश्वसनीयता पुष्ट करनी है, तो सामने चौबीस घंटे चुनाव के लिए तैयार बैठी भाजपा से मुकाबला करना एक सदी को लांघने जैसा है। अपने एक साल के रिपोर्ट कार्ड में कांग्रेस सरकार ने कुछ निर्णयों, कुछ कार्रवाइयों और आपदा राहत के पैमानों का जिक्र किया है, लेकिन विकास के रास्तों पर सरकार को अब प्रमाणित तौर पर कुछ दिखाना भी होगा। कांगड़ा को पर्यटन राजधानी, प्रदेश में ग्रीन कोरिडोर, जिला मुख्यालयों में हेलिपोर्ट, विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श अस्पताल और राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों के नक्शे नहीं, बुनियाद के पत्थर दिखाने पड़ेंगे। बेशक अतीत में कांग्रेस केवल वीरभद्र सिंह के वर्चस्व की निशानियां ढोती रही, लेकिन मौजूदा दौर में पुनः वर्चस्व के लिए एक गुमनाम संघर्ष दिखाई देता है। अगर ऐसा न होता, तो मंत्रिमंडल के बाहर सजे तमाम पद या बिना किसी उपहार के कैबिनेट रैंक कैसे बंटते। कांगड़ा के मुख्यालय में कांग्रेस का एक साल मुबारकबाद कहता रहा, लेकिन जिला का हिसाब पूरा नहीं हुआ। खास तौर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर के भविष्य पर मौजूदा सरकार का ग्रहण, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की रिश्तेदारी में मृत्युलोक तक पहुंचाया जा चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### दोमुहान नदी तट पर बलवंत सिंह के द्वारा वन भोज कार्यक्रम का आयोजन

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका प्रखंड स्थित दोमुहान नदी के तट पर शिव मंदिर के प्रांगण में वन भोज सह राजनीतिक चेतना शिविर का भव्य आयोजन कार्यक्रम किया गया। आयोजन 17 दिसंबर दिन रविवार को मनिका पश्चिमी क्षेत्र जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम चाईबासा से लौटने के क्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह 20 सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी भी शामिल हुए, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मनिका विधानसभा क्षेत्र से हजारों कि संख्या में युवा साथी भाग लिये, इस अवसर पर सम्मानित समारोह कार्यक्रम भी किया गया जहां गणमान्य लोगों एवं पत्रकार बंधुओं, को फुल माला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता सागर यादव ने किया। व्यवस्थापक रंजीत यादव, अमित कुमार, मुरारी ठाकुर, जवाहर सिंह, संदीप उरांव, तथा कार्यक्रम का संचालन शशिभूषण राम, केपीयादव तथा सुरुर अंसारी ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यदेव सिंह,ओमप्रकाश प्रसाद, विरेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश यादव, तौकिर आलम, रविन्द्र तिर्की, सुरेंद्र यादव, देवलाल यादव, मुकेश यादव, पंकज यादव, राम सिंह, सिकेश्वर राम, इत्यादि लोगों ने सहयोग किया। इस अवसर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज़िप सदस्य बलवंत सिंह ने कहा कि मेरे लिए जनता सेवा ही सर्वोपरि है। मैं जनता सेवा करते आया हूं, आगे भी जनता के लिए हमेशा खड़ा हुं। वहीं इस अवसर पर स्थानीय महिलाओं के द्वारा लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

### जलमीनार मे लगे सोलर की चोरी



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र से बीते रात अज्ञात चोरों ने लगे जल मीनार से सोलर की चोरी कर ली। जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया केदार गंझु ने बताया कि पंचायत के दाकादीरी ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र में वर्ष 2022-23 में 15 वें वित आयोग से जलमिनार लगाया गया था जो शनिवार रात में अज्ञात चोरों ने 3 सोलर की चोरी कर लिया। सोलर चोरी होने से आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों पेयजल सहित सभी तरह की परेशानी होने लगी है। बारियातू। थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत डाकादीरी आंगनबाड़ी केंद्र से बीते रात अज्ञात चोरों ने लगे जल मीनार से सोलर की चोरी कर ली। जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया केदार गंझु ने बताया कि पंचायत के दाकादीरी ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र में वर्ष 2022-23 में 15 वें वित आयोग से जलमिनार लगाया गया था जो शनिवार रात में अज्ञात चोरों ने 3 सोलर की चोरी कर लिया। सोलर चोरी होने से आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों पेयजल सहित सभी तरह की परेशानी होने लगी है।

### बढ़ते ठंड को देखते हुए वार्ड सदस्या रितु राज ने कंबल का वितरण किया



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में बढते ठंढ को देखते हुए सदर पंचायत के वार्ड संख्या 14 के वार्ड सदस्या रितुराज ने अपने पिता बजरंग प्रसाद के साथ रविवार को पोषक क्षेत्र के बीस बृद्ध असहाय महिला पुरूष के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण के संबंध में वार्ड सदस्या राज के पिता प्रसाद ने बताया कि पंचायत के मुखिया सरिता देवी के द्वारा बीस कंबल प्राप्त हुआ था जिसे क्षेत्र के उद्दीन मियां, आमना खातुन, सोमरी मसोमात, काबली मसोमात, बुध राम भुइयां, मनारमा देवी सहीत बीस निहायत ही जरुरतमंदो के बीच वितरण किया गया। वहीं वृद्ध असहाय लोगों ने कंबल पाकर धन्यवाद दिया। मौके पर आसपास के कई ग्रामीण मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत मोटरसाइकिल चालक घायल



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बाबा पेट्रोल पम्प बाबूलाल गैरेज के समीप देर शाम नशे में धुत एवं वगैर हेलमेट के एक मोटरसाइकिल चालक ने एक महिला को टक्कर मार दिया जिससे दोनों घायल हो गया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने दोनों को बुलोरो से रेफरल अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों को इलाज जारी है। नशे में धुत एवं वगैर हेलमेट लगाए थाना क्षेत्र के पगार गांव के गंगा कुमार, पिता-जोधा साव ने राजेन्द्र केशरी की पत्नी विमला देवी को टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से दोनों घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। जानकारी के अनुशार पगार गांव निवासी गंगा कुमार नशे में धुत होकर तथा वगैर हेलमेट लगाए डाड़ी चौक से सिमरिया की ओर जा रहा था। सड़क किनारे बने घर के समीप राजेन्द्र केशरी की पत्नी विमला देवी खड़ी थी और अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। घटना की जानकारी मिलते हीं सिमरिया पुलिस हॉस्पिटल पहुंच घटना की जानकारी विस्तृत रूप से लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। बता दें कि आजकल युवा वर्ग अधिकतर वगैर हेलमेट एवं कम आयु के बच्चे बच्चियाँ मोटरसाइकिल हो या स्कूटी धड़ल्ले चलाते नजर आ रहें है। साथ हीं युवा वर्ग अक्सर शराब एवं गांजा का नशे में धुत होकर दो पहिया वाहन चलाते नजर आते है। यही कारण ही कि सड़क दुर्घटना में अधिकतर युवा वर्ग को हीं मौत होती है। इसका तीन कारण मौजूद है। पहला शराब या गांजा के नशे में वाहन चलाना, दुशरा वगैर हेलमेट के वाहन चलाना, तीसरा कम आयु में वाहन चलाना है। इस पर यदि लगाम नहीं लगाई गई तो दशक दुर्घटना में मौत की संख्या का इजाफा होना लाजमी है। हालांकि पुलिस द्वारा हमेशा हेलमेट चेकिंग कर हेलमेट पहनने की हिदायत दी जाती है। परन्तु इसका असर लोगों पर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। जब तक शराब और हेलमेट तथा कम आयु के लोगों द्वारा सख्ती से कार्रवाई नहीं कि जाएगी तब तक मौत की संख्या में घटोत्तरी नहीं हो पाएगी। घटना एवं मौत के पीछे उक्त लोगों के परिजन भी जिम्मेवार हैं। चुकी वैसी हालत में वाहन चलाने पर रोक नहीं लगाते हैं।

### झारखंड ओलिंपियाड परीक्षा चतरा जिला के आठ केंद्रो पर आज से हुआ शुरू



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के आठ केंद्रो पर रविवार से झारखंड स्टेट ओलंपियाड परीक्षा शुरू हुई। पहले दिन अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली गई। जिसमें शत प्रतिशत बच्चों ने भाग लिया। यह परीक्षा 19 दिसंबर तक चलेगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र एवं राज्य स्तरीय टीम ने परीक्षा केंद्रो का जायजा लिया। डीईओ ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। बताया कि सोमवार को पहली पाली में अंग्रेजी व दूसरी पाली में सामान्य विज्ञान की परीक्षा होगी। जबकि 19 दिसंबर को पहली पाली में विज्ञान और दूसरी पाली में सामान्य ज्ञान की परीक्षा ली जाएगी। बताया कि इस ओलंपियाड परीक्षा में सरकारी स्कूल के कक्षा सात से लेकर नौवीं तक के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे है। यह परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से ली जा रही है। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पूर्व एडमिट कार्ड जांच के पश्चात ही छात्रों को प्रवेश दिया गया।

# लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नये भवन का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक बैजनाथ राम, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने रविवार को ब्लॉक परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नये भवन का शिलान्यास शीला पट का अनावरण कर एवं नारियल फोड़कर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री राम ने कहा कि बालूमाथ में पिछले कई वर्ष पूर्व अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा था लेकिन राजनीति का भेंट चढ़ जाने एवं भ्रष्टाचार के कारण वह अस्पताल आज तक खंडहर बना हुआ है ।इधर बालूमाथ की जनता की मांग को देखते हुए मैंने अपने ही सरकार के खिलाफ सदन के अंदर और सदन के बाहर धरना देने का कार्य किया और उसके बाद यह भवन की स्वीकृति दिलाई। उन्होंने कहा कि पुराने भवन में जो भी कोई भ्रष्टाचार में सम्मिलित हैं उसे जेल भेजा जाएगा। यह भवन 11 करोड रुपए की लागत से बनाया जा रहा है इस भवन में चिकित्सक एवं कर्मचारियों को रहने की आवास एवं सभी तरह की अस्पताल की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि मैने मुख्यमंत्री से कहा है कि जैसे ही यह भवन पूरा होगा उसके तुरंत बाद सभी तरह के विशेष चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति तुरंत की जाए ।अब यहां के लोगों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वही जेएमएम जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि यह भवन स्थानीय विधायक बैजनाथ राम के प्रयास से बनवाया जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार बराबर परेशान कर रही है आदिवासी मुख्यमंत्री को कभी ईडी तो कभी सीबीआई से तंग कराया जा रहा है उन्होंने कहा कि आने वाला 2024 में जनता इसका जवाब देगी। वहीं सिविल सर्जन अवधेस सिंह ने चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की कमी को देखते हुए विधायक से आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराने की मांग की। वही कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, जीप उपाध्यक्ष अनीता देवी समेत कई लोगों ने संबोधित किया। मंच का संचालन राजीव रंजन ने किया इस मौके पर बालूमाथ प्रखंड बिकास पदाधिकारी सोमा उराँव, अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, विससूत्री जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष समसुल होदा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उराँव, जिला सोसल मीडिया प्रभारी पंकज कुमार तिवारी, जे एम एम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव, कांग्रेस। प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, जीप उपाध्यक्ष अनिता देवी, बिनोद उराँव, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, मरंगलोया मुखिया सोनमानि देवी, प्रदीप गंझू, लाडले खान, मो0 जुबैर, प्रभुदयाल उराँव, औरंगजेब खान, राजेन्द्र गंझू, समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे। इससे पूर्व विधायक बैजनाथ राम को मुरपा मोड़ में आदिवासी निरीत के साथ उनका सवागत किया गया। वही पूजा अर्चना पंडित दीपक मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ किया गया।

### हंटरगंज के कनौदी गांव में डोभा में डूबने से युवक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** थाना क्षेत्र के डुमरी कलां पंचायत के ग्राम कनौदी बेला गांव में एक युवक की मौत डोभा में डूबने से हो गई। मृतक युवक कनौदी गांव के बुधन रविदास का पुत्र पवन कुमार 13 वर्षीय बताया जा रहा है। पवन कुमार शौच करने अपने घर से शनिवार की शाम घर से निकला था। देर शाम तक जब वापस नहीं लौटा तो घरवाले उसके खोजबीन में जुट गए। खोजबीन के दौरान दूसरे दिन गांव के समीप पवन कुमार का चप्पल देखा गया। संदेह के आधार पर डोभा में खोजबीन किया गया। खोजबीन के दौरान डोभा से पवन कुमार का शव बाहर निकल गया। खबर मिलने पर मुख्य साधना सिंह के प्रतिनिधि समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह समाज सेवी मो अफजल घटनास्थल पर पहुंचे कर घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया गया। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया है। जन प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग प्रशासन से कर रहे हैं।

## हंटरगंज में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के द्वारा उच्च विद्यालय घंघरी में एक बैठक का आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद यादव एवं जिला समिति सदस्य उदय कुमार सिंह उपस्थित हुए। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया। तथा संचालन राहुल कुमार ने किया। बैठक में महिला मोर्चा की अध्यक्ष सदस्य एवं सभी सीआरसी के अध्यक्ष सचिव सहित दर्जनों सहायक अध्यापक उपस्थित हुए। बैठक की शुरुआत अभियान गीत से किया गया। सभी सीआरसी के अध्यक्षों द्वारा 19 दिसंबर 2023 विधानसभा घेराव पर शत प्रतिशत सहायक अध्यापकों की उपस्थिति पर संकल्प लिया गया। मौके पर दिवंगत सहायक अध्यापक उमेश कुमार भगत जी के परिजन को सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के द्वारा नगद 104 350 रुपया सहयोग राशि समर्पित की गई। प्रदेश समिति सदस्य विनोद यादव ने कहा की वर्तमान सरकार में हम सभी का अंतिम और निर्णायक लड़ाई है। एक सम्मान वेतनमान हम सब लेकर रहेंगें। संगठन विस्तार मजबूती पर विशेष जोर दिया गया। जिला समिति सदस्य उदय कुमार सिंह ने संगठन पर बल देते हुए कहा कि 4न्न बढ़ोतरी एवं आकलन का 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी की मांग की।अंत में रविंद्र कुमार सिंह प्रखंड अध्यक्ष ने संगठन की मजबूती विस्तारीकरण एवं वर्तमान सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से पप्पू यादव, अमिताभ भूषण, अजीत वर्मा, विनय कुमार गुप्ता, मृत्युंजय कुमार सिंह, रेणु कुमारी, विकास तिवारी सहित दर्जनों सहायक अध्यापक उपस्थित हुए।

## झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन बेतला नेशनल पार्क सभागार में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के मंत्री सत्यानन्द भोगता की उपस्थिति के साथ भारत सरकार के पूर्व मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव पूर्व मंत्री श्याम रजक राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष अजय सिंह यादव पूर्व मंत्री शाह पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर पूर्व सांसद घूरन राम और कामेश्वर बैठा युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद यादव महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनीता यादव श्याम दास सिंह यादव प्रदेश सचिव कमलेश यादव दलित प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष धनंजय पासवान प्रदेश महासचिव अजय कुमार चंद्रवंशी लातेहार जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा गढ़वा जिला अध्यक्ष सूरज सिंह मनिका विधानसभा युवा प्रत्याशी रघुपाल सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य बिन्दु राष्ट्रीय जनता दल का उद्देश्य, लालू प्रसाद यादव का सामाजिक अवधारणा, झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल का विस्तार, गांधी लोहिया जयप्रकाश नारायण अंबेडकर का सपना, और अब के परिपेक्ष में युवाओं की भूमिका पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर मंत्री भोगता ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल को लालू प्रसाद यादव ने अपने खून से सींचा है। लालू यादव एक व्यक्ति ही नहीं विचार हैं। यह पार्टी अपने नीति सिद्धान्तों से कभी भी समझौता नहीं किया है।जिस तरह से यादव ने गरीब पिछड़े वर्ग के लोगों को उनके हक दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी ठीक उसी तरह से पार्टी के कार्यकर्ताओं को कोई डिगा नहीं सका।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू की बहन ने किया नाम रौशन : प्रधानाचार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की बहन साक्षी राजलक्ष्मी ने धनबाद में आयोजित प्रांतीय कला संगम प्रतियोगिता कार्यक्रम के रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन की। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय प्रांतीय कला संगम राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में दिनांक 15 दिसंबर 2023 से दिनांक 17 दिसंबर 2023 रविवार तक आयोजित की गई थी। जिसमें कार्यक्रम के दूसरे दिन विद्यालय से बाल वर्ग से बहन साक्षी राजलक्ष्मी, पिता राजीव कुमार नें रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित करने का काम की है। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर बहनों ने अपने प्रतिभा से बारियातू प्रखंड का नाम रौशन करने का काम की। यह हम सब के लिए बहुत ही गौरव की बात है, इस रंगोली प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से लगभग 147 विद्यालयों ने प्रतिभागी भाग लिए थे जिसमें बारियातू विद्यालय के बहन साक्षी राजलक्ष्मी ने प्रभु श्रीराम और उनके तीर धनुष बना कर सभी को पछाडते हुए प्रथम स्थान प्राप्त की है। स्थानीय विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, के द्वारा साक्षी को प्रथम पुरुस्कार देकर कर सम्मानित किया। जिससे विद्यालय परिवार एवं माता-पिता का नाम रौशन हुआ। उसके इस अद्भुत प्रतिभा को देखकर सभी दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। सभी आगंतुकों ने बहन साक्षी राज लक्ष्मी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आम्रपाली चंद्रगुप्त कोल परियोजना में 66 वां खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सीसीएल के आम्रपाली चंद्रगुप्त कोल परियोजना में रविवार को 66 वा खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस कार्यक्रम में डायरेक्टर ऑफ माइंस सेफ्टी आफताब अहमद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। साथ ही एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के टीम के द्वारा आम्रपाली खदान का निरीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से परियोजना क्षेत्र के 98 डिपार्टमेंटल और कॉन्ट्रैक्टर वर्कर को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही ओ बी निकासी एवं कोयला उत्पादन के लिए महालक्ष्मी कंपनी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गाड़ीलौंग की छात्राओं के द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को उनके उत्साह वर्धन के लिए डीजीएमएस के डायरेक्टर आफताब अहमद ने 10000 पुरस्कार का घोषणा किया, और साथ में महालक्ष्मी कंपनी के द्वारा भी 5000 का पुरस्कार का घोषणा किया गया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सभी अतिथियों को महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने शॉल एवम् श्रीफ़ल देकर स्वागत किया, तथा उत्पादन के साथ साथ खान सुरक्षा के उच्चत्तम मनको के पालन करने पर जोर दिया।

## हाइवा ऑनर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बने चंद्रदीप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्तिथ रामघाट नदी के पिकनिक स्पॉट में रविवार को लातेहार हाईवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक एवं वनभोज कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजित कार्यक्रम में सभी लोगों ने वन भोज कार्यक्रम का आनंद लिया। उसके बाद संगठन के विस्तार सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र साहू के निधन के बाद सर्वसम्मति से लातेहार हाईवा ऑनर एसोसिएशन का अध्यक्ष चंद्रदीप प्रसाद, सचिव शहनवाज़ आलम, कोषाध्यक्ष देवपाल प्रसाद, उपाध्यछ अफरोज आलम, संभु राम, उपसचिव विकास यादव, मो कलीम संघठन सचिव गौतम प्रसाद, सुहैल अख़्तर मीडिया प्रभारी एजाज अहमद एवं लेखपाल प्रकाश सिन्हा को चुना गया। मौके पर एसोसिएशन के संरक्षक गोपाल सिंह, ललन प्रसाद सिंह, मुजम्मिल हुसैन, राकेश कुमार समेत सैकडो ऑनर उपस्थित थें।

## महिला सशक्तिकरण पीएम मोदी की प्राथमिकता : शीला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के उत्थान के लिए पिछले नौ सालों में जो किया, वह विपक्ष पिछले 70 सालों में नहीं कर सकी। आज देश ही नहीं विदेशों में भी भारत नाम गर्व से लिया जाता है। विश्व में भारत का कद काफी बढ़ा है। यह सभी पीएम मोदी की देन है। पीएम मोदी ने विश्व में भारतीयों को गर्व से चलना सिखाया। उक्त बातें महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिला देवी ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि आगामी 19 और 20 दिसंबर को लातेहार में बिहार महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गूंजन का आगमन हो रहा हैं। वह यहां आकर केन्द्र की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में महिला कार्यकर्ताओं को बताएंगी, ताकि महिला जिला समिति के साथी गांव गांव जाकर लोगों को सरकार के योजनाओं की जानकारी लोगों को देंगे। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि आज 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम पीएम मोदी ने किया है। यह महिलओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आने वाले समय में राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी भी बढ़ेगी और वह भी संसद व विधानसभाओं में महिलाओं की आवाज बनेंगी। कांग्रेस ने केवल महिलाओं के साथ छल करने का काम किया और कुछ नहीं। आज महिलाएं पर राजनीति में आगे आ रही है और देश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है।

**बिहार महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष का कार्यक्रम इस प्रकार है**

बिहार महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष 19 और 20 दिसंबर को लातेहार में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। इसमें मंदिर दर्शन, नव युवती मतदाता सम्मेलन, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, जल सहिया के साथ बैठक, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक, जिला कार्यकारिणी की बैठक, उज्जवला योजना के लाभर्थियों के साथ बैठक, पोषण सखियों संग बैठक सहित विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेंगी। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री पंकज सिंह, ओबीसी जिला महामंत्री विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, पूव मंडल अध्यक्ष आंनद सिंह, जिला महामंत्री बंशी यादव, अमलेश सिंह, महिला मोर्चा के महामंत्री अर्पणा सिंह, मंजू देवी, रानी देवी, प्रमिला देवी उपस्थित थे।

## राहम सेवा फाउंडेशन क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल मुकाबला, विजेता राहम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अंतर्गत राहम में विगत दिनों आर एस एफ के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के लिए सड़क में चलने वाले राहगीरों को जागरूक किया गया था द्य जिसमे सड़क सुरक्षा मानकों के तहत चार पहिया वाहन को सीट बेल्ट लगाकर चलने, शराब पीकर वाहन ना चलाने, अधिक जसंख्या वाले क्षेत्रो में धीमी गति से वाहन चलाने, हेलमेट पहनकर एवं धीमी गति से बाइक चलाने, सड़क की बाई तरफ चलने तथा ओवरलोड लेकर न चलने की अपील की गई थी। सड़क पर हेलमेट पहने चालक एवं चारपहिया वाहनो में सीट बेल्ट लगाए चालकों को फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा गुलाब फूल देकर स्वागत किया गया था एवं बिना हेलमेट वाले व बिना सीटबेल्ट वाले को माला पहनाकर प्रेरित किया गया था। इनके उपरांत आरएसएफ राहम के द्वारा सुरक्षा जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट का भी शुभारंभ किया गया था जिसका फाइनल मैच रविवार दोपहर एक बजे इलेवन स्टार राहम एवं सोपारम फाइटर के बिच रोमांचक मैच खेला गया द्य फाइनल मैच में टॉस जीतकर सोपारम की टीम ने बल्लेबाजी का फैसला किया जिसमे 12 ओवर में कुल 83 रन का स्कोर खड़ा किया द्य दूसरी पारी में रन चैस करने उतरी राहम की टीम की ख़राब शुरुवात होने के बावजूद मो मजहर की सूज-भुज वाली पारी, अंत में आशीष पांडेय एवं मो नुरुल अंसारी के ताबड़तोड़ पारी से 11.1 ओवर में 84 रन पूरा कर फाइनल की राहम ने ट्राफी अपने नाम किया। पुरे टूर्नामेंट में सबसे बेहतर प्रदर्सण के लिए मो मजहर को मैंन ऑफ़ द सीरीज एवं फाइनल मैच की मन ऑफ़ द मैच का ट्रॉफी मिला, टूर्नामेंट के सबसे बेहतर गेंदबाजी एवं सर्वाधिक विकेट के लिए मो नुरुल को पुरष्कार के रूप में ट्राफी मिला साथ ही टूर्नामेंट में अधिकतम रन की उपाधि मो सक़लैन अंसारी को दिया गया। इस टूर्नामेंट के संचालक एवं सिद्धू कान्हू खेल क्लब के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र पांडेय को बेहतर फील्डिंग का पुरस्कार दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व हिन्दू परिषद, बजरंगदल व आरएसएस का सूरजकुंड धाम में बैठक संपन्न

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सूरजकुंड धाम में विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल और आरएसएस का बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला मंत्री अरविंद मेहता उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता संजय यादव और संचालन सत्यम भारतीय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्री राम लला सरकार के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर सभी लोगों को आमंत्रित भी करने के लिए कहा गया। वही 22 जनवरी को सभी लोग अपने-अपने घरों में दीपावली मनाएंगे और दिए जलाने के साथ-साथ आतिशबाजी भी करेंगे।अयोध्या से आए अक्षत का वितरण करने पर भी विस्तृत रूप से चर्चा किया गया।अक्षत वितरण के लिए प्रखंड लेवल पर टोली का गठन किया गया,जिसमें संयोजक सत्यम भारती, सहसंयोजक दीपक पाण्डेय,, सहसंयोजक विजय चंद्रवंशी,सदस्य भोलाराम, निरंजन कुमार राय,सौरभ कुमार पाण्डेय,साध्वी देव नीति, महेंद्र प्रसाद,धीरज गुप्ता,मुकेश पाण्डेय,अनंत पाण्डेय, संजय यादव को बनाया गया ।वहीं सभी को 1 जनवरी से 15 जनवरी के बीच में सभी पंचायत के सभी गांव टोल मोहल्ले में हर घर में अक्षत को वितरण कर देने के लिए प्रेरित किया गया।मौके पर समाजसेवी सह जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,योग शिक्षक महेंद्र प्रसाद,समाजसेवी सुनील पाण्डेय,आरएसएस के प्रकाश चौधरी,पूर्व उप मुखिया सुरेश पाण्डेय,सुनील श्रीवास्तव,आशिष पाण्डेय,रिंकू माली,संजय लामा,शेषनाथ सिंह,सूरज देव प्रजापति, भोलाराम,बाबूलाल पाण्डेय, अनंत पाण्डेय,आनंद पाण्डेय,नरेश रवानी,श्याम किशोर पाण्डेय, सुजीत वर्णवाल के अलावे कई लोग मौजूद थे।

### 49वां झारखंड कुरमी विकास परिषद की बैठक को सफल बनाने का निर्णय



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामटहल चौधरी बीएड कॉलेज, बुटी में आयोजित की जाने वाली 49वां झारखंड कुरमी विकास परिषद, रांची की बैठक को सफल बनाने के लिए केंद्रीय कमेटी की बैठक हुई। केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई एवं समाज के आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक स्थिति आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई एवं कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया और कुरमी समाज के सभी सांसदों, पूर्व सांसद, विधायक एवं पूर्व विधायकगण को आमंत्रित किया गया है, जिसकी सूचना सभा में दी गई। मौके पर संरक्षक डा रुद्र नारायण महतो, राजेंद्र महतो, संजय पटेल, पनेश्वर महतो, सुनील महतो, राजेंद्र ओहदार, कैलाश महतो, पार्वती देवी, बीना देवी, सुजीत महतो, सुरेश प्रसाद, राजकुमार महतो, जयप्रकाश महतो, अजय महतो, बलसाई महतो, सीता देवी, वनिता देवी, खिरोधर महतो, भीम महतो, सोना लाल महतो, संजय कुमार महतो, अखिलेश्वर महतो, दुर्जन कुमार महतो, उमेश महतो, राजेश महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### बरही थाना में गणेश ने कराया सनहा दर्ज

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही थाना के पूर्व चौकीदार स्व. महादेव गोप के पुत्र गणेश यादव ने अपने व अपने परिजनों की जान माल की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई हैं। उन्होंने बरही थाना में सनहा दर्ज करवाया है। सनहा के माध्यम से उन्होंने बरही पुलिस को अवगत कराया है कि उनके पिता बरही थाना में कार्यरत थे। इस दौरान हमेशा अपनी ड्यूटी ईमानदारी एवं कड़ाई से किया करते थे परन्तु उनकी ड्यूटी की वजह से उनके गांव के जिन असामाजिक प्रवृति के लोगों को व्यक्तिगत नुकसान होती थी वैसे लोगों ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर षड्यंत्र के तहत मेरे पिता को मानसिक रूप से प्रताडित कर आत्महत्या करने को मजबूर कर दिया था। इसे लेकर उन्होंने बरही थाना में 22 नामजद सहित कुछ अन्य लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराया है, लेकिन उक्त लोगो का मनोबल और बढ़ता जा रहा है, उनलोगो के द्वारा केस समझौता करने हेतु मानसिक दबाव बनाया जा रहा है, केस समझौता नहीं करने पर उक्त अभियुक्त लोग बदले की भावना से उनके खिलाफ झूठा आरोप लगाकर झूठा मुकदमा करने का षड्यंत्र रच रहे हैं एवं रास्ता में मिलने पर पिता की तरह उन्हें भी मौत की नींद सुलाकर उनके मृत पिता के पास भेज देने की धमकी दे रहे हैं। उक्त बातें गणेश यादव ने सनहा में कहा है। इस संबंध में उन्होंने बरही पुलिस निरीक्षक को आवेदन देकर भविष्य में उनके या उनके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ किसी भी तरह की अप्रिय घटना होने को लेकर आशंका जताया है। उन्होंने कहा की आगे मुझ पर या उनके परिवार के किसी भी सदस्य पर किसी प्रकार का झूठा आरोप लगता है एवं उन्हें जान माल को कोई नुकसान होता है तो उसके जिम्मेदार उक्त अभियुक्त लोग ही होंगे। जिनके खिलाफ उन्होंने अपने पिता को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में अभियुक्त बनाया हूं। बरही पुलिस ने गणेश यादव द्वारा दिया गया सनहा दर्ज कर लिया है।

### चेलांगदाग ने गाली को 1 - 0 से हराकर नमो फुटबॉल प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को बड़कागांव प्रखंड के शिवाडीह खेल मैदान में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 का फाइनल मुकाबला चेलन्गदाग और गाली फुटबॉल टीम के बीच खेलागया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में



चेलन्गदाग ने गाली को 1-0 गोल से हराकर नमो फुटबॉल प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। विजेता एवं उपविजेता टीम खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल के हाथों लोगों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार एवं संचालन जय नारायण प्रसाद व कार्तिक प्रसाद ने किया। विजेता टीम को 31 हजार रुपया व ट्रॉफी वहीं उपविजेता टीम को 21 हजार रुपया व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज गाली टीम के प्रमोद गंझू व मैन ऑफ द मैच अलविंद टोपो को दिया गया। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि खेल से जुड़े लोग मानसिक रूप से मजबूत होते हैं। वहीं टूर्नामेंट में रेफरी का भूमिका श्रीकांत निराला, धनंजय कुमार, मो आरिफ वकार ने निभाया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, डॉ बालेश्वर महतो, पूर्व डीएसपी मुकुटधारी महतो, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी,उप प्रमुख बचनदेव कुमार, अनिल कुमार मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, मुखिया पारस महतो, वासुदेव यादव, कुशवाहा समाज प्रखंड अध्यक्ष सोहन लाल मेहता, पूर्व मुखिया भीखन महतो, बैजनाथ कुमार साव, देवनारायण प्रसाद, भागीरथ ठाकुर, विजय यादव, घनश्याम जायसवाल, भवानी दांगी, सनित महतो, मनोज प्रसाद दांगी, इंद्रभूषण, राजेश यादव, राजीव रंजन, अशोक साव,नार्शिंग प्रसाद, किशोर राणा उपस्थित थे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल का मनाया गया 11वां स्थापना दिवस, भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के मलकोको गांव में संचालित डॉ भीम राव अंबेडकर पब्लिक स्कूल का 11वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बरही डीएसपी नाजिर अख्तर, कोबरा 203 के द्वितीय कमान पदाधिकारी कैलाश गंगवान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम, मुखिया संघ बरही के अध्यक्ष विजय कुमार



यादव, जेबीकेएसएस के नेता कृष्णा यादव, पंसस सहदेव प्रसाद, यमुना साव, सोनू गोप आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथियो द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं फीताकाट कर किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां विद्यालय के बच्चे एक से बढ़कर एक नृत्य, संगीत, नाटक एवं भाषण की प्रस्तुत किया। जिसे देख विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावकों ने खुद को तालिया बजाने से रोक नही पाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुलाब दास व संचालन सूरज दास व प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से किया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों से यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अलग जगा रहा है। यहां के बच्चे काफी प्रतिभावान है।

## शिक्षा के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण रोजगार का माध्यम होता है : रूचि कुजूर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** क्रिसमस पूर्व माता सहायिका सदन कनहरी हिल रोड में क्रिसमस उत्सव मनाया गया, इस अवसर मुख्य अतिथि रूचि कुजूर सदस्य, झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, विशिष्ट अतिथि सि कुलैदई निदेशक पुरोहित राजेंद्र टेटे, मोंट फ़ोर्ट प्राचार्य ब्र सथिस,ब्रदर प्लाशी, समाज सेवी दिनेश खंडेलवाल, फा सेबास्तियन, सि मेरेलिन,उपस्थित थे,अतिथियों के स्वागत के बाद केक काटा गया। प्रशिक्षण प्राप्त छात्र छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया क्रिसमस का सन्देश प्रेम, दया क्षमा पर नाट्य प्रस्तुत किया,सांताक्लोज़ ने बच्चों के साथ नृत्य किया साथ में



बच्चों को मिठाई बांटी,रूचि कुजूर ने अपने संदेश में क्रिसमस की बधाई दिया साथ में कहा कि शिक्षा के साथ साथ कौशल विकास पर ध्यान देना चाहिए जिससे रोजगार का साधन बना रहें इस अवसर पर भारी संख्या में अभिभावक गण बड़े बुजुर्ग भी उपस्थित थे विजय प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार भी वितरित किया गया।

## पांच दिवसीय स्नूकर व पुल चैंपियनशिप का समापन कल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पांच दिवसीय (15 दिसंबर -19 दिसंबर) 16 वां स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में चल रहे प्रतियोगिता में आज निम्न खिलाड़ियों ने आपने मैच जीते - टीपू, तन्मय राय, आयुष राज, रिग, एजाज, नील सिन्हा, रोहन थापा, अंकित तिग्गा, र डॉ स्नेहांशु विकास सिंह ।

## सड़क के किनारे ट्रक खड़े होने से लग रहा लंबा जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चरही-घाटों मार्ग स्थित सीसीएल तापिन नॉर्थ परियोजना गेट से काफी दूर तक लोकल सेल का कोयला लादने के लिए खड़े ट्रकों के कारण हर रोज एक किलोमीटर तक लंबा जाम लग रहा है। इससे आने जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। रोजाना सैकड़ों वाहन का आवागमन इसी रास्ते होता है। कॉल फील्ड क्षेत्र होने के कारण यह सड़क काफी व्यस्त रहता एवं भारी वाहनों का



आवागमन होते रहता है। सड़क किनारे में ट्रक पार्किंग करने से अन्य वाहन घंटों जाम में फंसे रहते है। छोटे वाहन तो किसी तरह से निकल जा रहे हैं लेकिन बड़े वाहन रास्ता खुलने का इंतजार करते रहते हैं। सीसीएल तापिन नॉर्थ परियोजना में संचालित लोकल सेल से हर रोज कोयला लादने काफी संख्या में ट्रक आते हैं। सभी ट्रक मुख्य मार्ग पर ही खड़े कर दिए जाते हैं। इससे सड़क पर लंबा जाम लग जाता है। ट्रकों की लंबी कतार लगने के कारण घंटों लोग जाम में फंसे रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विगत कई दिनों से इस मार्ग पर इन ट्रकों के वजह से हर रोज जाम लग रहा है लेकिन आज तक प्रशासन की तरफ से जाम से निजात दिलाने के लिए कोई पहल नहीं की गई। इस जाम के कारण कई यात्री अपने-अपने दफ्तर में पहुंचने में देर हो जाते हैं। ट्रकों की पार्किंग के लिए सीसीएल को कोई वैकल्पिक जगह ढूंढना चाहिए ताकि यात्रियों को जाम से निजात मिल सके एवं सड़क हादसा जैसी कोई अप्रिय घटना न हो।

## खबर का दिखा असर, वन विभाग के अधिकारी हुए सक्रिय, दोषियों पर हुई कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के बसरिया गांव में कुछ ग्रामीणों के द्वारा बसरिया जंगल का पेड़ काटने मामला प्रकाश में आया था और विगत 14 नवम्बर को प्रखंड क्षेत्र के कई अखबारों प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में यह खबर को प्रमुखता से छापी गई थी जिसके पश्चात वन विभाग के अधिकारियो की नींद खुली तत्पश्चात जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई की जा रही है। विगत दिन वन सुरक्षा समिति



बसरिया के अध्यक्ष के ब्यान पर छपे समाचार पत्रों में टुनटुन मंडल पिता गिरो महतो व बिंदवा देवी पति मित्तलाल महतो को आरोपी बनाया गया था जिसमें वन विभाग के अधिकारियो के द्वारा जांचोपरांत साक्ष्य के आधार पर टुनटुन मंडल पिता गिरो महतो बसरिया निवासी पर धारा 4096/2023 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है । शेष आरोपियों पर अभी जांच चल रही है। जांचोपरांत जिनका नाम सामने आएगा, उनके ऊपर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। समाचार छपने के बाद वन विभाग के अधिकारियो की नींद खुली है और गश्ती दल लगातार वनों की सुरक्षा को लेकर गश्ती कर रहे हैं।

## जदयू द्वारा प्रमंडलीय बैठक की तैयारियों पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रविवार को जनता दल यूनाइटेड की जिला इकाई की एक बैठक आर्य नगर स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि प्रमंडलीय प्रभारी मुन्ना मल्लिक उपस्थित हुए। बैठक में आज होने वाले प्रमंडलीय बैठक की तैयारियों का जायजा लिया गया। बैठक में पूर्व निर्वाची पदाधिकारी अनिल सिंह एवं प्रमंडलीय प्रभारी मुन्ना मल्लिक ने 18 दिसंबर की आहूत बैठक सफल बनाने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश सभी को दिया। बैठक में पूर्व निर्वाची पदाधिकारी अनिल सिंह,प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता राकेश ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष अविरल बिहारी लाल,नगर अध्यक्ष यासीन अंसारी, जिला सचिव नजराला अंसारी, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी समेत अन्य नेता उपस्थित थे।

## प्रखंड के सहायक अध्यापक लेंगे साईबर सिक्योरिटी का प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर हजारीबाग रोड स्थित राष्ट्रीय कंप्यूटर साक्षरता मिशन की अधिकृत इकाई सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन 200 लोगो को मुफ्त साइबर सिक्योरिटी कोर्स करवाने की घोषणा किया है. इसे लेकर केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा अपने सहयोगियों के साथ बरही के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में भ्रमण कर शिक्षको और विद्यार्थियों को साईबर फॉड की जानकारी देते हुए कोर्स के लिए प्रेरित कर रहे है. केंद्र निदेशक की माने तो आईटी के इस दौर में हर एक व्यक्ति को साइबर सिक्योरिटी की जानकारी रखनी चाहिए. इसी क्रम में शनिवार को प्रखंड के सहायक अध्यापकों से संपर्क कर साइबर सिक्योरिटी कोर्स की जानकारी दिया. साथ ही शिक्षको से निःशुल्क कोर्स का लाभ लेने की अपील किया. केंद्र निदेशक ने बताया कि सभी अध्यापको को ऑनलाइन कार्य करने पड़ते है. परंतु जानकारी के अभाव में कई शिक्षक साइबर फॉड के चक्कर में आ जाते है और ठगी के शिकार हो जाते है. मौके पर कई शिक्षको ने अपने साथ घटित साइबर घटनाओं की भी जानकारी दिया. सबों ने सॉफ्टेक के इस प्रयास के लिए प्रशंसा करते हुए साइबर सिक्योरिटी का कोर्स ज्वाइन करने की बात कही. सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे और प्रखंड सचिव मनोज घोष ने प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों से साइबर सिक्योरिटी का कोर्स करने की अपील किया है. मौके पर 36 सहायक अध्यापकों ने पंजीकरण भी करवाया. पंजीकरण करवाने वाले सहायक अध्यापक में मुकेश चौधरी, मो सनौवर आलम, राजेश कुमार, बबिता कुमारी, स्वाति कुमारी, मनोज ठाकुर, रामकृपाल राम आदि शामिल हैं।

## झारखंड राज्य तेली समाज की प्रमंडलस्तरीय बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** उज्जैना स्थित बरही हाउस में झारखंड राज्य तेली समाज का उत्तरी छोटानगपुर प्रमंडल स्तरीय बैठक संपन्न हुआ. बैठक समाज के वरिष्ठ राजेंद्र साव की अध्यक्षता में संपन्न हुई.

जिसमे मुख्य रूप से समाज की मजबूती और विकास पर चर्चा हुई. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू उपस्थित हुए. बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने समाज की मजबूती और शिक्षा के साथ फैले कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया.

साथ ही युवाओं से समाज में फैले नशा, व्यसन, दहेज आदि बुराइयों को दूर करने के लिए आगे आने की अपील किया. मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज के विकास के लिए वह हर संभव तैयार है. बैठक में बालेश्वर साव, कृष्ण कुमार साव, मित्तलाल साव, महादेव साव, मिठू साव, बाढ़ो साव, राजू कुमार गुप्ता, बबलू साव आदि तेली समाज के कई लोग शामिल थे।

## हजारीबाग यूथ विंग ने विद्यार्थियों व जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर में मौसम के बदले मिजाज़ और बढ़ती कंपकपाती ठंड के बीच पिछले एक महीने से लगातार जरूरतमंदों की सेवा में हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा कंबल का वितरण किया जा रहा है इसी के नियमित रविवार को संत कोलंबस कॉलेज के निकट दर्जनों गरीब,असहाय और लाचार महिला-पुरुषों को कंबल का वितरण किया गया, वहीं इसी क्रम मे कारमेल स्कूल के हिंदी मीडियम के विद्यार्थी जो गरीब परिवार से तालुकात रखते हैं उने कंबल प्रदान किया गया हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा शाम में अलाव की व्यवस्था की जा रही है। जिसे रिक्शा चालक,राहगीर एवं आम जनता को प्रचंड ठंड से राहत मिल सके। पिछले दो वर्षों से लगातार यह सेवा किया जा रहा है। हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा अब तक करीब 900 से भी अधिक कंबल का वितरण किया जा चुका है।

यूथ विंग की प्रयास है कि ऐसे व्यक्तियों तक हम पहुंचे जिन्हें एक कंबल तक मुनासिब नहीं हो पाता है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की पिछले एक महीने से लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा है। यह सेवा फरवरी महीने तक निरंतर रूप से चलती रहेगी साथ कहा कि जरूरतमंदों के बीच ऐसे कुछ समय बिताकर आत्मीयता की भाव उत्पन्न होती है, वह हृदय को सुकून देती है और मन को निश्छल करके अभिभूत कर देती है, यूथ विंग के द्वारा एक छोटी पहल किया गया है जरूरतमंदों को ठंड से राहत दिलाने के लिए। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,प्रिंस कसेरा,उदित तिवारी, मोहम्मद ताजुद्दीन, प्रवेक जैन उर्फ रौशन एवं अमन कुमार पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के दो दिवसीय राज्य व्यापी आर्थिक नाकाबंदी कार्यक्रम के तहत सड़क पर उतरे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के दो दिवसीय राज्य व्यापी आर्थिक नाकाबंदी कार्यक्रम के तहत मोर्चा की बरही अनुमंडल इकाई के सदस्य रविववार को नारे लगाते हुए सड़क पर उतरे। वे रेल रोकने के लिए बरही रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां रेलवे स्टेशन पर विशेष दंडाधिकारी के रूप में डॉ मुकेश कुमार, हज़ारीबाग़ व कोडरमा के रेलवे पुलिस अधिकारी काफ़ी संख्या में आरपीएफ के जवानों के साथ पहले से मौजूद थे। उन्होंने आंदोलनकारियों को रेल पटरियों के पास जाने से रोक दिया। इसके बाद आंदोलनकारी स्टेशन के मुख्य गेट की सीढ़ियों पर धरना पर बैठ गए व अपने मांगो के पक्ष में नारे लगाने लगे। धरना करीब ढाई घण्टे तक चला। संघर्ष मोर्चा ने बरही स्टेशन मास्टर को एक ज्ञापन दिया, जो रेलवे धनबाद मंडल के वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक को संबोधित है। ज्ञापन में मांग की गई है कि न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का बरही स्टेशन व पदमा स्टेशन पर ठहराव दिया जाए।

साथ ही इस इंटरसिटी का परिचालन समय सारिणी में बदलाव करते हुए इसे न्यूगिरिडीह स्टेशन से राँची के लिए सुबह पांच बजे प्रस्थान व राँची से शाम के समय वापसी का समय निर्धारित किया जाए ताकि इंटरसिटी का लाभ आम आदमी को मिल सके। दूसरा ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दिया। जिसमे झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों का चिन्हितिकरण व राजकीय सम्मान की मांग का उल्लेख है। धरना का नेतृत्व आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के अनुमंडल संयोजक जावेद इस्लाम ने किया। धरना में मो फहीम, श्रवण कुमार, कामेश्वर ठाकुर, खुर्शीद अनवर, मो आज़ाद भोला, अनवर हुसैन, मो आशिक, कमरुद्दीन, गौत्तम सिंह, राम कुमार सिंह, कैलाश सिंह, चिंतामणि पासवान, सोमर महतो, राजेश कुमार सिंह, मो कामिल सहित कई लोग शामिल थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची, सोमवार, 18 दिसंबर 2023 | पेज


## गोला के पुरबडीह पंचायत में जिला विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पुरबडीह पंचायत स्थित रायपुरा स्कूल आम बगीचा के निकट जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायलय रामगढ़ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में इसकी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य के अलावा प्रखंड के कर्मचारी एवं डीएलएस के विद्यावति कुमारी, डीएलएसए पैनल एडवोकेट, पूनम, शीला के अलावा ग्रामिण लाभार्थी उपस्थित थे। शिविर के माध्यम से डीएलएसए पाइनल एडवोकेट के द्वारा लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी गई।डीएलएसए के द्वारा बताया गया कि गरीब असहाय असमर्थ लोगके बीच केश मुकदमा के बारे में निः शुल्क आवेदन करने के संबंध में बताया गया तथा पीएलभीएस के द्वारा बैनर पोस्टर वितरण किया गया।



## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के द्वारा अरगडा बैगा मोड में सडक किया जाम

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के अरगड्डा कोलयरी के बैगा मोड में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा आहूत की गई दो दिवसीय आर्थिक नाकेबंदी की आखिरी दिन झारखंड आंदोलनकारीयो द्वारा रामगढ़ गिद्दी मुख्य मार्ग को बाधित कर दिया। वही आंदोलनकारी दीपक सिंह टाइगर ने कहा कि राज्य सरकार आंदोलनकारीयो की मांग पूरा करें । और जेल की बाध्यता को समाप्त करें । सड़क जाम की गई आर्थिक नाकेबंदी का नेतृत्व झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के जिला सचिव दीपक सिंह टाइगर ने किया। आर्थिक नाकेबंदी में झारखंड आंदोलनकारीयो ने झारखंड सरकार से जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने की मांग की गई। आर्थिक नाकेबंदी में स्थानीय आंदोलनकारी कमरुद्दीन खान, कृष्ण कुमार, समीर डे, अनिल साव, कुलदीप बेदिया, कार्तिक महतो, यूनुस मियां सहित सैकडो आंदोलनकारी मुख्य रूप से शामिल थे।



## चपरी मोड़ पर कार व बाइक की हुई टक्कर, एक घायल अफरा तफरी मची

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना गिद्दी क्षेत्र के अरगड्डा जीएम ऑफिस- नईसराय के मध्य बुमरी के चपरी सड़क तीखे मोड़ पर रविवार अपराहन करीब 1~30 बजे सफेद कार जेएच 01ईवाई 1570 व हीरो होंडा ब्लू स्प्लेंडर जेएच 02डी 0574 की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें बाईक सवार करीब 10 फीट ऊंचा उड़कर कर कार पर जा गिरा। जिससे उसे गंभीर छोटे आई हैं। लोगों ने बताया कि कार में एक युवक था। जबकि बाईक चालक गांव डुमरी से कंजकी- बुमरी रिश्तेदारी मेहमानी में जा रहा था। तभी यह घटना घटी। लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए रामगढ़ की ओर भेजा गया है। समाचार लिखे जाने तक उपचार जारी था। दुर्घटना के बाद अफरा तफरी का माहौल रहा।

## उरीमारी पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी स्थित पंचायत सचिवालय में रविवार को जनप्रतिनिधियों की ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसकी की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया कमला देवी ने किया। मुखिया कमला देवी ने ग्राम सभा में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि 23 दिसंबर शनिवार को उरीमारी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन है इसे लेकर सभी ग्रामीण अपने अपने विभिन्न समस्याओ को उक्त कार्यक्रम में जिला व प्रखंड से आए अधिकारीयो के समक्ष रखने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड,जल नल योजना,अबूआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन,विध्वा पेंशन, विकलांग पेंशन आदि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन देने का काम करें। ग्राम सभा में पंसस गीता देवी,बबीता देवी,सोनी देवी,सारदा देवी, लालमुनि देवी, सुनीता देवी, फुलमुनी देवी,साबो देवी, आशालता देवी,डा जीआर भगत, सीतामुनी देवी, तेतरी देवी, सुनीता बेसरा, लक्ष्मी हेम्ब्रोम,राज कुमार लाल, संतोष महतो, नरेश करमाली,कदना मांझी,छत्तरधारी साव आदि लोग मौजूद थे।



## जोनल स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप में भाग लेने रामगढ़ जिला से टीम रवाना

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जोनल स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप (पुरूष/ महिला) प्रतियोगिता 2023 का आयोजन दिनांक 18 से 20 दिसंबर 2023 तक रांची में आयोजित होगा। इसी क्रम में रविवार को मारकस हेमरोम, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ ने जिला स्तरीय (पुरूष/ महिला) प्रतियोगिता की विजेता एवं उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु खिलाड़ियों के साथ जितेन्द्र कुमार, तापेश्वर कुमार बेदिया, गीता कुमारी, कोच, खुशबु कुमारी, मैनेजर, को अनुमंडल कार्यालय से रवाना किया।इस दौरान प्रकाश महतो, भोला नाथ महली, सूरज मुंडा एवं अन्य उपस्थित हुए।



# गोला थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता, पुलिस ने चोरी मामले का किया उद्भेदन

## चोरी के सामान के साथ चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार भेजा जेल





प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** थाना क्षेत्र के पुरबडीह गांव के बरवा टांड व रुंडई गांव के पुनर्वास से बीते दिनों दो ट्रैक्टर व कृषि उपकरण को बीते दिनों चोरी किए जाने के मामले को लेकर गोला थाना में कांड संख्या अंकित किया गया। ट्रैक्टर चोरी के इस मामले को लेकर दो अलग अलग कांड अंकित किया गया। जिसमें (1) गोला थाना कांड संख्या 106/2023 दिनांक 01- 12- 2023 धारा 379 भा0 द0 वि0 वादी विजय कुमार साकिन पुरबडीह बरवा टांड (2) गोला थाना कांड संख्या 113/2023 साकीन रुंडई पुनर्वास दोनों गोला थाना दिनांक 12- 12- 2023 धारा 379भा0 द0 वि0 वादी अजय महतो दोनों गोला थाना जिला रामगढ़ के हैं।पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गोला थाना के द्वारा एक छापामारी टीम का गठन कर मामले का उद्भेदन करते हुए चोरी किए हुए सामानों को बरामद करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त दोनों कांडों में चोरी किए गए सामानों को पुलिस ने बरामद करते हुए(1),एक हरे रंग का जोंनडियर ट्रैक्टर जिस पर नंबर 5042 डी अंकित व इंजन नंबर पी वाई 3029डी 400982 (2) हरे रंग का रोटावेटर जिस पर 06-22 767 (3) हरा एवं पीला रंग का थ्रेशर मशीन(4)हरा रंग का जोंडियर टैक्टर जिसका इंजन नंबर पी वाई 3029डी 416650(5) एक सफेद रंग का अपाची मोटरसाईकिल नंबर जेएच 01डिसी 2311इसके अलावा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में 1,आदित्य करमली उर्फ बिलाय करमाली उम्र 23 वर्ष पिता शिबू करमाली जो ग्राम धोवैया थाना महुवा टांड़ ज़िला बोकरो,2-मुकेश महतो उम्र 21 वर्ष पिता जीबू महतो ग्राम हुहुवा थाना व जिला रामगढ़,3-किशोर कुमार उर्फ बिहरिया उर्फ गुरुजी उम्र 24 वर्ष पिता जमींदार महतो ग्राम पांचों बिगहा थाना रफीगंज जिला औरंगाबाद बिहार जिसका वर्तमान पता ग्राम सिलवार थाना मुफासिल जिला हजारीबाग,4-शिव शंकर कुमार उम्र 20 वर्ष पिता भीखू प्रजापति, ग्राम टोकीसुद टेरपा थाना पतरातु जिला रामगढ़ के रहने वाले हैं। इन अभियुक्तों को पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी करते हुए नियायिक हिरासत में भेज दिया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रजक ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि पुलिस आगे भी इस तरह की करवाई करते हुए आगे की भी करवाई की जायेगी।इस घटना का उद्भेदन करने में गठित अनुसंधान टीम में मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ किशोर कुमार रजक , पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार, गोला थाना प्रभारी प्रभात कुमार, पुअनि विक्रम शील सअनि ग्रीश प्रसाद महतो एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## लोगों का लोकल सेल सिरका में भागीदारी जरूरी : समसूद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** कांग्रेस के द्वारा रविवार को बुधबाजार सिरका घटवार मोहल्ला में बैठक आयोजित की गई। इसकी अगुवाई कांग्रेस के जिला महासचिव समसूद खान ने किया। अवसर पर लोगों से समसूद खान ने कहां कि क्षेत्र के लोगों को लोकल सेल में भागीदारी उनका अपना हक हैं। बीते समय लोकल से मजदूरों के लोडिंग गबन पैसों का भुगतान करना होगा। मजदूरों का इस तरह शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी से इसे लेकर आगे आने की अपील की गई। मौके पर मंगल सिंह घटवार, पप्पू घटवार, दीपक राम, गुलाब, मुबारक नीरू घटवार, जेम्स टोपनो, मुन्नू राम, फिरोज खान, तेजू खान, विनोद टोपनो, विजय सिंह, प्रहलाद राम समेत दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## घुटवा अम्बा टांड स्थित एदारा-ए-शरिया तहरीके बेदारी इस्लाहे मोआशरह कांफ्रेंस का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के घुटवा अम्बा टांड स्थित में रविवार को एदारा-ए-शरिया तहरीके बेदारी इस्लाहे मोआशरह कांफ्रेंस का आयोजन भव्य रूप से किया गया।जिसमें पीर मुफ्ती समसुददीन साहब।गुलाम रसूल बलयावी पुर्व सांसद बिहार। सैय्यद अल कामासिबली रांची सहित कई जिले और राज्य से पीर मुफ्ती मौलाना ने इस आयोजन में शिरकत किया। कार्यक्रम में लगभग बीस हज़ार लोगों ने शिरकत किया। और उपस्थित पीर मुफ्ती के तकरीरों को सूना। बताते चलें आयोजन का मुख्य उद्देश्य मुस्लिम समाज के लोगों को उनके हक अधिकार विकास की मुख्यधारा से जोड़ने को लेकर जागरूकता लाना। शादी विवाह किजिए सौदा नहीं करें को लेकर दहेज प्रथा रोकथाम।शादी इस्लामिक तौर तरीकों किया जाए। वहीं इस बीच गुलाम रसूल बलयावी पुर्व सांसद बिहार ने केंद्र सरकार और हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा कहा आज मुस्लिमों को उनके हक़ अधिकार से वंचित शोषण कर दबाने का कार्य किया किया जा रहा और सेक्यूलर की सरकार मुखदर्शन बनी है। झारखंड राज्य जब अलग बनने की लड़ाई चल रही थीं उस वक्त हमनें भी अपना बड़ा योगदान दिया ताकि हमारे लोगों को भी हक अधिकार मिलेगा लेकिन सेक्यूलर की सरकार मुस्लिमो को गुमराह कर रही है।

## सत्संग से मानव समाज में सद्बुद्धि का ज्ञान बढ़ता है : संत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** सोसो पंचायत के अंतर्गत ढुठुवा गाँव मे संत रामपाल जी महाराज जी के सानिध्य में मासिक सत्संग का आयोजन हुआ। जगतगुरू संत रामपाल जी महाराज जी का सत्संग देश के कोने कोने में लगातार आयोजित हो रहै हैं जिसका उद्देश्य विश्व में शांति लाना है,चोरी, ठगी, जारी, हत्या, आतंकवाद, दहेज प्रथा अन्य सभी गलत आचरणो से समाज को छुटकारा दिलाना व भारत को विश्वगुरु बनाना है। संत रामपाल जी महाराज शास्त्रों के गूढ़ रहस्यों को बड़े ही सरलता के साथ सत्संग व अपनी किताब जीने की राह और ज्ञान गंगा के जरिए सभी को समझा रहे हैं जिससे एक बार फिर मानव समाज में आध्यात्मिकता का सूरज उगता हुआ दिखाई दे रहा है। कबीर नौ मन सूत उलझिया ऋषि रहे झख मार, सतगुरु ऐसा सुलझा दे ने दूजी बार पवित्र गीता में अध्याय 4 श्लोक 34 में कहा गया है कि तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया। उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्षिनरू।। (उस ज्ञान को तू तत्त्वदर्शी ज्ञानियों के पास जाकर समझ, उनको भली-भाँति दण्डवत् प्रणाम् करने से, उनकी सेवा करने से और कपट छोड़कर सरलतापूर्वक प्रश्न करने से वे परमात्मा तत्त्व को भली-भाँति जानने वाले ज्ञानी महात्मा तुझे उस तत्त्व ज्ञान का उपदेश करेंगे)। इस समय विश्व भर में संत रामपाल जी महाराज जी ही एक ऐसे संत हैं जो सभी धर्मो के शास्त्रों का ज्ञान रखते हैं इसीलिए उनके तत्व ज्ञान से प्रभावित होकर उनके सभी अनुयाई उपरोक्त बुराइयों और परेशानियों से दूर है और एक अनमोल आध्यात्मिक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इस अवसर पर राजेश महतो, सतप्रकाश ठाकुर , मुकन्दर करमाली, महेंद्र महतो, बाडू महतो, ममता देवी, अंजना दासी, जूही कुमारी, निशा कुमारी समेत सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए ।

## कोलियरी मजदूर कांग्रेस यूनियन में शामिल हुए मोहम्मद गुलजार अंसारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुज्जू :** कोलियरी मजदूर यूनियन में शामिल हुए मोहम्मद गुलजारअंसारी। अंसारी ने मजदूर नेता आर एन सिंह केंद्रीय सचिव तथा भ्रष्टाचार विरोधी मजदूर के रामेश्वर सिंह फौजी राष्ट्रीय सचिव सीएससी से प्रभावित हो कर कोलियरी मजदूर संघ कांग्रेस यूनियन में शामिल हुए ।वहीं कोलयरी मजदूर कांग्रेस यूनियन में शामिल होने में किसी भी राजनीतिक दल पदाधिकारी एवं सदस्य होने पर पाबंदी नहीं है मजदूर एवं विस्थापितों की समस्याओं को हल किए जाने का एक रजिस्टर्ड ट्रेड यूनियन है जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष सरयु राय पूर्व मंत्री एवं विधायक तथा राष्ट्रीय महासचिव रामेश्वर फौजी हैं ।इस मौके पर मोहम्मद गुलजार ने कहा मैं आरजेडी का जिला अध्यक्ष हूं और मेरे पिता स्वर्गीय मोहम्मद सुजात अली में आरा कोलियरी में ई एन एम के फोरमैन थे। अतः मैं सीसीएल परिवार से हूं तथा मजदूर और विस्थापितों की समस्याओं से वाकिफ हुं। मैं हमेशा मजदूर भाइयों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास रत रहूंगा । मेरा 20 एकड से अधिक जमीन कुजू सीसीएल के द्वारा अधिकरण किया गया है। जिसकी लड़ाई मैं खुद लड़ रहा हूं। न मुआवजा न नौकरी मिला पाया है।कुछ भी नहीं है वहीं इस प्रकार के भुक्तभोगी मजदूर भाइयों की समस्याओं को हम लोग कोलियरी मजदूर कांग्रेस यूनियन के बैनर तले इंसाफ दिलाने का काम करेंगे। मौके पर आर एन सिंह ने मोहम्मद गुलजार अंसारी को विश्वास दिलाया की कोलियरी मजदूर कांग्रेस क्षेत्र के तमाम मजदूर भाइयों के साथ कम से कदम मिलाकर चलने का काम करेंगे।

## कुंदरु कला बगलामुखी मंदिर मकर संक्रांति मेला महोत्सव को लेकर कमेटी का हुआ गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के दामोदर नदी किनारे बगलामुखी मंदिर स्थल पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 15 जनवरी 2024 को मकर संक्रांति मेला एवं टुसू महोत्सव मनाने को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मोहराय महतो ने किया एवं संचालन ने की।बैठक मे विचार विमर्श के पश्चात सर्व समिति से निर्णय लिया गया और मेला संचालन कमेटी गठित किया गया जिसमें अध्यक्ष मोहराय महतो उपाध्यक्ष राम प्रसाद महतो सचिव मिश्रीलाल महतो सह सचिव तुलसीदास महतो कोषाध्यक्ष बालेश्वर उर्फ मिट्ठू महतो उपकोषाध्यक्ष कैलाश महतो महतो का चयन किया गया जबकि मुख्य संरक्षक में धनेश्वर महतो जिला परिषद सदस्य रामगढ़ एवं संरक्षक के रूप में कुंदरु कला पंचायत मुखिया किसुन राम मुंडा,डुंडी मुखिया रामसेवक महतो तथा संयोजक के रूप में सुनील कुमार मेहता का चयन किया गया बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मेला को भव्य रूप देने के लिए उड़ीसा एवं झारखंड के लोकप्रिय कलाकार उर्मिला महतो के टीम द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसके कई कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया जिसमें मुख्य रूप से प्रदीप नायक ,संदीप कुमार, विकास कुमार, खेमन दत्ता, जगदेव महतो, टेकलाल महतो, उमाशंकर महतो, सुरेश महतो, संजय सिंघानिया पप्पू राम ,नागेश्वर महतो चुरामन पटेल,टेकलाल महतो, जीतू मुंडा, दीपक नायक, झमन महतो, सुरेश महतो, छोटेलाल महतो, दिनेश करमाली,प्रदीप नायक, सहित दर्जनो लोग बैठक में मौजूद थे।

## गरसुल्ला के समाजसेवी मनोज सिंह का निधन, शामिल हुए अंकित राज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के समाजसेवी सह गरसुला निवासी मनोज सिंह का 50वर्ष मे निधन हो गया। बताया गया कि मनोज सिंह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा था जहां शनिवार रात्रि में उनका निधन हो गया। वहीं रविवार को गरसुल्ला दामोदर नदी में दाह-संस्कार किया गया जहां मनोज सिंह के छोटे पुत्र छोटन सिंह ने पिता को मुखाग्नि दी। मनोज सिंह अपने पीछे पत्नी सीमा देवी, बड़ा पुत्र विशाल उर्फ टिंकू सिंह,छोटा पुत्र अंकित उर्फ छोटन सिंह, विवाहित पुत्री शारदा कुमारी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस दौरान दाह संस्कार में शामिल होकर शोक व्यक्त करने पहुंचे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक भाई सह इंटक के अंकित राज, कांग्रेस नेता नरेश बेदिया, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिपक करमाली,संजय महतो, सुरेंद्र करमाली, राजकुमार सिंह,छककन सिंह विजय सिंह,गोपाल सिंह, नागेश्वर सिंह,कर्मवीर सिंह,अजय सिंह, विजय सिंह, राजकिशोर सिंह, सिकासन करमाली, रामनरेश सिंह, गणेश सिंह, मेघन यादव, लखन बेदिया, तापेश्वर सिंह गंगाधर सिंह, शत्रुध्न सिंह, जयलाल सिंह,अमर सिंह, जयप्रकाश सिंह, अजित सिंह, ओमप्रकाश सिंह, धर्मवीर सिंह, कोमल नारायण सिंह आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## भाजपा को छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए तुलसी करमाली, अंकित राज ने किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के गरसुल्ला पंचायत में रविवार को कांग्रेस पार्टी का पंचायत कोर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें गरसुल्ला में पंचायत स्तरीय बैठक रखी गई उक्त बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने किया। वहीं इस बैठक में मुख्य अतिथि इंटक प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज मौजूद थे । वहीं विधायक अंबा प्रसाद के विकास कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष तुलसी करमाली ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थामा जिसे अंकित राज ने कांग्रेस का पट्टा एवं फूलमाला पहनकर पार्टी में स्वागत किया गया। वहीं पूर्व अध्यक्ष नरेश बेदिया ने कहा कि शिक्षित विधायक होने से हर जाति समुदाय को बराबर सम्मान मिलता है। वहीं अंकित राज ने कहा कि पहली बार अती सुदूरवर्ती ग्राम डूमरपणिया में विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से पेयजल के लिए चापानल बोरिंग करवाया गया। क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंच रही है। इस दौरान गरसुल्ला कोर कमिटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष निर्मल बेदिया, उपाध्यक्ष प्रेमचंद महतो, पंचायत सचिव जागेश्वर महतो , कोषाध्यक्ष दिलेश्वर सिंह, मीडिया प्रभारी अरुण बेदिया, तुलसी करमाली संरक्षक, मनोज उरांव को उप संरक्षक बनाया गया. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे, 20 सूत्री सदस्य सुरेश महतो, पूर्व विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार, समाजसेवी सुनील कुमार, नरेश साव, शमशेर आलम,अजीत तिर्की, कैलाश बेदिया, विनोद साव,दामोदर ठाकुर, राजेंद्र गंजू, पारस महतो,दिलेश्वर महतो, रूपलाल महतो,दशरथ महतो, चुनीलाल गंझु,किशोर सिंह, भोला करमाली ,पारसनाथ सिंह, पवित्र कुमार सिंह, देवानंद बेदिया, लालदेव करमाली, दीपक करमाली, राजेंद्र करमाली, तिला देवी, गीता देवी, राकेश बेदिया, उमेश सिंह, बलदेव कुमार सिंह, रंजीत बेदिया, राजकुमार बेदिया, जुगेश करमाली, अमर करमाली, अरुण बेदिया सहित कई लोग मौजूद थे।



## राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार 2023 से सम्मानित हुए दुलमी के कैलाश महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुलमी :** राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार 2023 ऑनलाइन कार्यक्रम में दुलमी प्रखंड के युवा कवि कैलाश कुमार राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कैलाश दुलमी प्रखण्ड के पोटमदगा गाँव निवासी है।कैलाश को प्रसिद्ध कविता संग्रह ÷मेसर कोसर÷ के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। कैलाश ने बताया कि सामाज के लिए हर विधा की कविताएँ लिखी है। उनके द्वारा लिखी गई कविता देश के विभिन्न पत्र-पत्रिकाएँ एवं किताब में उनके कविता प्रकाशित है। अबतक कवि कैलाश ने पाँच किताब प्रकाशित हो चुकी है। जिसमें भाषण कला भाग-2, होसलेमंद कविता एवं शायरी, प्रेरक प्रसून., उत्कर्ष और मेसर-कौसर है। सभी पुस्तक में आज के समाज में हो रहे भिन्न भिन्न घटनाओं पर आधारित है।जिसमें दहेज प्रथा, बाल विवाह,नारी शिक्षा, रोजगार, किसानों की समस्या पर एक से बढ़कर एक कविता है। एक पंक्ति दहेज प्रथा पर ये दहेज के छरिंदों तेरे सर से ताज उतरुगों, एक दिन ऐसा लाऊँगा बेटियों के लिए बेटों को रुलाऊँगा। इस तरह के कई कविताएँ अब तक प्रकाशित हो चुका है। कैलाश को कविता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरुस्कार 2023 से नवाजा गया है। जिस पर दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने बधाई दी।

## बलराम सिंह की कविता संग्रह मुखौटा का लोकार्पण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा स्थित श्रमिक उच्च विद्यालय, सिरका में विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य बलराम सिंह के काव्य संग्रह मुखौटा का लोकार्पण किया गया। स्वतंत्र प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली से प्रकाशित इस पुस्तक में बलराम सिंह की साठ कविताओं का संकलन किया गया है।लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में अनेक शिक्षक, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं छात्रगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में बोलते हुए रामगढ़ के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता बसंत हेतमसरिया ने कहा कि बलराम सिंह की कविताएं आम जन की आवाज़ बुलंद करने वाली कविताएं हैं। पुस्तक से उन्होंने आग हर जगह है शीर्षक कविता का पाठ किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशक सुशील स्वतंत्र ने किया। लोकार्पण कार्यक्रम में सर्वधर्म समय में परिषद के संयोजक आचार्य आदित्य नारायण त्रिपाठी, डॉ. रामचंद्र असित, राकेश कुशवाहा, राजू विश्वकर्मा, पन्नालाल राम, रवि हंसदा, शिक्षक भोला प्रसाद एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आनंद प्रकाश पांडे ने संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने कविता पाठ का आनंद लिया एवं अपनी पसंदीदा कविताओं से प्रेरित हुए। राकेश कुशवाहा ने इस कविता संग्रह से सदियों तक पछताएगा कविता का पाठ किया। अन्य वक्ताओं ने कविता दिवस मुखौटा, शिक्षक दिवस आदि शीर्षक की कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में रचनाकार बलराम सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस श्रमिक उच्च विद्यालय, सिरका को उन्होंने अपने बच्चे की तरह पाला है और अपने जीवन के चार दशक इसी विद्यालय में सेवारत रहा हूँ। इसी वजह से इस विद्यालय के प्रांगण में उनके पहले कविता संग्रह का लोकार्पण होना मेरे लिए विशेष महत्व रखता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी दर्शकों एवं अतिथियों ने सामूहिक तस्वीर खिंचवाई।

## ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया ने किया विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर स्थित ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया ने एक शानदार विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें अद्भुत प्रोजेक्ट्स और कलात्मक सृजनों का अद्भुत संग्रह प्रस्तुत किया गया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया, जो शैक्षिक प्रतिभा, रचनात्मकता और दृष्टिकोणवादी शिक्षा का जश्न मना रहे थे। इस प्रर्दशनी में प्रफुल्ल कुमार बेहरा, आईआईटी आईएसएम धनबाद के पूर्व सहयोगी प्रोफेसर, डॉ. आनंद शंकर हाटी, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, आईआईटी आईएसएम में सहायक प्रोफेसर, डॉ. मो. आसिफ, झारखंड के पूर्व मलेरिया नियंत्रण अधिकारी और टीचर ट्रेनिंग कॉलेज मधुबनी से मो. उस्मान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. एस खालिद, चेयर पर्सन डॉ. निखत परवीन, प्राचार्या विद्या सिंह, मैनेजर ममता सिन्हा तथा सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे। प्रदर्शनी ने विज्ञान प्रोजेक्ट्स का एक बेहद आकर्षक संग्रह प्रस्तुत किया, जिसमें स्मार्ट होम, होलोग्राम प्रोजेक्टर, चंद्रयान 3 प्रोजेक्ट, कचरा सफाईकर्ता, ट्रैफ़िक लाइट सेंसर और अन्य नवाचार शामिल थे। साथ ही, कला और शिल्प खंड ने दर्शकों को हैरान कर दिया था, जिसमें खूबसूरत पोर्ट्रेट्स, मधुबनी पेंटिंग्स, लैंडस्केप्स, समकालीन और अमूर्त चित्रकला और अन्य रचनात्मक अभिव्यक्तियों ने दर्शकों को मोहित किया। सभी प्रोजेक्ट्स नवाचारी और सराहनीय थे। निर्णायक मंडली के सदस्य आईआईटी आईएसएम के पूर्व प्रोफेसर प्रफुल्ल कुमार बेहेरा, आईआईटी आईएसएम के इलेक्ट्रिकल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर आनंद शंकर हाती द्वारा निर्णय लिया गया, जिसमें जल स्तर संकेतक परियोजना ने पहला पुरस्कार जीता, श्वस्क्कगन ने दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया और तीसरे पुरस्कार में दो प्रोजेक्ट्स, फायर अलार्म और टेस्ला कॉइल, के बीच टाई हुआ। लड़कियों की सुरक्षा उपकरण पर प्रोजेक्ट की विचारधारा और मेहनत को सम्मानित करते हुए सांत्वना पुरस्कार जीता। कार्यक्रम का प्रारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ, जिसमें बच्चों ने योग की प्रस्तुति दी, आरंभ कविता पर नृत्य, आज फगुने गीत पर झारखंड नृत्य, आत्मरक्षा पर नृत्य नाटिका, संस्कृत श्लोक द्वारा देश की विविधता को अभिव्यक्त किया गया। ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया, गोविंदपुर, होलिस्टिक शिक्षा का द्वीप बन रहा है, जहां युवा मस्तिष्कों को पोषण दिया जा रहा है और नवाचार और रचनात्मकता की संस्कृति को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## 19 को सरिया में श्याम महोत्सव का आयोजन, कई कलाकार लेंगे भाग

**सरिया(गिरिडीह)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी 19 दिसंबर को सरिया के बागोडीह मोड़ स्थित राजशाही रिसोर्ट में श्याम सेवा समिति मंदिर ट्रस्ट गिरिडीह के द्वारा श्याम महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में देश के कई नामी गिरामी भजन गायक भाग लेंगे। इस बाबत आयोजन समिति के पंकज अग्रवाल ने बताया कि 19 दिसंबर को खाटू वाले श्याम का भव्य दरबार लगाया जाएगा और इस दौरान रात्रि में श्याम महोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश के कई गायक अपने भजन मंडली के साथ भाग लेंगे। जिसमें मुख्य रूप से भजन गायक रवि दाहिमा, विवेक अग्रवाल, मनीष कुमार, पिंटू शर्मा, महेंद्र अग्रवाल, पंकज सांवरिया, अभिषेक सिंघल, बेबी सांचू, मिनी परितोष, पंकज मोदी, गौतम राठौड़, मनोज सेन जैसे भजन गायक इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कमेटी के लोग जोर-शोर से लगे हुए हैं। वहीं उन्होंने बताया कि उक्त आयोजन सरिया क्षेत्र के लिए एक अनोखा आयोजन होगा।

## मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच बांटे स्वेटर

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मधवाडीह पंचायत के मंडाटांड आंगनबाड़ी केंद्र में स्थानीय मुखिया सद्दीक अंसारी ने 30 बच्चों के बीच गर्म वस्त्र (स्वेटर) का वितरण किया। मौके पर मुखिया ने बच्चों के अभिभावको को प्रत्येक दिन आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की सलाह दी ताकि सरकार द्वारा दी जा रही पोषाहार कपड़े सहित लाभ मिल सके। मौके पर सेविका सहायिका के अलावे बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्टी की बैठक संपन्न, दर्जनों ने थामा पार्टी का दामन



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के चिरुडीह गांव में रविवार को कांग्रेस पार्टी का एक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंजूर अंसारी एवं संचालन कांग्रेस पार्टी के युवा संगठन प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी नेताओं के माल्यार्पण के साथ की गई। इस बीच सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी की ओर से भावि प्रत्याशी डॉक्टर सलीम अंसारी ने कहा कि नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने की शुरुआती आज चिरुडीह गांव से किया गया है, यह कार्यकर्ताओं जोड़ो अभियान अभी जारी रहेगा। इस बीच भाकपा माले समेत अन्य पार्टियों को छोड़ दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा जिन्हें मुख्य अतिथि सलीम अंसारी ने फूल माला और पार्टी का पटा देकर पार्टी में स्वागत किया गया। मौके पर युवा अध्यक्ष निरंजन वर्मा, युवा संगठन अध्यक्ष सलीम अंसारी अल्पसंख्यक के महामंत्री इकरामुल अंसारी कांग्रेस नेता आबिद अंसारी, डॉ आशिक अंसारी, ईस्माइल अंसारी, मंजूर अंसारी, जमाल अंसारी, सकुर अंसारी, कयूम अंसारी, इसराइल अंसारी, करीम अंसारी, वाशिम अख्तर, मुस्तफा अन्सारी, अब्दुल रहमान ,अस्तफ़ा अंसारी, ताज हसन समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## स्मृति वृक्ष लगाकर ज्योतिषविद स्व. जगदीश चौबे को दी गई श्रद्धांजलि



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ख्यातिप्राप्त ज्योतिषविद और सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के निधन पर परिवार सहित झरिया के लोगों ने चिल्ड्रेन पार्क में आम का पौधा लगा कर श्रद्धांजलि दिया। सर्वप्रथम ज्येष्ठ पुत्र प्रधुम्न चौबे ने स्व. जगदीश चौबे की तस्वीर पर मालार्पण किया। फिर उनके पुत्र, पुत्रबधू, पोता, पोती सहित सभी लोगों ने पुष्पांजलि दी।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर उपायुक्त ने किया बलियापुर प्रखंड का दौरा





प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के मद्देनजर रविवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने बलियापुर प्रखंड अंतर्गत मोदीडीह ग्राम स्थित हवाई पट्टी का दौरा किया। मौके पर उन्होंने हवाई पट्टी को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने स्थल पर वाहनों की पार्किंग, मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि लोगों के शिविर तक आने हेतु सुविधा, शिविर के दौरान लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। वहीं उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों को स्टाल लगाकर स्टॉल के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित व उनकी शिकायतों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खुदिया नदी के किनारे मिला अज्ञात महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस



**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चॉच लाइन पार मुंडा धौड़ा, महतो पाड़ा के रास्ते मैदान के समीप खुदिया नदी किनारे जंगल में रविवार को लगभग 30 वर्षीय एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महिला का शव अधनंगी अवस्था मे मिलने से क्षेत्र में कई प्रकार के चर्चा भी हो रहे हैं। वहीं लोगों का यह भी कहना है महिला विक्षिप्त थी। कुछ दिनों से यहां वहां घूम रही थी। मौत का कारण ठंड के रूप में भी देखा जा रहा है। इधर खबर पाकर पंचेत पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है की रिपोर्ट आने के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है। फिलहाल पंचेत पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पश्चिमी टुंडी स्थित मछियारा पंचायत सचिवालय में आज रविवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो पहुंचे और मुखिया चांदमुनी देवी की संयुक्त उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बताया जाता है कि झारखंड सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में आवेदकों की काफी भीड़ देखी गई। शिविर में पहुंचे सभी लाभुकों को इस शिविर के माध्यम से भरपूर लाभ उठाने की अपील विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। सर्वप्रथम शिक्षा विभाग के द्वारा जाति प्रमाण पत्र साइकिल के लिए अनुदान समेत कई योजनाओं का वितरण किया।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बुरा बर्ताव करने वाली सुपरवाइजर पर जल्द कार्रवाई करें विभाग, नहीं तो करेंगे आंदोलन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया में आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ किये गये बुरे बर्ताव को लेकर सरिया हाई स्कूल स्टेडियम में आंगनबाड़ी सेविका संघ सरिया प्रखंड इकाई की एक बैठक रविवार को आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से बागोडीह पंचायत अंतर्गत चार सेविकाओं के साथ आंगनबाड़ी कार्यलय की महिला सुपरवाइजर के द्वारा कान पड़कर उठक बैठक करवाने के मामले को लेकर दोषी सुपरवाइजर पर कार्रवाई की मांग को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड राज्य और कर्मचारियों संघ के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह नयन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासंघ के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह नयन ने कहा कि अगर सेविका द्वारा किसी भी तरह की गलती हुआ था तो उसे विभाग के द्वारा जांच कर गलती पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई किया जाना चाहिए था । ना की सुपरवाइजर के द्वारा स्वयं न्यायपालिका बन कर कार्यालय में बुला कर दंडित करने का कार्य । और इस गलत घटना का तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया में वायरल करना जैसी घटना इसे कतई माफ नहीं किया जा सकता है । दोषी सुपरवाइजर को जब तक विभाग से कड़ी कार्रवाई करते हुए निलंबन जैसी कार्रवाई नहीं की जाती है। तो एक सप्ताह के बाद गिरिडीह जिला समाहरणालय के समक्ष जिला भर की सेविका धरना प्रदर्शन कार्यक्रम करेगी और अनिश्चितकालीन तक हड़ताल जैसे आंदोलन के भी निर्णय लिए जा सकते हैं । इसलिए प्रशासन अभिलंब इस पर कार्रवाई करें। वहीं उन्होंने बताया कि अगर बाल विकास परियोजना विभाग के सुपरवाइजर इस तरह के कार्य करते हैं तो इसमें सीडीपीओ की भी संलिपता से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## अटल सम्मान समारोह में सैल्यूट तिरंगा संस्था महान हस्तियों को करेगी सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सैल्यूट तिरंगा संस्था के झारखण्ड प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता बॉबी पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 16 दिसंबर को दिल्ली मे संस्था के संस्थापक राजेश झा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर के जानकारी दी है कि उनकी संस्था के द्वारा आगामी 26 दिसंबर को होने वाले अटल सम्मान समारोह के बारे मे पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपयी के 99वें जन्मदिन के उपलक्ष पर देश की महान हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश के गवर्नर शिव प्रताप शुक्ला होंगे। साथ ही कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में देश की महान हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

## शहीद श्यामल चक्रवर्ती की शहादत दिवस मनाने का निर्णय




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को शहीद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति एवं मार्क्सवादी युवा मोर्चा की संयुक्त बैठक मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने की एवं संचालन जिला सचिव राणा चटराज ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 3 जनवरी 2024 को आईआईटी आईएसएम के प्रथम गेट पर शहीद श्यामल चक्रवर्ती की शहादत दिवस पर माल्यार्पण, श्रद्धांजलि सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बगोदर विधायक विनोद सिंह को बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मसास जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान ने कहा कि 3 जनवरी 1991 को धनबाद में साझा शहादत देने वाले रणधीर प्रसाद वर्मा तत्कालीन एसपी एवं आम नागरिक श्यामल चक्रवर्ती द्वारा दी गई शासक- शोषक वर्ग की तत्कालीन सरकार ने अपने वफादार एसपी को अशोक चक्र से नवाजा तथा भरपूर सम्मान दिया। मगर आगे बढ़कर शहादत देने वाले श्यामल चक्रवर्ती की पूर्णतः उपेक्षा कर दी गई, परंतु आम नागरिकों के दिलों में राज करने वाले श्यामल चक्रवर्ती एक प्रेरणा स्तंभ के रूप में खड़े हैं। आतंकवादी खालिस्तान बैंक लुटेरों से सरकारी संपत्ति की रक्षा में अतुलनीय शहादत रही है। बैठक में मुख्य रूप से स्मारक समिति का सचिव समीर गोस्वामी, महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, सुभाष चटर्जी, सुभाष सिंह, जयदीप बनर्जी, बादल सरकार, नरेश पासवान, टोनी बनर्जी, शिबू चक्रवर्ती, विश्वजीत राय, राजेश बिरुआ, सुरजीत चंद्रा, मोहम्मद औरंगजेब, भोला ताम्रकार, हसमत खान आदि उपस्थित थे।

## महंगाई-बेरोजगारी के लिए केंद्र की भाजपा सरकार जिम्मेवार झारखंड को नहीं मिल रहा वाजिब अधिकार : राजेश यादव

### 18 को धनवार में संकल्प सभा की तैयारी पूरी, लोगों से सभा सफल करने की अपील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** केंद्र की भाजपा सरकार देश में कमरतोड़ महंगाई और अभूतपूर्व बेरोजगारी के लिए सीधे तौर पर जिम्मेवार है। यही नहीं, केंद्र सरकार झारखंड को टैक्स का वाजिब हिस्सा भी नहीं दे रही है। जल-जंगल-जमीन सहित अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को कंपनियों के हवाले किया जा रहा है। ऐसे में झारखंड सहित देश की भी बर्बादी तय है। उक्त बातें भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने आज बेंगाबाद प्रखंड के चंदनियां गांव में स्थानीय लोगों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कही, जिसका आयोजन कल 18 दिसंबर को धनवार में होने वाली भाजपा हटाओ, देश बचाओ संकल्प सभा की तैयारी को लेकर की गई थी।

माले नेता ने कहा कि, इस इलाके में बड़े पैमाने पर आदिवासी सहित अन्य गरीब वन भूमि में रहते और खेती-बारी करते हैं, लेकिन आज तक उन्हें वन भूमि का पट्टा नहीं मिल पाया है।

उल्टे धीरे- धीरे उन्हें वन भूमि से ही बेदखल करने की साजिश की जा रही है। यह सब नहीं चलेगा। लोगों को मिल-जुल कर लड़ना होगा। यादव ने लोगों से बढ़ चढ़ कर धनवार संकल्प सभा में भाग लेने की अपील की। बैठक में मौजूद लोगों ने माले नेता की अपील पर सभा में भाग लेने का ऐलान भी किया।

## विधायक ने डीएफएमटी फंड द्वारा पीडब्लूडी रोड़ का किया शिलान्यास



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी टुंडी क्षेत्र अंतर्गत शंकरडीह कमारडीह भाया पिपराटांड गोपीनाथडीह स्थित पी डब्लू डी रोड़ का शिलान्यास टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो की संयुक्त उपस्थिति में आज रविवार को शिलान्यास किया गया। बताया जाता है कि यह रोड़ काफी विवादास्पद रोड़ था इस रोड़ के निर्माण नहीं होने से लोग चुनाव का बहिष्कार तक कर चुके थे एवं करीब दस सालों से लोग इस सड़क निर्माण का बाट जोह रहे थे पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के अथक प्रयास से आज इस रोड़ का निर्माण होने जा रहा है।इस कार्य को लेकर सभी लोग टुंडी विधायक की काफी प्रशंसा कर रहे हैं । उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो नेता एवं मुखिया समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ओबीसी मोर्चा की पंचायत स्तरीय कमिटी गठन को लेकर बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया(गिरिडीह) :** रविवार को सरिया प्रखंड ओबीसी मोर्चा की पंचायत स्तरीय कमेटी गठन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सरिया प्रखंड के 21 पंचायत में पंचायत कमेटी गठित करने को लेकर पंचायत पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई। जो आगामी दो सप्ताह के अंदर ओबीसी समाज के अंतर्गत आने वाले सभी वर्ग के लोगों को सम्मिलित करते हुए पंचायत स्तरीय कमेटी गठन का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष सतदेव प्रसाद वर्मा ने कहा कि मोर्चा सामाजिक हितों में बढ़-चढ़कर कार्य करने एवं 27 प्रतिशत आरक्षण मेरा अधिकार के मुद्दों के साथ अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रखना हमारी मुख्य उद्देश्य है। साथ ही ओबीसी समाज के अंतर्गत आने वाले छोटे-छोटे मामलों को प्रखंड स्तर या पंचायत स्तर पर ही निष्पादन कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करते हुए प्रखंड व राज्य की विकास में अपनी महती योगदान देने पर चर्चाएं की गई। वहीं उन्होंने कहा कि समाज के लोग अधिक से अधिक शिक्षित होकर एक अच्छे मुकाम पर पहुंचे। उसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा रोजगार पूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने पर भी बोल दिया गया। साथ ही बोला गया कि जो भी समाज के किसी भी वर्ग के लोग उच्च पद व मुकाम को हासिल करते हैं।

## महाप्रबंधक ने स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का लिया जायजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने दानापुर मंडल के नटेसर, इस्लामपुर एवं दनियावां स्टेशनों का निरीक्षण कर स्टेशन पर साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, सर्कुलेटिंग एरिया, एफओबी सहित यात्री सुविधा से जुड़े विविध पहलुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्टेशनों पर विकसित की जाने वाली विभिन्न यात्री सुविधाओं का जायज़ा भी लिया । निरीक्षण के प्रारंभ में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल नटेसर पहुंचे जहां उन्होंने नटेसर जं. स्टेशन के प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, रिले रूम एवं स्टेशन मास्टर कार्यालय का गहन निरीक्षण किया तथा रेल कर्मियों को संरक्षा के संबंध में हमेशा सतर्क रहने का निर्देश दियें। तत्पश्चात उन्होंने इसलामपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, फुटऑवर ब्रिज एवं पैनल का गहन निरीक्षण किया गया तथा पोर्टर रवि कुमार को त्वरित फायर एक्सटिंग्युसर ऑपरेट करने के लिए 500/- रू.का पुरूस्कार देने की घोषणा की। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक महोदय दनियावां स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने प्लेटफॉर्म एवं पैनल का गहन निरीक्षण किया गया तथा स्टेशन प्रबंधक तथा रेलकर्मियों से संरक्षा संबंधी फिड बैक लिए एवं आवश्यक निर्देश दिए। महाप्रबंधक महोदय दनियावां में उपस्थित मीडिया कर्मियों से रेलवे में चल रहें विकासत्मक कार्यो की चर्चा भी की। निरीक्षण के अंत में महाप्रबंधक फतुहा स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्टेशन पर उपस्थित गुड्स शेड के हैंडलरों से वार्ता किए एवं स्पष्ट निर्देश दिए कि एक दिन में एक लाईन पर न्यूनतम दो रेकों का अनलोडिंग होना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा डोनेट फॉर देश अभियान : शकील अहमद

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि कांग्रेस कमिटी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व ऑनलाइन चंदा एकत्र करने के लिए डोनेट फॉर देश नाम से अभियान शुरू करने का फैसला किया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणु गोपाल के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 18 दिसंबर को इस अभियान की शुरुआत करेंगे। देश के मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी 28 दिसंबर को अपने 138 वें स्थापना दिवस से पहले इस अभियान के माध्यम से लोगों से 138 रुपया 1380 रुपया 13800 या फिर इसे 10 गुना की राशि चंदे के रूप में देने की अपील करेगी। कांग्रेस को चंदा एकत्र करने के अपने ऑनलाइन अभियान डोनेट फॉर देश की शुरुआत की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह पहल 1920- 21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज कोष से प्रेरित है।

### धीरज प्रसाद साहू के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी बर्दाश्त नहीं : हैहय समाज

**लोहरदगा :** विगत 6 दिसम्बर को माननीय राज्यसभा सांसद व इनके परिवार के प्रतिष्ठानों व आवास में आयकर विभाग द्वारा छापामारी कर लगभग 350 करोड़ नकद बरामदगी की बात सामने आने के बाद विभिन्न राजनीतिक संगठनों से सम्बंधित लोगों द्वारा हैहय समाज के अभिवावक सह राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को लक्ष्य बनाकर उनके खिलाफ अनर्गल बयानबाज़ी कर व्यक्तिगत हमला किया जा रहा है, जो कि अक्षरशः गलत है। अभीतक आयकर विभाग भी आधिकारिक बयान जारी कर बरामद रुपये को काला धन की श्रेणी में नही रखा है। अभी इसपर सम्पूर्ण कार्रवाई करते हुए कम से कम 6 माह की अवधि लगेगी। तब अंतिम निष्कर्ष आयेगा कि यह कालाधन है या सफेद धन। फिर ऐसी क्या परिस्थिति उतपन्न हो गयी है कि राजनीतिक संगठन के लोग स्वघोषित आयकर पदाधिकारी व न्यायाधीश की तरह धीरज प्रसाद साहू जी को अपराधी घोषित करने में तुले हुए हैं।

# सुदेश महतो ने स्वर्गीय कमल किशोर भगत की प्रतिमा का किया अनावरण

## कहा, कार्यकर्ता उनके विचारों को जन-जन के हृदय में करें स्थापित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर लोहरदगा जिला आजसू कार्यालय परिसर में स्व कमल किशोर भगत जी की प्रतिमा स्थापित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि मैंने कमल किशोर भगत जी की प्रतिमा को लोहरदगा के हृदयस्थली में स्थापित कर दी है अब पार्टी के सभी कार्यकर्ता और समर्थकों का यह दायित्व है कि कमल किशोर भगत जी की विचारों को जन-जन के हृदय में स्थापित करें। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कई पार्टियों के बड़े-बड़े नेता आंदोलन के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करते रहे और आंदोलन को बेचते रहे परंतु रांची जैसे शहर में आंदोलन को जमीन पर उतारते हुए अलग झारखंड राज्य के लिए आंदोलन का ईमानदारी के साथ यदि किसी ने बीजारोपण किया तो उसका नाम कमल किशोर भगत है। सच्चे अर्थों में वे आंदोलनजीवी पुरुष थे। आजसू पार्टी और झारखंड को सही दिशा देते हुए उन्होंने अपना प्राण न्योछावर कर दिया । उन्होंने कहा कि नेता को जनता के साथ कैसे भाई और बेटा बनकर रहना चाहिए यह हम जैसे नेताओं को सीख देने का काम कमल किशोर भगत ने किया। विशिष्ट अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि कमल किशोर भगत जी के साथ लंबे समय तक मुझे रहने का, राजनीतिक क्षेत्र में काम करने का और बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। मैंने उनकी जनता एवं पार्टी के प्रति कर्तव्य निष्ठा को हमेशा प्रेरणा का स्रोत माना। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा की कमल किशोर भगत सादा जीवन और उच्च विचार के प्रतीक थे। क्षेत्र की जनता के साथ उनके परिवार का सदस्य बनकर रहना उनका दिनचर्या था। वह अपना समय गांव में ही बिताया करते थे और राजनीतिक तामझाम को कभी उन्होंने आत्मसात नहीं किया।

# बालक यीशु के आगमन की खुशी में होता है क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन : विधायक भूषण बाड़ा

➲ मुड़ीया चर्च में एवं कुरडेग चर्च में धूमधाम से मना क्रिसमस गैदरिंग, क्रिसमस गीतों पर झूमे लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा सदर प्रखंड के मुड़ीया चर्च में एवं कुरडेग केंदूटोली में पारिस स्तरीय क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। दोनों ही स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उनके साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल हुईं। मुड़िया चर्च में फादर सुशील गुड़िया,फादर सुमन कुल्लू के द्वारा पवित्र मिस्सा बलिदान चढ़ाया। जबकि कुरडेग चर्च में फादर सुनील तिर्की,फादर बिपिन सोरेंग, फादर अभिनाश टोप्पो,फादर अमृत ने मिस्सा बलिदान चढ़ाया। मौके पर चरणी में आशीष जल का छिड़काव भी किया गया। अपने संदेश में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सच्चाई व मानव सेवा करने के लिए प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रभु ने दुख भोग कर जिस तरह मानव की सेवा की थी, उसी प्रकार हम सभी को भी आगे आना होगा। विधायक ने कहा कि बालक यीशु के आगमन के खुशी में क्रिसमस गैदरिंग समारोह होता है। क्रिसमस का पर्व आपसी भाईचारा और प्रेम का संदेश देता है। लोगों को जीने का तरीका सिखाता है। विधायक ने खीस्तीय विश्वासियों से प्रभु यीशु के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मौके पर मुड़िया चर्च में आयोजित कार्यक्रम में उप प्रमुख सिलबेस्टर बाघवर, उर्मिला केरकेट्टा, सिस्टर सुषमा कुजूर, सिस्टर ज्योति, सिस्टर ब्यात्रिष, सिस्टर मुकुल, मुखिया दुर्गा मुंडा, पूर्व मुखिया मुक्ता तिर्की, मरियानुस डुंगडुंग सहित काफी संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित थे। जबकि कुरडेग चर्च में आयोजित कार्यक्रम मे कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो, ब्रदर आनद, ब्रदर संदीप, ब्रदर निरल लकड़ा, ब्रदर अमित, सिस्टर निर्मला, सिस्टर रश्मि, सिस्टर दिव्य, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, पीटर खाखा, जोंशन बेक, प्रिंसी लकड़ा, उर्मिला केरकेट्टा, ज्ञान कुजूर, आदि भारी संख्या में मसीही विश्वासी शामिल थे।

# जिप सदस्य द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण का किया गया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा पंचायत अन्तर्गत नौदी ग्राम में विशेष प्रमंडल द्वारा जिला अनवध निधि से बनने वाला सामुदायिक भवन का शिलान्यास जिप सदस्य राधा तिर्की तथा गाँव के मनी पाहन द्वारा आदिवासी रिति रिवाज के अनुसार पूजन करने के उपरान्त विधिवत नारियल फोड़कर किया गया। वही जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा बताया गया कि विशेष प्रमंडल द्वारा जिला अनवध के माध्यम से करीब 41 लाख की लागत से निर्मित होने वला सामुदायिक भवन निर्माण के लिये शिलान्यास किया गया। साथ ही कहा की नौदी के ग्रामीण जनता द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण की मांग पूर्व से किया जा रहा था। जो आज ग्रामीणों का सपना साकार हो रहा है। सामुदायिक भवन बन जाने से ग्राम स्तर पर तथा सामाजिक स्तर पर सामूहिक कार्य करने में ग्राम वासियों को सुविधा होगी। मौके पर बिस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव तथा रोहित साहु, मिथलेश मिश्रा, यूनुस अंसारी के अलावे गाँव के पहान पुजार और ग्रामीण महिला पुरुषे उपस्थित थे।

# रूद्र महायज्ञ के सफल संचालन को लेकर यज्ञ समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का विराट आयोजन आदि देवी प्राचीन मंदिर भक्सो में 20 दिसंबर से कलश स्थापना के साथ शुरू होगी, महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति की बैठक रविवार को हु, बैठक में आसपास के गणमान्य एवं प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। बैठक में चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि 1101 कलशों के साथ कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। जिसमे 21 दिसंबर को 10 बजे स्वयं अग्नि देव दर्शन देंगे तथा मध्यान 12:30 बजे से रामलीला, नृत्य एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा जो रात्रि तक चलेगा। 26 दिसंबर को पूर्ण हवन, महाभंडारा एवं विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा। रुद्र महायज्ञ में यज्ञ संरक्षक व संचालक जगताचार्य स्वामी अर्जुनानंद भारती धरहरा होंगे, संगीतमय कथा वृंदावन धाम से पहुंची शिवांजलि किशोरी जी द्वारा किया जाएगा वही यज्ञ के सफल संचालन में साध्वी शिवांजलि किशोर त्यागी, महंत पूज्य मदन दास, स्वामी श्री अवधेश दास, संत श्री हरिदास एवं नागा बाबा अवधूत गिरी, गौ रक्षा प्रमुख त्रिलोकीनाथ बागी होंगे, याज्ञिक श्री शनिदेव भोलू बाबा होंगे आयोजन समिति ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि कलश स्थापना के मौके पर श्रद्धालु पहुंचे,भक्सो कोयल नदी तट से प्रातः 9 बजे पवित्र जल कलश में लेकर कलश यात्रा शुरू की जाएगी।

# स्वच्छता अभियान को जीवन से जोड़ें थाना प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना परिसर में थाना प्रभारी अभिनव कुमार के देख रेख में थाना परिसर प्रांगण में चौकीदारों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर आम लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। वही थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा की प्रति सप्ताह थाना में पुलिस और चौकीदारो द्वारा थाना परिसर और थाना के इर्द गिर्द स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। जिससे थाना परिसर साफ स्वच्छ रहता है। साथ ही कहा कि थाना में आने वाले आम नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिलता है। सफाई कार्यक्रम के पश्चात चौकीदारों का उपस्थिति दर्ज करते हुए सभी को निर्देश दिया गया की क्षेत्र में अपराध गति विधि पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया। साथ चौकीदारों से कहा की वारंट का त्वरित तमिला करायें और गवाहों को न्यायालय में गवाही देने के लिये प्रेरित करते हुए स्थाई वारंटी की गांव में होने की सूचना थाना में दें। मौके पर दुर्गा महली, विफई उरांव, प्रतिमा देवी, बुधवा उरांव, रामचंद्र महतो, रामेश्वर उरांव, परमेश्वर लोहरा, सत्यनारायण सहित सभी चौकीदार उपस्थित थे।

# खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेल तभी आप आगे सफल हो पाएंगे : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के भड़गाँव पंचायत अन्तर्गत कुंदगड़ी उफराटोली खेल मैदान में विश्व अमृत दिवस के अवसर पर एके 47 नव युवक संघ कुंदगड़ी द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आयोजित प्रतियोगिता में बालक वर्ग का 32 टीम भाग लिया है। वही खेल प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारम्भ किया गया। खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल का अभ्यास करें और खिलाड़ीगण खेल को खेल की भावना से खेलें खेल में हार जित लगा रहता है। हार से निराश नही होना चाहिये किसी भी कार्य मे सफलता प्राप्त करने के लिये परिश्रम के साथ निरन्तर अभ्यास जरूरी है। वही प्रतियोगिता का पहला मैच एसटी बॉयज और डीसीएम लोहरदगा के बीच खेला गया। जिसमें एसटी बॉयज की टीम डीसीएम लोहरदगा को 1-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर उमेश उराँव, बालेश्वर उराँव, सुकरा उराँव, सुकेश्वर मास्टर, दीपक उराँव, राजेश उराँव, सूरज उराँव, दिलीप उराँव, दिनेश उराँव सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# आपसी विवाद में मारपीट घायल व्यक्ति की मौत, आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र के पतगेच्छा गांव में आपसी विवाद में मारपीट में घायल स्थानीय निवासी 44 वर्षीय राजेंद्र उरांव की शनिवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शराब के नशे में राजेंद्र का झगड़ा गांव के ही दुर्गा उरांव से गुरुवार को हुआ था। इस दौरान दुर्गा ने उसे धक्का दे दिया जिससे वह सर के बल गिरा और गंभीर चोटे आई थी परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में बगड़ू थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि केस दर्ज करते हुए मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# राममंदिर उद्घाटन कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद की बैठक केरसई महाबीर मंदिर में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अयोध्या से निमंत्रण रूपी अक्षत राम भगवान की तस्वीर और प्रपत्र आया है उसे पंचायत स्तर में बैठक कर एक-एक घर तक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण देनी है, सबों का अयोध्या जाना तो संभव नहीं अपने गांव पंचायत में जो भी मंदिर हो उसी को राम मंदिर का प्रारूप मानकर 22 जनवरी को मंदिर में भजन कीर्तन भंडारा कर टीवी लगाकर सामूहिक रूप से लाइव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखना है साथ ही हर घर मे कम से कम पांच दिए जलाने हैं और इस ऐतिहासिक मौके को दिवाली की तरह मनाना है मौके पर विश्व हिंदू परिषद जिला सिमडेगा मार्गदर्शक सह कार्यकारी अध्यक्ष श्री नारायण दास ने उपस्थित राम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा की हजारों वर्षों के संघर्ष और तपस्या के बाद यह ऐतिहासिक पल आया है की प्रभु श्री राम को उनके आवास उपलब्ध हो रहा है हम सौभाग्यशाली हैं कि इस ऐतिहासिक मौके को हम देख पा रहे हैं अतः 22 जनवरी को अपने-अपने गांव पंचायत प्रखंडों में इस मौके को ऐतिहासिक बनाना है विश्व हिंदू परिषद जिला सिमडेगा के पुरोहित विधाबंधु शास्त्री ने भी लोगों को बताया की किस तरह से हजारों कर सेवकों के बलिदान के बाद आज यह ऐतिहासिक दिन आया है इस मौके को उत्सव के रूप में मानना है ।

# जनसेवा का कार्य कर संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता : गौतम कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा केरसई कार्यसमिति की बैठक नगर भवन में सम्पन्न हुई।सर्वप्रथम प.दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वर्गगीत कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजयुमो केरसई मंडल अध्यक्ष गौतम कुमार ने उपस्थित युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का दायित्व है की क्षेत्र में जनसेवा का कार्य कर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें क्योंकि युवा शक्ति देश के भविष्य हैं वह अपने क्षेत्रों में जनसेवा में अपनी सहभागिता कर ही लोगों की बीच अपनी पैठ जमा सकते हैं साथ ही केंद्र सरकार की जनकल्याण कारी कार्यो का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे इस पर भी फोकस करें। कार्य समिति बैठक को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह केरसई मंडल प्रवासी सुभाष महतो ने कहा कि हम युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को एक दूसरे के सुख-दुख में भाग लेकर अपना दायरा बढ़ाना चाहिए साथ ही मोदी जी के कार्यों को घर घर जा कर बतानी चाहिए।

# इदारा ए शरिया का तहरीके बिरादरी कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा ऐतिहासिक : हाजी अफसर कुरैशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इदारा ए शरिया का तहरीके बेदारी व इसलाहे मोआशरा कॉन्फ्रेंस 18 दिसंबर दिन सोमवार को सुबह 9:00 से लोहरदगा के शहरी क्षेत्र स्थित ईदगाह मैदान इस्लामनगर में होना है। आयोजन को लेकर अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने बताया कि देश में मुस्लिम समाज के शिक्षा स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकार तथा नौकरी व सत्ता में सहभागिता को लेकर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है साथ ही इस कॉन्फ्रेंस में मुस्लिम समाज मे फैले बुराइयों को खत्म करने का संकल्प लिया जाएगा। और झारखंड तथा केंद्र सरकार से यह मांग की जाएगी के आदिवासी और दलित



एक्ट के आधार पर मुसलमानों की जान माल की सुरक्षा और संरक्षण के लिए मुस्लिम एक्ट भी बनाया जाए तथा झारखंड में कादरी यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाए,जिससे कि मुस्लिम समाज के बच्चे अपना शैक्षणिक विकास कर सके उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में गुलाम रसूल बाल्यावी सहित देश के अन्य राज्यों से प्रसिद्ध धर्म गुरुओं को भी आमंत्रित किया गया है साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहरदगा उपयुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की लगभग पूरी तैयारी कर ली गई है उन्होंने लोहरदगा सहित आसपास के जिलों के भी मुस्लिम समाज के लोगों से अपील की है कि वो भी कॉन्फ्रेंस में आए और समाज तथा काम की बेहतरीन के लिए सहयोग करें।

# जिले में जमीन चिन्हित कर विधायक मद से बनाया जाएगा क्रिकेट मैदान : विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** दिवंगत पत्रकार हारून रशीद स्मृति नाइट सर्किल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन शनिवार की देर रात हुआ। फाइनल मुकाबला देखने के लिए कड़कड़ाती ठंड में भी दर्शकों की काफी भीड़ रही। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाडी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी सौरभ कुमार उपस्थित थे। मैच का शुभारंभ अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मैच में अफजाल सीसी की टीम ने केरसई-11 को 69 रनों से हराकर चैंपियन बना। विजेता एवं उपविजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय पहल है। क्रिकेट खेल को आगे बढ़ाया जाएगा। इस क्षेत्र में क्रिकेट खेल मैदान निर्माण के लिए प्रशासन से जमीन चिन्हित कराया जाएगा। खेल मैदान निर्माण के लिए जमीन मिलते ही विधायक मद से जिले में एक क्रिकेट मैदान का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब कोई भी खिलाड़ियों की प्रतिभा दबी हुई नहीं रहेगी। चाहे कोई भी खेल के खिलाड़ी हो। हर खेल के खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का अवसर दिया जाएगा।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शरीर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 79 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, सभी ने वंदे मातरम, भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 50 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ कुमुद अग्रवाल को पुष्प दे कर अभिवादन किया और कहा की सेवा ही परमोधर्म है जरूरतमंदों और असहायों का जितनी भी मदद की जाए कम है, डॉ कुमुद ने कहा की ठंड के मौसम में अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है सचिव जयप्रकाश शर्मा सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं, और यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है, लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल,वजन,हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए, आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, सुबोध महतो, अतुल सर्राफ, अजय पोद्दार, मुकेश कुमार, अफरोज आलम, नीरज खत्री, मोतीलाल अग्रवाल, मनोज साहू, कृष्ण प्रसाद, अंजलि सर्राफ,गीता देवी, डोमन चंद्र कर्मकार,जयरानी कर्मकार, वीरेंद्र गुप्ता,सुनील अग्रवाल, ललिता देवी,सोनिया पोद्दार, आकाश कुमार, शंकर प्रसाद, रश्मि गुप्ता, कृष्ण प्रसाद, प्रभु दयाल साहू, चंपा देवी, अशोक शाह, अनीता देवी, अशोक अग्रवाल, सुरेंद्र प्रसाद, उदय कास्यंकार, सुनीता कुमारी, संगीता बाला, बिंदी बृजबाला शंगा,महिमा मिंज आदि थे।

# घटते बजट-बढ़ते हमलों के साथ मुश्किल है अल्पसंख्यक अधिकारों की रक्षा : सोसाइटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** शरीर का कोई अंग विकसित नहीं हो पाता या विकलांग हो जाता है तो आप पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हो सकते ठीक इसी प्रकार अल्पसंख्यकों के संपूर्ण विकास के बिना भारत कभी विकसित नहीं हो सकता यह बात देश के कर्णधारों और अल्पसंख्यकों दोनों को समझने की जरूरत है। भारत 200 मिलियन मुसलमानों का घर एंव मुसलमान देश का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक वर्ग है जो दशकों से रोजगार, शिक्षा, राजनीतिक शक्ति व अवसर की समानता प्राप्त करने में भेद भाव के शिकार हुए हैं। उपर्युक्त बातें अल्पसंख्यक अधिकार दिवस की पुर्व संध्या पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसाइटी



के प्रवक्ता इमरान खान व महासचिव जुबैर अंसारी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कही। आगे खान कहते हैं कि सत्र 2017-18 में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का बजट 4171.98 करोड़ जो कुल बजट का 0.055 प्रतिशत है जिसमें से 31.69 करोड़ खर्च ही नहीं किए गए। सत्र 2018-19 में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का बजट 4700 करोड़ जो कुल बजट का 0.049 प्रतिशत है जिसमें से 846.99 करोड़ खर्च ही नहीं हुए। सत्र 2019-20 में अल्पसंख्यक बजट 4700 करोड़ जो कुल बजट का 0.048 प्रतिशत है जिसमें से 194.87 करोड़ खर्च नहीं हुए। सत्र 2020-21 में 5029 करोड़ जो कुल बजट का 0.045 प्रतिशत है जिसमें 1030.44 करोड़ खर्च नहीं किए गए। सत्र 2021-22 में 4810.77 करोड़ जो कुल बजट का 0.041 प्रतिशत है जिसमें 485.55 करोड़ खर्च नहीं हुए। सत्र 2022-23 में 5020.50 करोड़ जो कुल बजट का 0.041 प्रतिशत है। इस प्रकार लगातार केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के बजट में कटौती की जा रही है और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की अदुर्शिता के आवंटित राशि खर्च नहीं की जा रही है। इस वर्ष केन्द्र सरकार द्वारा मौलाना आजाद फेलोशिप को बंद कर दिया गया जिसका सीधा असर अल्पसंख्यकों के उच्च शिक्षा पर पड़ रहा है। न्यायमुर्ति सच्चर कमिटि के मुताबिक् 2.6 प्रतिशत मुसलमान ग्रेजुएट है,6-14 आयु वर्ग के 1/4 मुसलमान बच्चे कभी स्कूल गए ही नहीं, मुसलमानों के 17 वर्ष आयु के उपर के मात्र 17 प्रतिशत बच्चे मैट्रिक तक शिक्षा ग्रहण कर पाते हैं,महज 50 प्रतिशत बच्चे ही प्राइमरी शिक्षा ले पाते हैं ऐसे में प्री मैट्रिक स्कोलरशिप को बंद करना अन्याय है। इसके साथ साथ घटता प्रतिनिधित्व भी अल्पसंख्यकों के लिए चिंता का विषय है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सांसद वीडी राम

# पीएम के नेतृत्व में चहमुंखी विकास कर रहा है देश : वीडी राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने गढ़वा जिला के मेराल प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चामा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच में 50 लाख 25 हजार रुपए की चेक प्रदान एवं स्वास्थ्य शिविर का भी उद्घाटन किए। उक्त कार्यक्रम में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। इसके साथ ही साथ मेराल प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत 5 सड़कों कुल 36.5 किलोमीटर, लागत (33 करोड़ 28 लाख रुपए) के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उक्त सड़क निम्नलिखित है- (1) मेराल से करकोमा पीपरा डोलिया होते हुए हासनदाग तक 6.25 किलोमीटर। (2) लखेया मोड़ से हासदाग कजराठ होते हुए डंडई ब्लॉक तक 9 किलोमीटर। (3) ज्ञ05 से तेनार होते हुए बाघी टोला तक 5.50 किलोमीटर।(4) पढ़ुआ मोड़ से पढ़ुआ सिकनी पतरा होते हुए भंडार तक 9.60 किलोमीटर। (5) लगमा एनएच 75 रोड़ से करकोमा होते हुए चामा तक 5.70 किलोमीटर। सांसद श्री राम ने उपरोक्त कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश चारों ओर चहमुंखी विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री जी के सपने 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित देश बनाने को साकार करना है। केन्द्र सरकार द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिलें क्रमशः गढ़वा एवं पलामू के सभी ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना,



सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना और उनके बीच केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें उपरोक्त सभी योजनाओं का लाभ दिलाना है।

#### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय, जिला सांसद प्रतिनिधि श्री प्रमोद चौबे, हरेंद्र द्विवेदी, संजय भगत, प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो, मिथलेश तिवारी,रामसरिख चन्द्रा,गौरीशंकर बिन्द,धनंजय तिवारी,सतीश यादव, चंद्रमणि पाठक, रुपू महतो, मुखिया श्रीमती प्रतिमा देवी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थी।

## तैबा हॉस्पिटल में मेगा रक्तदान शिविर आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** शहर के मदरसा रोड स्थित तैबा हॉस्पिटल परिसर में रविवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह स्थानीय विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। रक्तदान शिविर में 28 यूनिट रक्तदान किया गया। इस मौके पर उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि सबसे महादान रक्तदान है। शरीर के कोई भी अंग को खरीदा जा सकता है। लेकिन वर्तमान आधुनिक युग में भी रक्तदान बनाने की मशीन नहीं बनी है। पूरी दुनिया में इसे मानव द्वारा ही पूरा किया जा रहा है। रक्तदान के प्रति हमारी मानवीय संवेदना की सजगता कायम रहनी चाहिए। हमारा एक यूनिट रक्त किसी के जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसमें समाज के लोग सभी लोगों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी को आगे बढ़कर मानव सेवा करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर को नुकसान होने के बजाए लाभ होता है। रक्तदान कर ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक सहित अन्य बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर सरकार के द्वारा भी जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है।

## वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कोयल रिवर फ्रंट पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फ्लैट और अपार्टमेंट कल्चर से निकलकर बच्चे खुली हवा और धूप में इस आयोजन में आकर बेहद प्रफुल्लित थे। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में थी। ग्रुप ए का विषय था, सड़क सुरक्षा जिसमें प्रथम पुरस्कार मिला रानू कुमार, ग्रुप बी में खुशी कुमारी और ग्रुप सी में अनुराग कुमार को। पुरस्कार वितरण उपमेयर मंगल सिंह के हाथों कराया गया। उन्होंने अपने शब्दों से बच्चों का हौसला बढ़ाया और वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के आयोजन की प्रशंसा की। झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के कोषाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा कार्यक्रम में काफी सक्रिय रहे। समाजसेवी विकास दूबे ने भी अपनी भागिदारी दी। साथ ही टीम के सक्रिय सदस्य राखी सोनी, मयुरेश दुबे, रोहित गुप्ता, कंचन गुप्ता, फरहा नाज़, खुश्बू शर्मा लक्ष्य श्रेष्ठ, सौभाग्य सृजन, दीक्षा कुमारी एवं विवेक वर्मा की मेहनत और लगन से यह आयोजन सफल रहा। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा ने तमाम अभिभावकों एवं स्कूल प्रबंधन से यह अपील की है कि ऐसे आयोजन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए अपने बच्चों को प्रेरित करें। ताकि बच्चे मोबाइल के इस्तेमाल से बचें और जीवन में कुछ सकारात्मक चीजों की ओर अग्रसर हों। इस आयोजन में शामिल तमाम अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन एव प्रतिभागियों का संस्था की सचिव ने आभार व्यक्त किया। विशेष आभार अमनचक्र जी और राजेश कुमार का जिन्होंने जजमेंट का काम किया और पूरी ईमानदारी से रिजल्ट तैयार किया। अधिवक्ता सुभाष कुमार विश्वकर्मा एवं शुभम बिहारी भी इस मौके पर सक्रिय रहे। अंत सभी सदस्यों, प्रतिभागियों एवं अभिभावकों ने तिरंगे के नीचे खड़े होकर जन गण मन गाया और भारत माता की जय का उदघोष किया।

## यदुवंशी समाज में है परिवर्तन करने की पूरी क्षमता : मंत्री मिथिलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा जिला अंतर्गत डंडई प्रखंड के पंचायत रारो फुटबॉल स्टेडियम में रविवार को गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने यदुवंशी सम्राट वीर लोरिक की मूर्ति स्थापना के लिए पूजा अर्चना कर एवं कुदाल चलाकर भूमि पूजन किया। मौके पर यादव समाज के लोगों ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यादव समाज का यह सम्मान मुझे हमेशा याद रहेगा। जब भी यादव समाज सहित अन्य सभी समाज को हमारी आवश्यकता पड़ेगी, मैं हमेशा समाज के कार्यों के लिए खड़ा रहूंगा। मंत्री ने अपने निजी खर्च से वीर लोरिक स्मारक प्रतिमा लगाने की घोषणा की। समाज के लिए एकता बहुत बड़ी पूंजी है। एकता के बदौलत ही आज यदुवंशी समाज धूमधाम के साथ गोवर्धन पूजा मना रहा है। उन्हांने कहा कि वह दिन अब दूर नहीं जब राज्य सरकार प्रदेश भर में हर तरह की योजनाओं को अपने दम पर संचालित करेगा। मंत्री ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार अपने किए वादों को एक-एक कर पूरा कर रही है। उन्होने कहा कि राज्य में 2025 तक एक भी कच्चा मकान देखने को नहीं मिलेगा। झारखंड सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा कि भानु प्रताप शाही जनता का काम करें। जनता उन्हें अच्छी तरह से पहचान चुकी है। झारखंड सरकार द्वारा किए गये कार्यों को अपना कार्य बताना छोड़ दें। आप अपना कार्य करें जनता सब समझ रही है। मंत्री श्री ठाकुर ने यादव समाज से कहा कि आप अपनी शक्ति को पहचानें। आपके समाज में परिवर्तन करने की पूरी क्षमता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, पूर्व विधायक प्रत्याशी केपी यादव, रंजन यादव, प्रमुख दीपमाला कुमारी, वीरेंद्र यादव, कृष्णा यादव, अरविंद यादव, दिलीप गुप्ता, ओमप्रकाश यादव, विनोद यादव सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं यादव समाज के लोग उपस्थित थे।

